* ओड़िशा संस्करण
11 जनवरी, 2024
पौष, कृष्ण पक्ष, अमावस्या
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00
रांची
गुरुवार, वर्ष 09, अंक 82

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

राम मंदिर
प्राण प्रतिष्ठा काउंटडाउन
11 दिन शेष




आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
Subscribe NOW

सर्राफा
सोना (बिक्री) 58,800 रु./10 ग्राम
चांदी 75,000 रु./प्रति किलो

आजाद सिपाही
रांची, गुरुवार, 11 जनवरी, 2024
www.azadsipahi.in



# राम मंदिर से बढ़ती मोदी की साख, विपक्ष बना रहा दूरी

## ■ राम मंदिर कार्यक्रम से दूरी बनाना कांग्रेस को नुकसान पहुंचायेगा

## ■ क्योंकि राम मंदिर सिर्फ एक मंदिर नहीं, करोड़ों सनातनियों का अभिमान है

## ■ 2024 के चुनाव में राम मंदिर बनेगा बड़ा चुनावी मुद्दा

**आजाद सिपाही विशेष**

दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र इन दिनों एक तरफ जहां आम चुनाव की तैयारियों में लगा हुआ है, वहीं दूसरी तरफ अपने आध्यात्मिक पुनर्जागरण, यानी अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के महत्वपूर्ण अनुष्ठान की तैयारियां भी कर रहा है। अयोध्या का मंदिर न केवल दुनिया भर के करोड़ों सनातनियों के पांच सौ साल के सपने के सच होने का प्रमाण है, बल्कि यह भारत की पहचान और स्वाभिमान का भी प्रतीक है। पिछली पांच शताब्दियों में सनातन समाज ने अनगिनत घटनाओं को घटते देखा है, लेकिन प्रभु श्रीराम के मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा इन सभी में सबसे महत्वपूर्ण है, तो स्वाभाविक रूप से इसका राजनीतिक असर भी पड़ेगा। अयोध्या में मंदिर के उद्घाटन का राजनीति पर क्या और कितना असर पड़ रहा है, यह इसी बात से स्पष्ट है कि इसके दो आयामों में से एक पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की निरंतर बढ़ती साख है, तो इसका दूसरा आयाम विपक्ष की बौखलाहट को दर्शाता है। इसलिए विपक्ष के नेता कभी मंदिर की बुराई करते हैं, तो कभी सनातन की। कोई भगवान राम को मांसाहारी कहने लगता है, तो कोई प्राण प्रतिष्ठा के दिन भाजपा द्वारा ब्लास्ट करने का जिक्र करने लगता है। लालू के लाल तेजस्वी भी राम मंदिर बनने से अलग ही बौखलाये हुए हैं। कहते हैं, तबीयत खराब होगी तो अस्पताल जायेंगे या मंदिर? भूख लगेगी तो क्या मंदिर जाने से पेट भरेगा। इस बयान पर भी लोगों में खासा नाराजगी है। खबर तो यह भी है कि राम मंदिर उद्घाटन में सोनिया गांधी और मल्लिकार्जुन खरगे नहीं जा रहे हैं। उनका मानना है कि यह आयोजन भाजपा और आरएसएस का है। खैर अपनी-अपनी सोच और अपनी-अपनी राजनीति। कांग्रेस की भी अपनी मजबूरियां हैं। उसे अल्पसंख्यकों के वोट बैंक पर फोकस करना है। दरअसल, विपक्ष को यह समझ में नहीं आ रहा है कि वे मंदिर और सनातन की जितनी आलोचना या बुराई करेंगे, उनका उतना ही नुकसान होगा, क्योंकि मंदिर की बुराई का असर तो बाद में दिखाई देता है। वे देश-दुनिया में गूंज रही वैदिक मंत्रों की आवाज को भले ही अनसुनी कर दें, लेकिन पीएम मोदी की बढ़ती साख को किसी भी तरह रोक सकने में अब तक असफल ही साबित हुए हैं। राम मंदिर के कारण पीएम मोदी की साख कितनी बढ़ गयी है और इससे विपक्ष में फैली बौखलाहट है, इसके राजनीतिक परिणाम का विश्लेषण कर रहे हैं **आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**



राकेश सिंह

### मोदी का तीन दशक पुराना प्रण भी होगा पूरा

22 जनवरी को भव्य मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का तीन दशक पुराना प्रण भी पूरा होगा। मोदी इस दिन नये मंदिर में मुख्य यजमान के रूप में रामलला की आंखों से पट्टी हटाये जाने के बाद पहला दर्शन करेंगे। इसी के साथ 14 जनवरी 1992 को जन्मभूमि में रामलला के सामने ली गयी उनकी भावपूर्ण प्रतिज्ञा साकार हो जायेगी। 11 दिसंबर 1991 में कन्याकुमारी से शुरू हुई भाजपा की एकता यात्रा 14 जनवरी 92 को अयोध्या पहुंची थी। इस यात्रा में मुरली मनोहर जोशी के साथ आरएसएस के पूर्व प्रचारक और गुजरात भाजपा के महासचिव के रूप में नरेंद्र मोदी भी आये थे। तब वह जन्मभूमि में दर्शन करने गये थे। इस दौरान उन्होंने प्रतिज्ञा ली थी कि अब मंदिर में रामलला के विराजमान होने के बाद दर्शन करने आयेंगे।

### यह वैचारिक जीत है

अयोध्या की फिजाओं में इस वक्त मंत्रों की आवाज गूंजने के साथ भगवा रंग के झंडे लहरा रहे हैं। लंबे समय से चले आ रहे विवाद की धुंध के बीच राम मंदिर उभरता दिख रहा है। इसकी चमचमाती गुंबदें मानों जैसे किसी वादे के पूरा होने की गवाही दे रही हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए यह सिर्फ ईंट और गारे से बनी इमारत नहीं, बल्कि यह उनकी वैचारिक जीत है। इस कार्यक्रम सक्रिय भागीदारी से मोदी खुद को हिंदुत्व का सबसे बड़ा नाम बनाने की दिशा में काफी आगे बढ़ गये हैं। सामाजिक, ऐतिहासिक और राजनीतिक नजरिये से देखें, तो एक बात साफ हो जाती है कि यह राम मंदिर न्याय और विजय का प्रतीक है। इसके साथ ही यह सनातन धर्मावलंबियों के पांच सौ साल के सपनों का प्रतिनिधित्व भी करता है। हालांकि यह माना जा सकता है कि राजनीतिक रूप से भाजपा के लिए यह एक राजनीतिक जीत का प्रतीक है। इसे मिशन 2024 भी कहा जा सकता है। भाजपा ने भले ही पहले भी ध्रुवीकरण और धार्मिक भावनाओं की राजनीति की हो, पर मोदी ने इसे अपना हथियार बना लिया है। उनका हिंदुत्व का आह्वान अब देखते ही देखते विकास की राजनीति के केंद्र में आकर खड़ा हो गया है। इस दिशा में चलाये गये पिछले अभियान पृष्ठभूमि में फीके पड़ते दिख रहे हैं। चुनावी रंगमंच को अगर कुछ देर के लिए अलग भी रख दें, तो 22 जनवरी का राम मंदिर का उद्घाटन देश के सांस्कृतिक परिवेश में एक बड़ा बदलाव है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ लंबे समय से हिंदू पहचान से जुड़े अपने लक्ष्य पर जोर देता आया है, जो मोदी का हिंदुत्व का नेतृत्व है। हिंदू राष्ट्र का यह दृष्टिकोण सामाजिक गतिशीलता को फिर से लिखने, अधिकारों को फिर से परिभाषित करने और राष्ट्र के तौर पर हमारे आगे के रास्तों को पूरी तरह नया आकार देने की क्षमता रखता है।

### 2024 चुनाव के पहले बजाया गया रणनीतिक राजनीतिक बिगुल

राम मंदिर का उद्घाटन और इसके लिए चुना गया समय कहीं ना कहीं 2024 के लोकसभा चुनाव की शुरुआत है। आगामी चुनाव नरेंद्र मोदी के ऐतिहासिक तीसरे कार्यकाल के लिए की जा रही



कोशिशों का प्रतीक है, जो ऐतिहासिक क्षण हो सकता है। 2024 का लोकसभा चुनाव मोदी और गृह मंत्री अमित शाह के तालमेल से चल रही भाजपा के रणनीतिक कौशल को भी रेखांकित करेगा। सुप्रीम कोर्ट के फैसले को भुनाते हुए मोदी ने तेजी के साथ कानूनी, सामाजिक, राजनीतिक, प्रशासनिक और आर्थिक मशीनरी का उपयोग मंदिर के सपने को साकार करने में किया। इस जीत ने ना सिर्फ भाजपा के स्टैंड को मजबूत किया है, बल्कि उसकी राजनीतिक साख को कहीं ऊपर उठा दिया है। यह भाजपा के राजनीतिक सफर का एक यादगार और महत्वपूर्ण अध्याय बन गया है।

### ...और बड़ा होता मोदी का राजनीतिक कैनवास

हिंदुत्व की गूंज के बीच राम मंदिर निर्माण की शुरुआत से अब विमर्श पूरी तरह से मोदी को हिंदुत्व के नेता के रूप में देखने की तरफ चला गया है। भाजपा के नेतृत्व का इतिहास उठा कर अगर देखें, तो पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी भगवा पार्टी कहे जानेवाले इस राजनीतिक दल के चेहरे के रूप में उभरे थे। पर उनकी छवि कहीं न कहीं भारत के हिंदुत्व का पर्याय नहीं बनी थी। मंदिर के साथ ही नरेंद्र मोदी ने वह मुकाम हासिल कर लिया है। हिंदुत्व को लेकर भाजपा का साफ नजरिया इस महत्व को बढ़ाता है। इससे संकेत मिलता है कि 2024 के आम चुनावों में हिंदुत्व और ध्रुवीकरण की राजनीति को केंद्र में लाने की कोशिश होगी। राम मंदिर का मुद्दा राजनीतिक विमर्श पर हावी होने के लिए तैयार है, जो राष्ट्रवाद और हिंदुत्व की कहानी आगे बढ़ा रहा है। अब लोगों की भावनाओं को ध्यान में रखते हुए विपक्ष इसका मुकाबला करने के लिए किस तरह की रणनीति बनाता है, यह देखने वाली बात होगी।

### बदलते सामाजिक और सांस्कृतिक प्रतिमान

राम मंदिर का उद्घाटन धार्मिक उत्सवों से इतर सामाजिक-राजनीतिक भूचाल का भी संकेत दे रहा है। मोदी की हिंदुत्व वाली लीडरशिप मंदिर को सिर्फ मंदिर नहीं, बल्कि हिंदू राष्ट्र के प्रतीक के तौर पर देख रही है। इसमें कुछ गलत भी नहीं है। पर गौर करनेवाली बात यह है कि यह सांस्कृतिक पुनरुत्थान सामाजिक क्षेत्रों में नये सवाल खड़े कर रहा है। भारत के इतिहास में तुलनात्मक रूप से देखा जाये, तो मंदिर उद्घाटन को लेकर इस तरह के देशव्यापी उत्सव काफी कम रहे हैं। यही वजह है कि यह मौका भारत की विविधतापूर्ण, बहुलतावादी और धर्मनिरपेक्ष छवि को उजागर करने वाले बदलाव की आशंकाओं को जगा रहा है।

### विपक्ष का अयोध्या मुद्दे से मुंह मोड़ लेना

विपक्षी दलों की तरफ देखें, तो वहां से विरोध या असहमति की कोई आवाज नहीं, बल्कि एक शांति है। एक तरफ जहां अयोध्या में भगवा झंडों के बीच लगते नारों का शोर है, उसी दौरान विपक्षी दलों ने शांत रहना चुना है। सैद्धांतिक रूप से यह उचित भले ही हो, लेकिन रणनीतिक रूप से यह चुप्पी वास्तव में आत्मघाती है। विपक्ष को यह नहीं भूलना चाहिए कि अयोध्या मुद्दे ने पीएम मोदी को राम मंदिर के स्वर्ण गुंबद से भी कहीं ज्यादा भव्य जीत दिलायी है। इसलिए विपक्ष अब जितना इस मुद्दे पर बिफरेगा, मोदी उतने ही मजबूत होते जायेंगे। फिर एक बात तो अब स्पष्ट है और वह यह कि कोई भी भारतीय राजनीतिक दल धार्मिक प्रचार-प्रसार से अछूता नहीं है। कांग्रेस ने इसमें हाथ आजमाया है और क्षेत्रीय दलों ने इसका आनंद उठाया है। ऐसे में मंदिर और सनातन की आलोचना विपक्ष की बौखलाहट को ही दर्शाता है।

### सोनिया और खरगे के नहीं जाने से होगा नुकसान

कांग्रेस ने राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में नहीं जाने का फैसला किया है। सोनिया गांधी और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने 22 जनवरी को होनेवाले कार्यक्रम में जाने से मना कर दिया है। यही नहीं, लोकसभा में कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी भी इस कार्यक्रम में नहीं जायेंगे। कांग्रेस ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि यह कार्यक्रम भाजपा और आरएसएस का है। कांग्रेस ने कहा कि पिछले महीने कांग्रेस अध्यक्ष खरगे, कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी और लोकसभा में कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी को राम मंदिर उद्घाटन का निमंत्रण मिला था। कांग्रेस ने कहा कि ये कार्यक्रम बीजेपी और आरएसएस का है। पार्टी ने आरोप लगाया कि बीजेपी मंदिर का उद्घाटन केवल चुनावी लाभ उठाने के लिए कर रही है। सोनिया गांधी, खरगे और चौधरी ने बीजेपी और आरएसएस के इस आयोजन के निमंत्रण को ससम्मान अस्वीकार करते हैं। जाहिर है, आयोजन से दूरी बनाने में कांग्रेस का ही अहित होगा। कांग्रेस यह भी कह सकती थी कि उसके नेता 22 जनवरी के बाद अयोध्या जायेंगे, लेकिन उसने सीधे-सीधे मना कर दिया।

### कांग्रेस की नजर पूरे देश के अल्पसंख्यक वोटों पर

दरअसल, विशेषज्ञ कांग्रेस के इस दांव के पीछे पार्टी की चुनावी बिसात की बात कर रहे हैं। लोकसभा चुनाव में पार्टी की नजर पूरे देश के अल्पसंख्यक वोटों पर है। पार्टी चुनाव से पहले किसी ऐसी पहल से अपने को मुश्किल में नहीं डालेगी। इसे भाजपा और आरएसएस का कार्यक्रम बता कर देश की सबसे पुरानी पार्टी ने दांव भी चल दिया है। राम मंदिर का एजेंडा भाजपा के घोषणापत्र का हिस्सा था। भगवा दल अब उसे पूरा करके निश्चित तौर पर इसका सियासी लाभ लेना चाहेगा। तो कांग्रेस ने भी इसी तर्क के साथ राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम से पल्ला झाड़ लिया है।

### विपक्ष को अपनी कलई खोलने पर मजबूर किया मोदी ने

यह भी दिलचस्प है कि चुनावी मुकाबलों के ग्रैंडमास्टर मोदी ने इस अखाड़े को ही अब एक जाल में तब्दील कर दिया है। उन्होंने अयोध्या का निमंत्रण देकर विपक्ष को अपनी कलई खोलने पर मजबूर कर दिया। अब या तो विपक्ष समारोह का बहिष्कार कर हिंदू मतदाताओं से विमुख होने का जोखिम उठाये या फिर इसमें शामिल हो और आस्था के राजनीतिक हनन में सहभागी करार दिया जाये।

क्या इसका मतलब यह है कि विपक्ष पूरी तरह से लड़खड़ा गया है। यह जरूरी नहीं है, लेकिन 2024 तक का उसका रास्ता अब उसके खुद के खोदे हुए कुएं से होकर गुजरता है। अब विपक्ष को मोदी की भगवा दृष्टि का एक सम्मोहक विकल्प पेश करना होगा। यही नहीं, एक बड़ी चुनौती यह भी है कि उसे अवसरवादी दिखाई दिये बिना धर्म और पहचान के नाजुक इलाके से गुजरना होगा। एक और बात यह है कि भले ही विपक्ष ने अपनी धर्मनिरपेक्ष साख को बरकरार रखा है, लेकिन उसने मोदी को वह सौंप दिया है, जो वह चाहते थे। अगर अब विपक्ष को फिर से उठना है, तो यह एक नये युद्ध के मैदान पर होगा, एक नयी राजनीतिक रणनीति की मांग होगी। समय ही बतायेगा कि क्या विपक्ष के पास एकता और उस जमीन को दोबारा हासिल करने की दृष्टि है, जिसे उसने अपनी मर्जी से मोदी को हस्तांतरित कर दिया है।

---

# छत्तीसगढ़ से अयोध्या श्रीराम की दर्शन यात्रा जल्द : विष्णु देव साय

**इंडोर स्टेडियम में आयोजित कार्यकर्ता अभिनंदन समारोह में शामिल हुए मुख्यमंत्री**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय बुधवार को राजधानी रायपुर स्थित इंडोर स्टेडियम में आयोजित कार्यकर्ता अभिनंदन समारोह में शामिल हुए। मुख्यमंत्री श्री साय ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि यह समारोह हमारे कार्यकर्ता बंधुओं का है। भाजपा कार्यकर्ताओं की पार्टी है, हमारे सभी कार्यकर्ताओं ने तन मन धन से परिश्रम की पराकाष्ठा करते हुए ऐतिहासिक बहुमत से 54 सीट दिलायी है। यह सब आप सभी की बदौलत हुआ है। इससे पहले ही हमारी तीन बार सरकार रही है लेकिन इतना वोट प्रतिशत कभी नहीं बढ़ा। श्री साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ की जनता ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर बहुत बड़ा विश्वास किया है। मोदी की गारंटी पर भरोसा किया है। मैं छत्तीसगढ़ की जनता को प्रणाम करता हूं। ओम माथुर जब छत्तीसगढ़ के प्रभारी बनकर आये तो वह कहा करते थे निश्चित ही हमारी सरकार बनी थी, हम सबने ये देखा कि यह कैसे संभव हुआ। हमारे केंद्रीय नेताओं ने प्रदेश के कार्यकर्ताओं का लगातार उत्साह बढ़ाया।



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि हमारी सरकार बने ज्यादा दिन नहीं हुए हैं, लेकिन हमने कई महत्वपूर्ण निर्णय ले लिये हैं। 13 तारीख को शपथ लेने के दूसरे ही दिन 14 दिसंबर को हमने 18 लाख आवासहीन परिवारों के हित में निर्णय लिया। 25 दिसंबर को सुशासन दिवस के दिन हमने 12 लाख से ज्यादा किसानों को 3700 करोड़ रुपये से ज्यादा का बोनस जारी कर दिया है। प्रधानमंत्री मोदी ने छत्तीसगढ़ के युवाओं से वादा किया था कि पीएससी घोटाले की जांच होगी, दोषियों को नहीं बख़्शा जायेगा। हमने दूसरे कैबिनेट बैठक में ही पीएससी घोटाले की सीबीआइ जांच का निर्णय लिया। महतारी वंदन के लिए हमने तीन दिवसीय विधानसभा के सत्र में बजट की व्यवस्था कर ली है, अब जल्द ही विवाहित माताओं-बहनों को प्रतिवर्ष 12 हजार रुपये आर्थिक सहायता देंगे। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि हम जल्द ही छत्तीसगढ़ से अयोध्या श्रीराम जन्मभूमि में दर्शन यात्रा प्रारंभ करेंगे।

अभिनंदन समारोह को उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, कैबिनेट मंत्री बृजमोहन अग्रवाल, सांसद सुनील सोनी ने कार्यकर्ता अभिनदंन समारोह में स्वागत भाषण दिया।

इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री टंकराम वर्मा, सांसद चुन्नी लाल साहू, विधायक अजय चंद्राकर, राजेश मूणत, संपत अग्रवाल, अनुज शर्मा, गुरु खुशवंत साहेब उपस्थित रहे।

---

# भाकपा माओवादियों ने अपने पुराने साथी नेलशन भेंगरा की हत्या की

आजाद सिपाही संवाददाता

**चाइबासा।** झारखंड के पश्चिमी सिंहभूम जिले में भाकपा माओवादी नक्सलियों ने अपने पुराने साथी नेलशन भेंगरा की गोली मार कर हत्या कर दी। मामले में पुलिस कुछ भी बताने से इनकार कर रही है। नेलशन भेंगरा सारंडा जंगल क्षेत्र के जराईकेला थाना अंतर्गत समठा गांव का निवासी था।

नेलशन लंबे समय से बड़े नक्सलियों के साथ जुड़ा था। आरोप है कि वह पुलिस के संपर्क में था। मिली जानकारी के

**नक्सलियों ने पुलिस मुखबिर का लगाया आरोप**

अनुसार, 9 जनवरी की रात लगभग 10 बजे हथियारबंद नक्सली समठा गांव पहुंचे और उसे उसके घर से पकड़ अपने साथ ले गये। नक्सलियों ने नेलशन की पहले जम कर पिटाई की। उसके बाद उसकी गोली मार कर हत्या कर दी।

हालांकि, पुलिस इस मामले में अभी कुछ भी बताने से इनकार कर रही है। मृतक की पत्नी के मुताबिक नेलशन भेंगरा घर से करीब पांच सौ मीटर की दूरी पर स्थित एक निर्माणाधीन पुल में नाइट गार्ड का काम करता था। मंगलवार की शाम करीब सात बजे घर से खाना खाने के बाद ड्यूटी करने के लिए चला गया। रात्रि करीब दस बजे उसने गोली चलने की आवाज सुन सुबह जब घर से बाहर निकली, तो देखा कि घर से करीब दो सौ मीटर की दूरी पर पेड़ के पास उसके पति का शव पड़ा हुआ है। जहां पोस्टर रखा हुआ है। वहीं सारंडा में नक्सली वारदात से एक बार फिर लोगों ने दहशत का माहौल है।

11 जनवरी, 2024
पौष, कृष्ण पक्ष, अमावस्या
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
गुरुवार, वर्ष 09, अंक 82

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही







# राज्य के 17 जिलों के 158 प्रखंड सुखाड़ क्षेत्र घोषित होंगे

**मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में हुई समीक्षा**

**प्रभावित किसानों को तत्काल मिलेंगे 3500 रुपये**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राज्य में इस वर्ष भी कम बारिश की वजह से 17 जिलों के 158 प्रखंडों में सुखाड़ की स्थिति है। झारखंड मंत्रालय में बुधवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकार की बैठक में कृषि विभाग के प्रतिवेदन के आलोक में उपरोक्त सभी प्रखंडों को सुखाड़ क्षेत्र घोषित करने की अनुशंसा की गयी। बैठक में मुख्यमंत्री ने आपदा प्रबंधन विभाग को निर्देश दिया कि इन सभी 158 प्रखंडों को सुखाड़ क्षेत्र घोषित करने संबंधी प्रस्ताव तैयार करें, ताकि उसे मंत्रिपरिषद की बैठक में मंजूरी के लिए रखा जा सके ।



**सहायता राशि के लिए केंद्र को भेजें प्रस्ताव :** मुख्यमंत्री ने आपदा प्रबंधन विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे केंद्र सरकार को सहायता राशि उपलब्ध कराने के लिए प्रस्ताव भेजें, ताकि उस राशि से सूखा प्रभावित किसानों को आर्थिक सहायता दी जा सके।

### प्रभावित किसानों को दी जायेगी अनुग्रहित राशि

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि सुखाड़ से प्रभावित किसानों को राहत देने के लिए समुचित कदम उठाये जायें। उन्होंने गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी सुखाड़ से प्रभावित किसानों को तत्काल राहत के तौर पर 3500 रुपये प्रति किसान अनुग्रहित राशि देने का निर्देश दिया। इसके अलावा वैसे किसान जिनकी फसल कम बारिश की वजह से 33 प्रतिशत तक क्षतिग्रस्त हुई है, उन्हें इनपुट अनुदान राशि का भुगतान किया जायेगा। बैठक में मंत्री बन्ना गुप्ता और बादल, के अलावा आधिकारी मौजूद थे।

## राज्य के 56 कैदियों को किया जायेगा रिहा

**रांची (आजाद सिपाही)।** राज्य के विभिन्न जेलों में आजीवन कारावास की सजा काट रहे 56 कैदी रिहा किये जायेंगे। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में झारखंड राज्य सजा पुनरीक्षण पर्षद की बुधवार को हुई 30वीं बैठक में 109 कैदियों की रिहाई के बिंदु पर समीक्षा के बाद यह सहमति बनी। समीक्षा के क्रम में अदालतों, संबंधित जिलों के पुलिस अधीक्षक, जेल अधीक्षक और जिला प्रोबेशन पदाधिकारियों के मंतव्य पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया।

**पुनर्वास की व्यवस्था हो :** मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि जो कैदी जेल से रिहा किये जाते हैं, उनकी लगातार ट्रैकिंग और मॉनिटरिंग होनी चाहिए। इसके अलावा उनके पुनर्वास की दिशा में भी पहल की जाये, ताकि, वे मुख्यधारा में बने रहें। उन्होंने कहा कि अक्सर देखा गया है कि जेल से जो बुजुर्ग कैदी रिहा किये जाते हैं, उन्हें उनका परिवार अपनाने के लिए आगे नहीं आता है। ऐसे में इनको सरकार की यूनिवर्सल पेंशन स्कीम से जोड़ा जाये, ताकि उन्हें इस तरह के हालात में इधर-उधर भटकना नहीं पड़े। उन्होंने यह भी कहा कि रिहा होनेवाले कैदियों को सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिया जाये, ताकि उन्हें जीविकोपार्जन की दिशा में सहूलियत हो सके।

## न्यूज रील्स

### इडी ने प्रीति कुमार को फिर समन भेजा

रांची। प्रीति कुमार को इडी ने फिर से समन भेजा है। इस बार 12 जनवरी को पूछताछ के लिए बुलाया है। इससे पहले 3 जनवरी को पूछताछ के लिए समन भेज कर बुलाया था। गौरतलब है कि प्रीति कुमार को बरियातू स्थित बर्लिन अस्पताल की जमीन से जुड़े मामले में समन भेजा गया है।

### हत्या मामले में एससी से केंद्रीय मंत्री को राहत

नयी दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने इलाहाबाद हाइकोर्ट के उस आदेश को बरकरार रखा है, जिसमें हत्या के मामले में केंद्रीय मंत्री अजय मिश्रा को बरी किये जाने के खिलाफ 2004 में उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा दायर अपील को खारिज कर दिया गया था। मामला 2000 में उत्तर प्रदेश के लखीमपुर खीरी जिले में प्रभात गुप्ता की हत्या से जुड़ा है।

### नौसेना प्रमुख ने लांच किया स्वदेशी ड्रोन

हैदराबाद। अदाणी डिफेंस एंड एयरोस्पेस द्वारा निर्मित दृष्टि 10 स्टार लाइनर ड्रोन का भारतीय नौसेना प्रमुख एडमिरल आर हरि कुमार ने हैदराबाद में लांच किया। फर्म ने कहा कि सभी मौसमों में एकमात्र सैन्य प्लेटफॉर्म है, जो दो हवाई क्षेत्रों में उड़ान भर सकता है। कंपनी ने कहा कि नौसेना के समुद्री अभियानों में शामिल होने के लिए यूएवी हैदराबाद से पोरबंदर तक उड़ान भरेगा।

### बिलकिस के 11 दोषी पुलिस के संपर्क में नहीं

नयी दिल्ली। बिलकिस बानो गैंगरेप के 11 दोषी पुलिस के संपर्क में नहीं है। गुजरात के दाहोद एसपी बलराम मीणा ने दावा किया है कि पुलिस के पास दोषियों के सरेंडर करने की जानकारी नहीं है। उन्हें सुप्रीम कोर्ट के उस फैसले की कॉपी भी अब तक नहीं मिली है, जिसमें दोषियों को दो हफ्ते में सरेंडर करने को कहा गया है।

# सोनिया-खड़गे ने रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का निमंत्रण ठुकराया

## कहा, भाजपा और आरएसएस ने राजनीतिक फायदे के लिए इसे इवेंट बनाया

- **इस संबंध में सोशल मीडिया पर एक पत्र भी साझा किया गया**

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली दिल्ली।** अयोध्या में 22 जनवरी को होनेवाले राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा समारोह के निमंत्रण को कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी, मौजूदा अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और लोकसभा सांसद अधीर रंजन चौधरी ठुकरा दिया है। वे इसमें शामिल नहीं होंगे। कांग्रेस के महासचिव (संचार) जयराम रमेश ने इसकी जानकारी दी है। साथ ही इस संबंध में सोशल मीडिया पर एक पत्र भी साझा किया गया है।

**बयान में क्या कहा गया है:** पार्टी की ओर जारी बयान में कहा गया कि पिछले महीने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी और लोकसभा में कांग्रेस संसदीय दल के नेता अधीर रंजन चौधरी को अयोध्या में राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा का निमंत्रण मिला। भगवान राम की पूजा-अर्चना करोड़ों भारतीय करते हैं। धर्म मनुष्य का व्यक्तिगत विषय होता आया है, लेकिन भाजपा और आरएसएस ने वर्षों से अयोध्या में राम मंदिर को एक राजनीतिक परियोजना बना दिया है। बयान में आगे लिखा गया है कि एक अर्द्धनिर्मित मंदिर का उद्घाटन केवल चुनावी लाभ उठाने के लिए ही किया जा रहा है। 2019 के सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय को स्वीकार करते हुए और लोगों की आस्था के सम्मान में मल्लिकार्जुन खड़गे, सोनिया गांधी और अधीर रंजन चौधरी भाजपा और आरएसएस के इस आयोजन के निमंत्रण को ससम्मान अस्वीकार करते हैं।



### 22 जनवरी को है प्राण प्रतिष्ठा

गौरतलब है कि 22 जनवरी की दोपहर नवनिर्मित मंदिर में राम लला की प्राण प्रतिष्ठा होगी। इस दिन देशभर से अध्यात्म, सिनेमा, खेल, विज्ञान और सियासत से जुड़े लोगों को कार्यक्रम में शामिल होने के लिए निमंत्रण भेजा गया है। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सहित कई वीआइपी शामिल होंगे। इसके अलावा साधु-संत, शंकराचार्य आदि भी शामिल हो रहे हैं।

### भाजपा ने साधा निशाना

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बिना नाम लिये विपक्ष पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि एक समय था, जब अयोध्या नाम से कइयों को करंट लगता था। लोग अयोध्या का नाम लेने से भी डरते थे, लेकिन आज पूरी दुनिया अयोध्या आना चाहती है। नये उत्तरप्रदेश में त्रेतायुगीन स्वरूप दिखायी दे रहा है। भाजपा नेता नलिन कोहली ने कहा कि कांग्रेस ने पिछले कुछ दशकों में राम मंदिर के लिए कोई कदम नहीं उठाया। उन्होंने भगवान राम के अस्तित्व को नकार दिया और सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई में देरी की। इसलिए, कांग्रेस पार्टी का आधिकारिक तौर पर यह कहना कि वह राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा में शामिल नहीं होगी, इसमें कोई आश्चर्य नहीं होना चाहिए।

# महाराष्ट्र: शिंदे समेत 16 की विधायकी बरकरार



**स्पीकर ने कहा, उनका गुट ही असली शिवसेना, एकनाथ मुख्यमंत्री बने रहेंगे**

आजाद सिपाही संवाददाता

**मुंबई।** महाराष्ट्र में एकनाथ शिंदे ही मुख्यमंत्री बने रहेंगे। विधानसभा स्पीकर राहुल नार्वेकर ने उनके समेत गुट के 16 विधायकों को अयोग्य करार देने से मना कर दिया। यानी एकनाथ शिंदे समेत सभी 16 विधायकों की सदस्यता बरकरार रहेगी। बुधवार शाम को विधानसभा में 1200 पेजों के फैसले के मुख्य बिंदुओं को पढ़ते हुए स्पीकर ने कहा कि मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के पास शिवसेना के 55 में से 37 विधायक हैं। उनके नेतृत्व वाला गुट ही असली शिवसेना है। चुनाव आयोग ने भी यही फैसला दिया था।

स्पीकर ने कहा कि शिवसेना के 1999 के संविधान के अनुसार, उद्धव ठाकरे के पास एकनाथ शिंदे को विधायक दल के नेता पद से हटाने की कोई शक्ति नहीं है। स्पीकर ने इस पर चुनाव आयोग के फैसले पर भी सहमति जतायी। स्पीकर ने कहा कि पूरा मसला यह है कि असली शिवसेना कौन है? उद्धव ठाकरे गुट और एकनाथ शिंदे गुट दोनों ही इसे लेकर दावा करते हैं और पार्टी के संशोधित संविधान को मानते हैं। लेकिन यह संविधान संशोधन चुनाव आयोग के रिकॉर्ड में ही नहीं है। 2018 में संगठन का जो ढांचा है, उसे ही मान्य रखना होगा। उसके बाद शिवसेना में संगठन के चुनाव ही नहीं हुए थे, जो संविधान के अनुसार जरूरी थे।

# कांग्रेस को पैलेस ग्राउंड से यात्रा निकालने की मंजूरी नहीं

**मणिपुर से 14 को भारत जोड़ो न्याय यात्रा शुरू होनेवाली है**

आजाद सिपाही संवाददता


**इंफाल।** कांग्रेस की भारत जोड़ो न्याय यात्रा की शुरुआत 14 जनवरी को मणिपुर के जिस ग्राउंड से होनी है, उसे मणिपुर सरकार ने मंजूरी नहीं दी है। राज्य के कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष केशम मेघचंद्रा ने बुधवार को मुख्यमंत्री एन बीरेन से मुलाकात की और उनसे इस यात्रा को इंफाल के पैलेस ग्राउंस से शुरू करने की अनुमति देने की गुजारिश की, लेकिन मुख्यमंत्री नहीं माने।केशम ने मीडिया को बताया कि उन्होंने सीएम को मनाने की कोशिश की, लेकिन नहीं मना पाये। उन्होंने कहा कि मैंने मुख्यमंत्री को बताया कि हम इस यात्रा के दौरान कांग्रेस का झंडा नहीं फहरायेंगे, न ही ये यात्रा राजनीतिक होगी। इसके बावजूद सीएम का इनकार करना दुर्भाग्यपूर्ण है। अब हम इस यात्रा को थोउबल जिले में प्राइवेट प्रॉपर्टी से शुरू करने पर विचार कर रहे हैं।

# कर्नाटक विधानसभा के सामने सामूहिक आत्मदाह का प्रयास

**बैंक कर्ज से दबा है परिवार**

आजाद सिपाही संवाददाता

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के बेंगलुरु में बुधवार दोपहर उस वक्त हंगामा मच गया, जब एक परिवार के आठ लोगों ने विधानसभा के सामने आत्मदाह का प्रयास किया। मौके पर मौजूद पुलिस ने उन लोगों को बचाया और हिरासत में ले लिया है। व्यक्ति की पहचान मोहम्मद मुनैद उल्लाह के रूप में हुई है। सभी इनके परिवार के थे, जिनमें तीन बच्चे भी शामिल थे। उल्लाह ने बताया कि अदरक की खेती के लिए बेंगलुरु सिटी को-ऑपरेटिव बैंक से 50 लाख रुपये का कर्ज लिया था। खेती में नुकसान हो गया, इसके बाद भी अब तक 50 लाख रुपये के बदले 95 लाख रुपये बैंक में जमा करा चुका है, पर कर्ज समाप्त नहीं हो रहा। उसने राहत पाने के लिए मंत्री जमीर से भी मदद मांगी थी। उन्होंने आश्वासन दिया था, लेकिन ब्याज कम नह हुआ।




## प्रधानमंत्री ने वाइब्रेंट गुजरात समिट का उद्घाटन किया

# भारत 25 साल के लक्ष्य पर काम कर रहा: मोदी

**वित्त मंत्री ने कहा, भारत 2027-28 तक दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थ व्यवस्था बन सकता**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गांधीनगर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को गांधीनगर में वाइब्रेंट गुजरात समिट के 10वें एडिशन का उद्घाटन किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि भारत अगले 25 वर्षों के लक्ष्य पर काम कर रहा है। जब भारत अपनी आजादी के 100 वर्ष पूरे करेगा, तब तक हमने भारत को विकसित बनाने का लक्ष्य रखा है। संयुक्त अरब अमीरात (यूएइ) के राष्ट्रपति मोहम्मद बिन जायद विश्व के कई अन्य नेता और उद्योगपति कार्यक्रम में शामिल हैं। वहीं मुकेश अंबानी, पंकज पटेल, गौतम अडाणी और लक्ष्मी मित्तल समेत देश-विदेश के दिग्गज कारोबारी समिट में शामिल हुए।



प्रधानमंत्री ने कहा कि इस कार्यक्रम में मेरे भाई और यूएइ के राष्ट्रपति का होना खुशी की बात है। भारत और यूएइ ने अपने रिश्तों को जो नयी ऊंचाई दी है, उसका श्रेय यूएइ के प्रेसिडेंट शेख मोहम्मद बिन जायद को जाता है। दोनों देशों के बीच कई बड़े समझौते हुए हैं। इस मौके पर पोर्ट डेवलपमेंट के लिए संयुक्त अरब अमीरात के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर हुए हैं।

मोदी ने कहा कि भारत की प्राथमिकता फ्यूचरिस्टिक टेक्नोलॉजी, ग्रीन हाइड्रोजन, सेमीकंडक्टर है। इसकी झलक ट्रेड शो में देख सकते हैं। मेरा आग्रह है कि सभी लोग ट्रेड शो जरूर देखें। इन सेक्टर्स में इन्वेस्टमेंट के लिए लगातार नये अवसर बन रहे हैं। अगर भारत की ग्रोथ में इतना मोमेंटम दिख रहा है, तो इसकी वजह बीते 10 साल में किये गये इंफ्रास्ट्रक्चर रिफॉर्म पर फोकस है।

इस मौके पर केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि भारत 2027-28 तक 5 ट्रिलियन डॉलर से अधिक की जीडीपी के साथ दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थ व्यवस्था बन सकता है। साल 2047 तक 30 ट्रिलियन डॉलर होने की उम्मीद है। इसके साथ ही उन्होंने वाइब्रेंट गुजरात ग्लोबल समिट में विजन डॉक्यूमेंट 'विकसित गुजरात@2047' भी जारी किया।





## महत्वपूर्ण खबरें

### मंत्री हफीजुल से मिला नागरिक समिति का शिष्टमंडल



रांची (आजाद सिपाही)। डोरंडा नागरिक समिति उपाध्यक्ष अरशद कुरैशी के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल मंत्री हफीजुल हसन से मिला। समिति ने मंत्री को सम्मानित भी किया। ज्ञापन भी सौंपा। इसमें जिला रांची अरगोड़ा अंचल अंतर्गत डोरंडा क्षेत्र भूमि की मालगुजारी रसीद काटने और भूमि को लीज मुक्त कराने की बात शामिल है। इस पर मंत्री हफीजुल हसन ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन तक आपकी आवाज पहुंचा दूंगा। पूरी कोशिश होगी कि मांगों पर जल्द निर्णय हो। प्रतिनिधिमंडल में अध्यक्ष पप्पू वर्मा, उपाध्यक्ष अरशद कुरैशी, सचिव मो रिजवान, संरक्षक उमेश बर्मन, संरक्षक अरशद अहमद, पूर्व पार्षद राज कुमार सिंटू, जुल्फीकार अली, अन्नू और आदि थे।

### युवा महोत्सव 2024 'कल्पतरु' का रंगारंग आगाज



रांची (आजाद सिपाही)। रांची विश्वविद्यालय के तीन दिवसीय पीजी युवा महोत्सव कल्पतरू का शुभारंभ 10 जनवरी को किया गया। आर्यभट्ट सभागार में इस कार्यक्रम में कुलपति रांची विश्वविद्यालय प्रो (डॉ) अजीत कुमार सिन्हा संग सभी वरीय पदाधिकारियों ने द्वीप प्रज्ज्वलित किया। उसके बाद पीएफए विभाग के छात्र कलाकारों ने राष्ट्रगान, कुलगीत और गणेश वंदना की प्रस्तुति दी। कुलपति डॉ सिन्हा ने सभी छात्रों, शिक्षकों, प्रतिभागियों, आयोजन कमेटी के सदस्यों को इस आयोजन के लिए बधाई दी। उन्होंने युवाओं से कहा कि आप सभी देश के भविष्य हैं और हमारे रांची विश्वविद्यालय के छात्रों में अथाह प्रतिभा है, हमें इसे निखारना है। डीएसडब्ल्यू डॉ सुदेश कुमार साहू ने कहा कि हम छात्रों पढ़ाई के साथ छात्रों के सर्वागीण विकास के लिए प्रयत्नशील हैं। छात्रा शिल्पा ने मोहक शिव स्तुति और प्रिया ने छनन-छनन नाचे गिरधारी ठुमरी नृत्य प्रस्तुत किया। डॉ स्मृति सिंह ने बताया कि कल्पतरू समुद्र मंथन से प्राप्त एक परोपकारी वृक्ष है और यह सारी मनोकामनाओं की पूर्ति करता है। रांची विश्व के उन गिने चुने शहरों में है, जहां यह कल्पतरू वृक्ष है। मौके पर डिप्टी डायरेक्टर सीवीएस डॉ स्मृति सिंह, डॉ विनोद नारायण, डॉ पीके झा, डॉ सुदेश कुमार साहू, प्रोक्टर सह निदेशक सीवीएस डॉ मुकुंद चंद्र मेहता, परीक्षा नियंत्रक आशीष कुमार झा, डॉ बीपी सिन्हा सहित अन्य मौजूद थे।

### टाना भगत दंपतियों को ओल्ड एज होम ले जाने की तैयारी

रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड रत्न से सम्मानित समाजसेवी मुस्तफा अंसारी टाना भगतों का हाल जानने बेड़ो प्रखंड के स्वतंत्रता सेनानियों के गांव हरिहरपुर पंहुचे और उनसे मुलाकात की। इस दौरान असहाय, गरीब वृद्ध टाना भगत खेड़िया टाना भगत उम्र 80 वर्ष, उनकी पत्नी शानो भगताइन उम्र 76 वर्ष, राम लखन भगत उम्र 78 वर्ष, उनकी पत्नी सोहबइत उम्र 75 वर्ष ने अपनी व्यथा सुनायी। बताया कि परिवार के लोगों ने भी उन्हें पूछना छोड़ दिया है। देखभाल करनेवाला कोई नहीं है। मुस्तफा अंसारी ने खस्ता हाल को देखते हुए सरायकेला जिला ओल्ड एज होम के निदेशक ज्ञान से बात कर सारी जानकारी दी। कहा कि दो वृद्ध दंपति को आश्रम में रख लें, तो वह सहर्ष तैयार हो गये, जिन्हें मुस्तफा अंसारी मकर संक्रांति पर्व के बाद वृद्धा आश्रम सरायकेला पंहुचा देंगे।

### बजटीय कार्यशाला में झारखंड चैंबर ने दिये सुझाव




रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड बजट में स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजन के साथ ही सरकार के राजस्व संग्रह में वृद्धि हेतु झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स ने वित्त विभाग द्वारा आयोजित कार्यशाला में शामिल होकर अपने सुझावों से अवगत कराया। चैंबर अध्यक्ष किशोर मंत्री ने वित्त मंत्री द्वारा बजट के लिए सुझाव आमंत्रित किये जाने की प्रक्रिया का स्वागत किया और कहा कि उद्योग लगाने के लिए भूमि की पर्याप्त उपलब्धता जरूरी है। वित मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने झारखंड चैंबर के अध्यक्ष किशोर मंत्री द्वारा सुझाये गये सभी बिंदुओं पर सहानुभूतिपूर्वक विचार के लिए आश्वस्त किया। कार्यशाला में विभिन्न विभागों के सचिव के अलावा चैंबर के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष नीतिन प्रकाश, चाइबासा चैंबर के अध्यक्ष मधुसूदन अग्रवाल, सदस्य प्रमोद चौधरी एवं अन्य सदस्य उपस्थित थे।

# युवक की मौत से उबाल लालपुर चौक किया जाम

## दो घंटे तक यातायात व्यवस्था रही प्रभावित



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** उत्पाद विभाग कार्यालय में युवक की संदिग्ध परिस्थिति में हुई मौत मामले में फिर लालपुर चौक को जाम कर दिया गया। इस कारण दो घंटे तक यातायात व्यवस्था प्रभावित रही। हालांकि सड़क जाम के कारण रूट को डायवर्ट किया गया। इस कारण अन्य सड़कों पर जाम लग गया। मौके पर सिटी डीएसपी दीपक कुमार और थाना प्रभारी ने लोगों को समझाया। कहा कि इस मामले की विभागीय जांच शुरू कर दी गयी है और इस जांच के लिए एक तीन सदस्यीय टीम का गठन किया गया है। गठित टीम जल्द से जल्द इस मामले की रिपोर्ट देगी। काफी समझाने के बाद रोड जाम समाप्त हुआ। जाम की वजह से वाहनों की लंबी कतार लग गयी। ट्रैफिक पुलिस और स्थानीय पुलिस ने वाहनों को दूसरे रास्ते से होकर निकलवाया। इससे पहले 7 जनवरी को भी नितेश विश्वकर्मा उर्फ नितेश लोहरा के शव के साथ परिजनों ने लालपुर चौक को जाम कर दिया था। परिजन प्रशासन और सरकार से न्याय की मांग कर रहे थे।

बताते चलें कि उत्पाद विभाग की टीम ने 6 जनवरी को नितेश लोहरा सहित पांच लोगों को गिरफ्तार किया था। चार लोगों से फाइन लेने के बाद उनको छोड़ दिया गया, लेकिन नितेश को उत्पाद भवन के हाजत में बंद कर दिया गया था। नितेश ने 6 जनवरी की देर शाम उत्पाद भवन के हाजत के बाथरूम में खुदकुशी कर ली थी।

### तीन उत्पाद सब इंस्पेक्टर और सिपाही निलंबित

दूसरी ओर उत्पाद विभाग ने इस मामले में तीन उत्पाद सब इंस्पेक्टर और एक सिपाही को लाइन हाजिर कर दिया है। इनमें उत्पाद सब-इंस्पेक्टर ललित सोरेन, पंकज कुमार, रूपेश कुमार और उत्पाद सिपाही रवि कुमार हैं।

### उत्पाद विभाग की लापरवाही से गयी नीतेश की जान



रांची (आजाद सिपाही)। केंद्रीय सरना समिति के प्रधान कार्यालय में आवश्यक बैठक बबलू मुंडा की अध्यक्षता में बुधवार को हुई। इसमें उत्पाद विभाग के हाजत में नीतेश लोहरा के आत्महत्या पर विमर्श किया गया। कहा गया कि नीतेश लोहरा की मृत्यु (आत्महत्या) संदिग्ध है। अगर यह आत्महत्या है, तो हाजत प्रभारी और अन्य पदाधिकारी कहां थे। इससे साफ पता चलता है कि उत्पाद विभाग के सारे पदाधिकारी और कर्मचारी लापरवाह हैं। इसलिए केंद्रीय सरना समिति के पदाधिकारियों ने एक स्वर में कहा कि नितेश लोहरा का मृत्यु संदिग्ध है। इस लिए रांची जिला प्रशासन से मांग करते हैं कि इसकी निष्पक्ष जांच करे या फिर उच्चस्तरीय जांच हो। बबलू मुंडा ने कहा कि मृतक के परिवार को पचीस लाख मुआवजा और अनुकंपा पर नौकरी मिले। जगलाल पाहन, अशोक उरांव, शिवधन मुंडा, लक्ष्मण मुंडा, विश्वास उरांव, मुकुनूंद मुंडा, संदीप पासवान, झारखंड आंदोलनकारी कुमोद कुमार वर्मा आदि उपस्थित थे।

### आदिवासी लोहरा समाज ने जताया आक्रोश

रांची (आजाद सिपाही)। नीतेश लोहरा की आत्महत्या को लेकर आदिवासी लोहरा समाज ने आक्रोश जताया। लालपुर चौक को जाम करने में इस समाज के लोग भी शामिल हुए। इसके बाद नगर एसपी ने आश्वासन दिया कि एक सप्ताह के अंदर हत्या का अनुसंधान कर दोषियों पर कानूनी कार्रवाई की जायेगी। अभी वर्तमान में मृतक का अंतिम संस्कार के लिए तीन लाख रुपये मुआवजा दिया जायेगा और परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी के लिए भी प्रस्ताव समक्ष अधिकारी के पास भेजा जायेगा। आदिवासी लोहरा समाज के सचिव मोहित कुमार ने कहा कि आने वाले दिनों में आदिवासी मुद्दे पर लोहरा समाज बढ़ चढ़ कर भाग लेगा। प्रेमशाही मुंडा, अजय तिर्की, कुंदरसी मुंडा, अभय भुटकुंवर, प्रकाश मुंडा, पवन तिर्की, शिवटहल नायक, राजेश लिंडा, कुमुदनी करकेट्टा, शीला उरांव समेत अन्य शामिल हुए।

## नीतेश के परिजनों को सहायता की वकालत

**जनतंत्र मोर्चा के अध्यक्ष परिजन से मिले**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** भारतीय जनतंत्र मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष धर्मेंद्र तिवारी, समाज सेवी सुबोध जयसवाल ने नितेश लोहरा के परिजनों से मिल कर सांत्वना दी। नीतेश की मां से लालपुर चौक पर मिले। यहां पूरे आदिवासी संगठन द्वारा लालपुर चौक को जाम कर विरोध प्रदर्शन किया जा रहा था। ज्ञात हो कि 6 जनवरी को उत्पाद विभाग ने नीतेश लोहरा को गिरफ्तार करके रखा और हिरासत में रहने के दौरान नीतेश की मौत हो गयी। कहा कि इसकी जांच होनी चाहिए और दोषियों पर बड़ी कार्रवाई होनी चाहिए।3 उत्पाद विभाग की मनमानी जनता जानती है। रसूखदार पर कार्रवाई नहीं होती है। गरीबों पर कार्रवाई होती है। भारतीय जनतंत्र मोर्चा मुख्यमंत्री से आग्रह करता है कि अविलंब नीतेश की मां या परिजनों को नौकरी दी जाये। साथ ही आर्थिक सहायता भी मिले।

## प्रतापपुर को सीएसआर के तहत सेल देगा मोबाइल मेडिकल यूनिट

**आश्रय फाउंडेशन के साथ किया एमओयू**

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** सेल रांची ने आश्रय फाउंडेशन चतरा के साथ एमओयू पर हस्ताक्षर बुधवार को किया। इस एमओयू के तहत सेल सीएसआर गतिविधियों के सौजन्य से आश्रय फाउंडेशन द्वारा चतरा जिले के प्रतापपुर ब्लॉक में मोबाइल मेडिकल यूनिट चलाया जायेगा। इससे प्रतापपुर चतरा के निवासियों को स्वास्थ्य संबंधित सुविधाएं प्रदान की जायेंगी। इस मौके पर सेल की तरफ से सीजीएम एस परिडा, सीजीएम आरके सिन्हा, जीएम उज्ज्वल भास्कर, जीएम एस भारती, जीएम केएस साहा, जीएम एसटी सेल्वम, प्रबंधक राहुल श्रीवास्तव, प्रबंधक ए तिवारी मौजूद थे। आश्रय फाउंडेशन की तरफ से परियोजना समन्वयक निकुंज व्यास, अमरनाथ गुप्ता मौजूद थे।

## महत्वपूर्ण खबरें

### सीएम आमंत्रण फुटबॉल कप प्रतियोगिता शुरू

रांची (आजाद सिपाही)। पर्यटन, कला, संस्कृति-खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग के तत्वावधान में बुधवार से तीन दिवसीय झारखंड राज्यस्तरीय मुख्यमंत्री फुटबॉल कप प्रतियोगिता शुरू हो गयी। 12 जनवरी तक खेली जाने वाली इस प्रतियोगिता का उद्घाटन विभागीय सचिव मनोज कुमार ने किया। प्रतियोगिता में झारखंड के चार जोन यानी धनबाद, दुमका, चाइबासा और रांची की विजेता-उपविजेता पुरुष-महिला टीम भाग ले रही है। पुरुष वर्ग के पहले मैच में रांची ने सरायकेला खरसावां को 3-2 से हराकर अगले चक्र में प्रवेश किया। दूसरे मैच में पाकुड़ और धनबाद के बीच मैच ड्रा रहा।

### कम्युनिटी आउटरीच कार्यक्रम : सरला बिरला स्कूल के बच्चों ने किया कंबल वितरण



रांची (आजाद सिपाही)। सरला बिरला पब्लिक स्कूल ने जरूरतमंद लोगों की सहायता करने की स्कूल की परंपरा को कायम रखते हुए कम्युनिटी आउटरीच कार्यक्रम शुभेक्षाः एक उद्देश्य के लिए दान का आयोजन किया। छात्रों ने अपने शिक्षकों के साथ रांची जिले के बड़ाम, जराटोली और बीसा गांव में जाकर कंबल वितरित किया। विद्यालय के कार्मिक एवं प्रशासनिक प्रमुख डॉ प्रदीप वर्मा ने विद्यालय द्वारा किये गये प्रयास की प्रशंसा की। प्राचार्या परमजीत कौर ने बच्चों को ऐसे नेक कार्यों में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि दूसरों के जीवन को आरामदायक बनाने के लिए थोड़ा सा प्रयास करने से समाज में बहुत बड़ा बदलाव आता है।

### श्याम सेवा समिति का वार्षिकोत्सव 14 को



रांची (आजाद सिपाही)। श्री श्याम सेवा समिति के वार्षिकोत्सव को लेकर तैयारी तेज हो गयी है। वार्षिकोत्सव 14 जनवरी को मनेगा। इसमें समाजसेवी फतेहचंद दीप प्रज्ज्वलित करेंगे। साथ ही भरत अग्रवाल की देखरेख में भजन प्रस्तुत किया जायेगा। रजनीकांत पाठक और जया द्वारा सुमधुर भजनों की गंगा प्रवाहित की जायेगी। रात को आरती और महाप्रसाद के वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन होगा। सभी कार्यक्रम सेठ रामेश्वरम लाल पोद्दार स्मृति भवन चुटिया परिसर में होंगे। उक्त जानकारी कार्यक्रम संयोजक दीपक अग्रवाल ने दी। बैठक में समिति अध्यक्ष कमल अग्रवाल, पवन अग्रवाल, भरत अग्रवाल, प्रदीप मोदी, रवि गुप्ता, हरिशंकर शर्मा, पंकज सिंघानिया उपस्थित थे।

### विश्व हिंदी दिवस पर चर्चा परिचर्चा

रांची (आजाद सिपाही)। संतोष कॉलेज ऑफ टीचर्स ट्रेनिंग एंड एजुकेशन के बीएड व डीएलएड प्रशिक्षु शिक्षकों में विश्व हिंदी दिवस के अवसर पर चर्चा परिचर्चा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। चर्चा पर चर्चा का विषय था- हिंदी वैश्विक भाषा के रूप में। प्रशिक्षु शिक्षकों ने अपने संबोधन में कहा कि विश्व में हिंदी भाषी लोगों की उपस्थिति अधिक है। हिंदी का बढ़ता प्रयोग विश्व में भारत की मजबूत स्थिति को दर्शाता है। भारत की संस्कृति, ज्ञान एवं दर्शन परंपरा को हिंदी भाषा में जन-जन तक पहुंचाने की आवश्यकता है। आने वाले 25 वर्षों में स्वतंत्रता के अमृत काल में भारत को विकसित राष्ट्र की श्रेणी में शामिल करने के लिए हिंदी के सर्वाधिक प्रयोग को प्राथमिकता देना होगा। इससे जन जुड़ाव और सहभागिता बनी रहेगी। संस्थान की निदेशिका डॉ रश्मि ने कहा कि हिंदी भाषा के प्रति विश्व का आकर्षण बढ़ा है। हिंदी भाषा भारत का समावेशी प्रतिनिधित्व करता है। मौके सभी व्याख्याता गण उपस्थित थे।

### साईंनाथ विश्वविद्यालय के सात छात्रों का बीपीएससी में हुआ चयन



रांची (आजाद सिपाही)। साईं नाथ विश्वविद्यालय के शिक्षा विभाग के सात छात्रों का चयन बिहार लोक सेवा आयोग में पीजीटी एवं टीजीटी टीचर्स पद पर हुआ है। विश्वविद्यालय के कुलपति- प्रो डॉ एसपी अग्रवाल ने छात्रों को इस उपलब्धि पर उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए शुभकामनाएं दी हैं। साथ ही कुलपति ने कहा कि अनुशासन एवं कर्तव्यपरायणता के भाव के साथ-साथ अनुभव का अनुसरण सदैव करें। इससे कर्म क्षेत्र में आपकी संस्था, आपके अध्यापक एवं परिवार का यश फैला सकेंगे। चयनित छात्रों में अंजली कश्यप, अन्नया सुनित, अभिषेक किशोर, ज्योति कुमारी, निलेश कुमार सिंह अरविंद कुमार, विक्रम विकास शामिल हैं।

### सीनी के 50वें स्थापना दिवस पर कई कार्यक्रम



रांची (आजाद सिपाही)। चाइल्ड इन नीड इंस्टीट्यूट(सीनी) स्थापना का 50वीं सालगिरह मना रहा है। स्वर्ण जयंती वर्ष के अवसर पर रांची स्थित होटल लीलेक में सीनी@50 कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सीनी के संस्थापक डॉ समीर चौधरी सहित बड़ी संख्या में संस्था के पूर्ववर्ती और वर्तमान में कार्यरत कर्मियों ने भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलित कर विद्यानंद शर्मा पंकज ( एएमडी, एनएचएम), डॉ कनीनिका मित्रा( सीएफओ, यूनिसेफ), यशी जैन( टीम लीड, दसरा), जयदीप देवघरिया ( ब्यूरो चीफ, टाइम्स ऑफ इंडिया), डॉ एसएस पासवान, एडिशनल प्रोजेक्ट डायरेक्टर, जेएसएसीएस), डॉ आरएन शर्मा, नोडल, आरकेएसके) ने की। अतिथियों ने सीनी के 50 वर्ष की यात्रा और संस्था के योगदान पर अपने विचार व्यक्त किये। सीनी की सीइओ डॉ इंद्राणी भट्टाचार्य ने संस्था के कार्यों और यात्रा को साझा किया। इससे पूर्व स्टेट हेड तन्वी झा ने आगंतुकों का स्वागत किया। इस दौरान जलवायु परिवर्तन और युवाओं के यौन एवं प्रजनन स्वास्थ्य, अधिकार पर एक परिचर्चा का भी आयोजन किया गया। परिचर्चा में रफत फर्जाना, कुमार प्रेमचंद, निधि कुमारी, अनुप होरे, नेहा साइगल ने जलवायु परिवर्तन के कारण युवाओं के यौन एवं प्रजनन स्वास्थ्य पर रहे प्रभावों पर विस्तार से चर्चा की। इस दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाले कार्यकर्ताओं को भी सम्मानित भी किया गया।

## खेल-खिलाड़ी : अनिकेत सर्राफ को झारखंड का सर्वश्रेष्ठ प्लेयर का मिला अवार्ड

# स्टेट से लेकर नेशनल तक अनिकेत का डंका

आजाद सिपाही संवाददाता

**बैडमिंटन में नेशनल गेम में जीता सिल्वर मेडल**

**राज्य स्तरीय स्पोर्ट्स में जीता गोल्ड**



**रांची।** डीएवी गांधीनगर की आठवीं कक्षा का छात्र अनिकेत सर्राफ ने दिल्ली में 7-8 जनवरी को आयोजित डीएवी नेशनल स्पोर्ट्स राष्ट्रीय स्तरीय प्रतियोगिता में अंडर-14 बैडमिंटन प्रतियोगिता में रजत पदक जीत कर झारखंड के मान को बढ़ाया है। बैडमिंटन का उभरता खिलाड़ी अनिकेत सर्राफ ने विगत दो वर्षों से कड़ी मेहनत के साथ जिला स्तरीय कई प्रतियोगिताओं में भाग लेकर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। खेलगांव में भी कई मैच खेला। बैडमिंटन के प्रति जुनून ने इसे बैडमिंटन का राष्ट्रीय खिलाड़ी बनने के मुकाम तक पहुंचाया है। अनिकेत सर्राफ नवंबर में जमशेदपुर में आयोजित क्लस्टर जोन की प्रतियोगिता में अंडर-14 बैडमिंटन प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल जीत कर झारखंड राज्य स्तरीय स्पोर्ट्स प्रतियोगिता के लिए चयनित हुआ। दिसंबर में धनबाद में आयोजित झारखंड राज्य स्तरीय स्पोर्ट्स प्रतियोगिता मे गोल्ड मेडल जीत कर नेशनल गेम्स मे खेलने के लिए चयनित हुआ। धनबाद में आयोजित झारखंड की राज्य स्तरीय स्पोर्ट्स प्रतियोगिता मे अनिकेत सर्राफ को बैडमिंटन में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए झारखंड के सर्वश्रेष्ठ प्लेयर का अवार्ड से सम्मानित किया गया। इस प्रतियोगिता मे झारखंड के 15 से भी अधिक जिलों के डीएवी स्कूल के चयनित बच्चों ने भाग लिया था। दिल्ली में आयोजित नेशनल गेम्स में बैडमिंटन प्रतियोगिता मे डीएवी गांधीनगर उपविजेता रही। अनिकेत सर्राफ को टीम के खिलाड़ी यशवंत और तन्मय का भी सहयोग मिला। उनका भी प्रदर्शन बेहतरीन रहा। टीम के कोच शिक्षक गोविंद झा ने खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया।

### तुपुदाना में की ताबड़तोड़ फायरिंग पांच आरोपी गिरफ्तार

**रांची (आजाद सिपाही)।** राजधानी रांची के तुपुदाना इलाके में इंसलरी चौक के नजदीक एक घर पर अपराधियों ने ताबड़तोड़ फायरिंग की। इस मामले में पुलिस ने पुंदाग इलाके से सन्नी सिंह नामक के युवक सहित पांच युवकों को गिरफ्तार किया है। इस मामले में पुलिस ने तीन लग्जरी वाहन और तीन जिंदा गोली बरामद किया है। मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार की रात 10 बजे तुपुदाना थाना क्षेत्र में आनंद कुमार सिंह उर्फ कालू के घर के वाहनों से करीब ढेड़ दर्जन युवक हथियार से लैश होकर पहुंचे थे। इसके बाद घर पर आधा दर्जन से ज्यादा राउंड फायरिंग की गयी।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW


वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 25.0 °c | 12.7 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 17.28 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 06.17 बजे |



### सीएम हेमंत सोरेन, बाबूलाल मरांडी, सुदेश सहित नेताओं-कार्यकर्ताओं ने दी जस्टिस एलपीएन शाहदेव को श्रद्धांजलि, कहा

# जस्टिस शाहदेव के योगदान को झारखंड कभी भुला नहीं सकता







आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड आंदोलनकारी जस्टिस एलपीएन शाहदेव की 12 वीं पुण्यतिथि पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, मंत्री रामेश्वर उरांव, झारखंड के नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी, पूर्व उपमुख्यमंत्री और आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो, भाजपा के संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, सांसद डॉ निशिकांत दुबे, संजय सेठ, दीपक प्रकाश, विधायक सीपी सिंह सहित कई नेताओं और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने श्रद्धा सुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

जस्टिस एलपीएन शाहदेव की 12वीं पुण्यतिथि पर बुधवार को राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने जस्टिस शाहदेव को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि जस्टिस एलपीएन शाहदेव न्यायिक सेवा में होते हुए भी झारखंड आंदोलन को उन्होंने बिना किसी दल के बंधन में बंधे हुए अपनी बौद्धिक ऊर्जा से सींचा था। आने वाली पीढ़ियों को उनके दिखाये गये मार्ग का अनुसरण करना चाहिए। पुण्यतिथि पर मैं सादर श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं।

श्रद्धा सुमन कार्यक्रम की शुरुआत सूचना भवन के सामने स्थित जस्टिस शाहदेव चौक पर हुई। यहां जस्टिस शाहदेव के पुत्र प्रतुल शाहदेव, पुत्रवधू डॉ विद्या झा, पुत्रियां संगीता देव, कीर्ति सिंह, बबीता सिंह, शिल्पी सिंह देव, पौत्री शांभवी, पौत्र शौर्य प्रताप ने पुष्पांजलि अर्पित की।

पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने अहले सुबह जस्टिस शाह देव चौक पर पहुंच कर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि जस्टिस एलपीएन शाहदेव झारखंड के लिए लड़े। झारखंड के लिए जिये। झारखंड की जनता सदैव उनकी ऋणी रहेगी। महत्वपूर्ण पदों में रहते हुए उन्होंने झारखंड को कभी नहीं छोड़ा। वह लगातार प्रयास करते रहे कि झारखंड अलग राज्य बने।

केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा

**केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, मंत्री रामेश्वर उरांव, नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी ने भी दी श्रद्धांजलि**

कि झारखंड अलग राज्य के आंदोलन में उन्होंने महत्वपूर्ण भूमिका निभायी थी। आंदोलन के दौरान वो गिरफ्तार भी हुए थे।

झारखंड सरकार के मंत्री रामेश्वर उरांव ने जस्टिस शाह देव चौक पर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि झारखंड अलग राज्य की आंदोलन में जज साहब ने अहम भूमिका निभायी थी। वह झारखंड के आदिवासी-मूलवासियों को लेकर हमेशा चिंतित रहते थे। उनकी सोच थी कि कैसे शोषण से मुक्त हो झारखंड और यहां के लोग।

झारखंड के नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी ने जस्टिस शाह देव चौक पर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। कहा कि प्रसिद्ध न्यायविद, झारखंड आंदोलन में अग्रणी भूमिका निभानेवाले थे जस्टिस स्व एलपीएन शाहदेव की उनकी पुण्यतिथि पर शत-शत नमन।

पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो ने जस्टिस एलपीएन शाहदेव के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि झारखंड आंदोलन की जब भी चर्चा होगी हमारे शाहदेव जी का नाम कभी भुलाया नहीं जा सकता। झारखंड आंदोलन को गति देने में बौद्धिक रूप से जो प्रमुख लोग खड़े हुए उनमें से जज साहब सबसे आगे थे। उन्होंने पूरे आंदोलन को प्रेरित किया।

भाजपा झारखंड के संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने जस्टिस शाह देव चौक पर पुष्प अर्पण किया और कहा कि झारखंड अलग राज्य बनने में उनकी अहम भूमिका रही है। इन्होंने झारखंड अलग राज्य की लड़ाई में राज्य के सभी तबके के लोगों को एकजुट किया था राज्य के सभी लोगों को इनकी अनुसरण करनी चाहिए।

रांची के सांसद संजय सेठ ने चौक पर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि न्यायपालिका के क्षेत्र में सेवाएं देने के बाद भी झारखंड आंदोलन के लिए सजग और सक्रिय रहने वाले झारखंड आंदोलनकारियों के प्रेरणास्रोत जस्टिस एलपीएन शाहदेव की कर्मठता और कार्यशैली हम सबके लिए अनुकरणीय है।

पूर्व प्रदेश अध्यक्ष और सांसद दीपक प्रकाश ने न्यायमूर्ति शाह देव को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि उन्होंने आंदोलन को एक नयी दिशा दी थी।

रांची के विधायक सीपी सिंह ने जस्टिस शाहदेव चौक पर जाकर जस्टिस शाहदेव के तैल चित्र पर अपना श्रद्धा सुमन अर्पित किया। श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि झारखंड आंदोलन के प्रणेता थे न्यायमूर्ति स्व. एलपीएन शाहदेव। विधायक कमलेश कुमार सिंह ने कहा कि शाहदेव जी न्यायिक सेवा में रहते हुए भी झारखंड को उन्होंने बौद्धिक ऊर्जा से सींचा था। आने वाली पीढ़ियों को उनके बताये मार्ग पर चलने का अनुसरण करना चाहिए। यही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

झारखंड आंदोलनकारी व आजसू के नेता देव शरण भगत ने श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि झारखंड अलग राज्य के आंदोलन में उन्होंने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। आंदोलन के दौरान वो गिरफ्तार भी हुए थे। ज्ञातव्य है इस आंदोलन में जस्टिस शाहदेव के साथ देवशरण भगत भी जुड़े हुए थे।

श्रद्धांजलि अर्पित करने में मुख्य रूप से ज्ञान रंजन, मंटू श्रीवास्तव, प्रेम मित्तल, अजय कुमार, सत्य प्रकाश चंदेल, हसन अली, राजू चौधरी, अंजय सरावगी, चेंबर अध्यक्ष किशोर मंत्री, कुणाल अजमानी, राहुल अवस्थी, डॉ संतोष भगत, उदय चौहान, संदीप शाहदेव, विजय नाथ शाहदेव, धीरेंद्र नाथ शाहदेव, सुरजीत सिंह, पूनम आनंद, भीम प्रभाकर, राजा सिंह, कृष्ण अग्रवाल, संदीप नागपाल, धर्मेंद्र, धीरज, शिवानंद पांडे, रवि, शुभोजित, लोकेश, राहुल, सुमित, गोपाल, धीरज, आनंद, सौरभ, सरफराज आदि शामिल रहे।

## जेएसएससी ने सहायक आचार्य की परीक्षा स्थगित की, अब फरवरी में होगी परीक्षा

रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड कर्मचारी चयन आयोग ने सहायक आचार्य की परीक्षा को स्थगित कर दिया है। यह परीक्षा 12 जनवरी से होनी थी। जेएसएससी ने जारी नोटिस में कहा है कि साथ ही उपरोक्त न्यायादेश के मद्देनजर दिनांक 12.01.2024 से आयोजित की जाने वाली झारखंड प्रारंभिक विद्यालय प्रशिक्षित सहायक आचार्य संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा-2023 कार्यक्रम का पुनर्नियोजन आवश्यक हो गया है और उपरोक्त परीक्षा अब दिनांक-10.02.2024 को हो सकती है। परीक्षा का विस्तृत कार्यक्रम उपरोक्त अनुसार नये ऑनलाइन आवेदन प्राप्त करने की प्रक्रिया पूर्ण होने के पश्चात नये अभ्यर्थियों की संख्या के अनुसार, परीक्षा दिवसों की आवश्यकता का आकलन कर प्रकाशित की जायेगी।

## अडानी फाउंडेशन ने की सेना-पुलिस बहाली के पहले बैच की शुरुआत




बड़कागांव (हजारीबाग)(आजाद सिपाही)।। गोंदलपुरा खनन परियोजना के तहत अडानी फाउंडेशन ने बड़कागांव प्रखंड के युवाओं के लिए सेना बहाली प्रशिक्षण के पहले बैच की शुरुआत कर दी है। खनन परियोजना के कार्यालय परिसर में आयोजित समारोह में द्विस्तरीय स्क्रीनिंग के दौरान सफल पाये गये सभी 30 युवा मौजूद थे। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित बड़कागांव सर्कल इंस्पेक्टर अनिल कुमार ने कहा कि अडानी फाउंडेशन का यह प्रयास सराहनीय है। इस ट्रेनिंग सह कोचिंग से प्रखंड के युवाओं को काफी लाभ मिलेगा। कार्यक्रम में मौजूद बड़कागांव के थाना प्रभारी विनोद तिर्की ने इसे बेहद अच्छा प्रयास बताते हुए कहा कि यहां से प्रशिक्षण पाकर युवा भारतीय सेना, अग्निवीर, सीआरपीएफ, बीएसएफ, आटीबीपी, सीआइएसएफ और पुलिस में बहाल होकर देश की सेवा में जा सकते हैं। साथ ही नौकरी के लिए होने वाली लिखित परीक्षा की तैयारी भी करायी जायेगी। इसके लिए बड़कागांव हाइस्कूल मैदान में आयोजित स्क्रीनिंग टेस्ट में हरली, गाली, बलोदर, सुकुल खपिया, साढ़, शिवाडीह, ढेंगा और महुगाई कला के 160 युवाओं ने हिस्सा लिया था, जिसमें से 30 का अंतिम रूप से चयन किया गया। इस अवसर पर उपमहाप्रबंधक संजय कुमार, उपमहाप्रबंधक (सुरक्षा) पुंडरीक मिश्रा, सेवानिवृत्त पुलिस उपाधीक्षक सूर्य कुमार सिंह और सीएसआर के उपप्रबंधक मोहित गुप्ता समेत अन्य लोग मौजूद थे।

## राजभाषा कार्यान्वयन समिति की हिंदी संगोष्ठी

**आयकर की कटौती पर जानकारी साझा की गयी**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राष्ट्रीय कृषि उच्चतर प्रसंस्करण संस्थान कार्यालय नामकुम परिसर में नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति की हिंदी कार्यशाला सह संगोष्ठी का आयोजन बुधवार को हुआ। मुख्य आयकर आयुक्त कुमार संजय ने इसकी अध्यक्षता की। इसमें केंद्र सरकार के विभिन्न कार्यालयों से लगभग 125 कर्मियों ने भाग लिया। उक्त अवसर पर संस्थान के निदेशक डॉ अभिजित कर भी उपस्थित थे। सदस्य सचिव डॉ सूर्यकांत सामल ने स्वागत किया।




कार्यशाला के विभिन्न विषयों और उसके महत्व के बारे में बताया। इस अवसर पर निदेशक डॉ अभिजित कर ने कार्यशाला की उपयोगिता पर प्रकाश डाला। कहा कि विभिन्न स्रोतों पर आयकर की कटौती एक महत्वपूर्ण विषय है, जिसके बारे में सभी करदाताओं को जानना आवश्यक है। कार्यशाला के प्रथम सत्र में भारासे के मनीष झा ने विभिन्न स्रोतों पर आयकर की कटौती के विषय के बारे में व्याख्यान प्रस्तुत किया। द्वितीय सत्र में प्रबंधक अंकिता रानी ने हिन्दी कंठस्थ टूल्स और डॉ अंजेश कुमार ने अनुभवों को साझा किया। विक्रम साव ने धन्वयवाद ज्ञापन किया।

## सीजीएल परीक्षा का एडमिट कार्ड जल्द

**रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड राज्य कर्मचारी चयन आयोग ने झारखंड सामान्य स्नातक योग्यताधारी संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा को लेकर जानकारी दी है। परीक्षा 28 जनवरी और 4 फरवरी को होनी है। इसके लिए आयोग ने नोटिफिकेशन जारी कर दिया है। बताया गया है कि एडमिट कार्ड जेएसएसएससी की आधिकारिक वेबसाइट पर जल्द ही जारी कर दिया जायेगा। बता दें कि पूर्व में आयोग ने परीक्षा लेने में असमर्थता जतायी थी। इसके कारण 16-17 दिसंबर को होनेवाली परीक्षा स्थगित कर दी गयी थी।**

## दो अपहरणकर्ता गिरफ्तार, किशोरी सकुशल बरामद

**रांची (आजाद सिपाही)। राजधानी रांची के बरियातू थाना पुलिस ने नाबालिग छात्रा के अपहरण का खुलासा कर लिया है। वहीं अपहृत छात्रा को कोलकाता से सकुशल बरामद किया है। वैन के ड्राइवर ने ही सुनियोजित तरीके से अपहरण की घटना को अंजाम दिया था। घटना को अंजाम देने से पूर्व कई दिन तक रास्ते की रेकी की गयी थी। गिरफ्तार आरोपियों में डोरंडा थाना क्षेत्र के बेलदार टोला निवासी वैन ड्राइवर मो माजिद रजा और नामकुम थाना क्षेत्र के मौलाना आजाद कॉलोनी रोड नंबर 13 निवासी मो अरबाज अंसारी शामिल है।**

## श्याम मंदिर में श्रीराम का विशेष महोत्सव 22 को

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** श्री श्याम मित्र मंडल की ओर से श्याम मंदिर में श्रीराम का विशेष महोत्सव 22 जनवरी को मनेगा। कार्यक्रम सुबह से रात तक होगा। रामनगरी अयोध्या में 550 वर्षों के बाद 22 जनवरी को नये श्रीराम मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा हो रही है। इस कार्यक्रम को लेकर श्री श्याम मित्र मंडल की बैठक अध्यक्ष सुरेश सरावगी की अध्यक्षता में हुई, जिसमें उपरोक्त निर्णय लिया गया। मंडल के सदस्य अजय मारू को कार्यक्रम का संयोजक और मंडल के मंत्री गौरव अग्रवाल मोनू को उपसंयोजक



मनोनीत किया गया। बताया गया कि कार्यक्रम में मंदिर में विराजमान देवी-देवताओं को विशेष पोशाक पहना कर दिव्य शृंगार किया जायेगा। विशेष पूजन अनुष्ठान के बाद हवन होगा। विशेष आरती कर 11000 लड्डू का भोग अर्पित कर दीपोत्सव मनाया जायेगा। कार्यक्रम के संयोजक अजय मारू उपसंयोजक गौरव अग्रवाल मोनू ने बताया कि अयोध्या में होनेवाले कार्यक्रम का सीधा प्रसारण एलइडी स्क्रीन से किया जायेगा। श्रवण ढांढनिया, प्रदीप राजगढ़िया, राजीव रंजन मित्तल, श्यामसुंदर शर्मा, अनिल नारनोली, पंकज गाड़ोदिया, रतन शर्मा, संजय सर्राफ, स्नेह पोद्दार, अनुज मोदी, आशीष डालमिया, अमित समेत अन्य मौजूद थे।

## राम, रामत्व और रामराज का आ गया समय : विनोद बंसल

**कहा- अयोध्या में बनने वाला श्रीराम मंदिर का भारत ही नहीं विश्व में रहने वाले समस्त हिंदू समुदाय के लिए यह अविस्मरणीय पल होगा**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** विश्व हिंदू परिषद के केंद्रीय प्रवक्ता बिनोद बंसल रांची प्रवास के क्रम में बुधवार को रांची के प्रेस क्लब में क्लब के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का स्वागत करते हुए सभी प्रेस के बंधुओं को अयोध्या का पूजित अक्षत और नूतन मंदिर का चित्र देकर 22 जनवरी 2024 को होने वाले 11:00 से 1:00 के बीच के अनुष्ठान में सम्मिलित होने, महाआरती करने तथा रात्रि में भव्य दीपोत्सव मनाने के साथ-साथ अपने समय अनुसार अयोध्या जाने का निमंत्रण दिया। विनोद बंसल ने कहा कि पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के कार्य में वनवासी-जनजाति बंधुओं का महत्वपूर्ण भूमिका रही है। श्री बंसल ने कहा श्रीरामजी के युवा जीवन का 14 वर्ष वनों में रहने वाले सभी जनजातीय और वनवासी बंधुओं के बीच बिताये। उनके अधिकारों की रक्षा किये और उनके ऊपर हुए आघातों का विरोध करते हुए उनके साथ मिलकर लड़े। उसी कारण विद्वान, साधन-संपन्न और महापराक्रमी राक्षसों का राजा रावण पर विजय प्राप्त किये थे। उन्होंने कहा ऐसे भगवान बिरसा मुंडा की पुण्य भूमि को नमन करते हुए सभी जनजातीय और वनवासी बंधु-बांधवों को निमंत्रण करने आया हूं। उन्होंने कहा रामजी की प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम का विश्लेषण करना साधारण बात नहीं है। यह भारत ही नहीं विश्व में रहने वाले समस्त हिंदू समुदाय के लिए यह अविस्मरणीय पल होगा। अयोध्या में बनने वाला श्रीराम मंदिर राष्ट्र मंदिर के रूप में समस्त हिंदू जनमानस की चेतना को जगाता रहेगा। विश्व हिंदू परिषद के प्रांत मंत्री डॉ वीरेंद्र साहू ने क्लब के सभी नवनिर्वाचित सदस्यों को बधाई दी। इस अवसर पर प्रेस क्लब के नवनिर्वाचित अध्यक्ष सुरेंद्र लाल सोरेन, सचिव अमरकांत, कोषाध्यक्ष कुबेर प्रसाद सिंह, सह सचिव रतनलाल, कार्यकारिणी सदस्य संजय, सुमन, मोनू कुमार, विजय कुमार मिश्रा, चंदन भट्टाचार्य को अंग वस्त्र देकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में विशेष रूप से प्रचार प्रसार प्रांत सह प्रमुख प्रकाश रंजन, बजरंग दल विभाग संयोजक प्रिंस आजमानी, महानगर अध्यक्ष कैलाश केसरी, महानगर मंत्री चंद्रदीप दुबे, बजरंग दल महानगर सहसंयोजक दीपक साहू, बृजेश कुमार, विशाल रघुवंशी, कौशल मित्तल सहित अन्य उपस्थित थे।

## मूर्ति तोड़ने की घटना को बताया शर्मनाक

**श्रीराम जानकी मंदिर की मूर्ति को तोड़ने की घटना को धर्मगुरु, महावीर मंडल रांची और कांग्रेस ने शर्मनाक बताया है**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** बरियातू हाउसिंग कॉलोनी के श्रीराम जानकी मंदिर की मूर्ति को तोड़ने की घटना को विभिन्न संगठनों ने निंदा की है। धर्मगुरु, महावीर मंडल रांची और कांग्रेस ने घटना को शर्मनाक बताया है। मूर्ति टूटने के तीसरे दिन महावीर मंडल रांची के अध्यक्ष कुणाल आजमानी, डॉ दिलीप सोनी, श्यामानंद पांडेय, अमरनाथ सरकार सहित कई अन्य लोगों ने मंदिर का जायजा लिया। साथ ही सहयोग की प्रतिबद्धता जतायी। इसके साथ ही कांग्रेस के विनय सिन्हा दीपू, रमाकांत आनंद, बीरेंद्र सिंह, आलोक श्रीवास्तव, राजीव कुमार बक्सी, खुर्शीद हसन, अनवर खान, मुस्लिम मजलिसे ओलमा के राष्ट्रीय अध्यक्ष मुफ्ती अब्दुलाह अजहर कासमी, बरियातू रिम्स दुर्गा मंदिर पुजारी और ब्राह्मण महासंघ नगर सचिव अरुण पांडेय, पुजारी अशोक पांडेय, रमेश पांडेय, मुकेश चंद्र गुरु ने घटना को निंदनीय बताया।


भाकृअनुप-राष्ट्रीय चावल अनुसंधान संस्थान
ICAR-NATIONAL RICE RESEARCH INSTITUTE
कटक-753 006 (ओडिशा), भारत
Cuttack -753 006, (Odisha), India

विज्ञापन संख्या / Advertisement No. 38/AFO/2023-24

भाकृअनुप-राष्ट्रीय चावल अनुसंधान संस्थान, कटक में "कृषि जैव विविधता पर अनुसंधान संकाय प्लेटफॉर्म (सीआरपी)" (ईएपी-204) परियोजना के लिए **एक (01) एग्रीकल्चरल फिल्ड ऑपरेटर** के चयन के लिए प्रत्यक्ष साक्षात्कार दिनांक **17.01.2024** को आयोजित किया जाएगा। आवश्यक योग्यता, आयु, परिलब्धियों की राशि आदि तथा अन्य शर्तों के बारे में जानकारी भाकृअनुप-एनआरआरआई की वेबसाइट **https://icar-nrri.in** पर उपलब्ध हैं।

Walk-in-Interview will be held on **17.01.2024** for selection of **one (01) Agricultural Field Operator (AFO)** at the ICAR-National Rice Research Institute, Cuttack, Odisha in the scheme **"Consortium Research Platform (CRP) on Agro-biodiversity" (EAP-204)**. The details regarding essential qualifications, age, amount of emoluments etc. and other terms and conditions are available in NRRI website- **https://icar-nrri.in.**

प्रधान अन्वेषक/PRINCIPAL INVESTIGATOR



E-mail - mdjscb@jscb.gov.in Ph. No. 0651-2913111
Jharkhand State Cooperative Bank Ltd, Ranchi
1st Floor, Shaheed Chowk, Main Road, Ranchi- 834001

Ref. 3015 Date: 09.01.2024

Jharkhand State Cooperative Bank Ltd. Invites EOI from interested bidders for selection of **Group Term Insurance Plan** for employees of Jharkhand State Cooperative Bank Limited.
Last date for submission of Quotations: **31.01.2024 till 12:00 Noon.**
For eligibility criteria and other details, please visit website : http://www.jscb.gov.in

Sd/-
CEO, JSCB Ranchi


## महत्वपूर्ण खबरें

### डीएसपीएमयू में कोर्ट मार्शल नाटक का मंचन



**रांची (आजाद सिपाही)।** डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय के प्रेक्षागृह में नाटक कोर्ट मार्शल का मंचन किया गया। इसका निर्देशन राष्ट्रीय विद्यालय नयी दिल्ली के एल्युमिनी संजय लाल ने किया। प्रस्तुति में यह दिखाया गया कि आज भी समाज में ऊंच-नीच भेदभाव और जातिवाद व्याप्त है। इसी मुद्दे पर इस नाटक के माध्यम से कड़ा प्रहार किया गया। कर्नल सूरत सिंह की भूमिका में रोशन प्रकाश, कैप्टन राय की भूमिका में नीतू कुमारी, बीडी कपूर की भूमिका में रतन तिग्गा ने अपने अभिनय से दर्शकों को प्रभावित किया। सन्नी शिवगम ने रामचंद्र की मार्मिक भूमिका निभायी। कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्य ने कहा कि ऐसी शुरुआत करके राजधानी रांची के रंगमंच को एक नयी दिशा और गति मिलेगी। रांची के रंगमंच के इतिहास में इसे भूलाया नहीं जा सकता।

### एनआइबीएम में नया बैच जल्द




**रांची (आजाद सिपाही)।** एनआइबीएम में प्रत्येक वर्ष सैकड़ों विद्यार्थी ऑफलाइन और ऑनलाइन की पढ़ाई सुनियोजित और नयी तकनीक का लाभ उठा कर अंतिम रूप से चयनित हो रहे हैं। वर्ष 2021-22 में बैंकिग में अनेकों विद्यार्थी चयनित होकर ज्वाइन भी कर चुके हैं तथा रेलवे, कर्मचारी चयन आयोग की परीक्षा में इनकम टैक्स ऑफिसर, सीबीआइ तथा अनेक सेंट्रल तथा स्टेट लेवल कार्यालय में कार्यरत हैं। संस्थान के निदेशक ने बताया कि यहां के शिक्षकगण पिछले 25 वर्षों से भी अधिक के अनुभवी हैं। एनआईबीएम निदेशक मैथ तथा रिजनिंग का क्लास लेते हैं। यहां बेहतर तथा हजारों पुस्तकों तथा मैगजीन से सुसज्जित बहुत बड़ी लाईब्रेरी है। यहां विद्यार्थी ग्रुप बना कर पढ़ते हैं। संस्थान में नये पैटर्न पर ऑनलाइन टेस्ट के लिए कंप्यूटर लैब है। यहां ट्रेनर विद्यार्थियों को अच्छी तथा सही गाइड लाइन देते है। प्रत्येक दिन क्लास में टोटल डाउट क्लियर किया जाता है। साथ ही तैयारी कर रहे विद्यार्थियों को सफल विद्यार्थियों से तथा विशेषज्ञों द्वारा कैरियर काउंसिलिंग तथा मोटिवेट करवाया जाता है। इससे विद्यार्थी मात्र छह से 12 माह में ही अंतिम रूप से चयनित हो जाते हैं। एनआइबीएम में बिहार, झारखंड, ओड़िशा, पश्चिम बंगाल से विद्यार्थी आकर पढ़ते हैं। अभी बैंक, एसएससी, रेलवे में हजारों रिक्तियां आयी हुई हैं और आने वाली हैं। इसके लिए हिंदी तथा अंग्रेजी माध्यम में नये बैच 19 तथा 22 जनवरी से प्रारंभ हो रहा है। अभी फ्री लाइब्रेरी और रीडिंग रूम की सुविधा दी जा रही है। विशेष जानकारी के लिए 9334726278 तथा 8825250625 पर संपर्क कर सकते हैं।

### रांची मॉल में रांची-इ-महोत्सव 14 को

**रांची (आजाद सिपाही)।** रांची मॉल 14 जनवरी को मकर संक्रांति के अवसर पर एक शानदार इवेंट रांची-इ-महोत्सव का आयोजन कर रहा है। रांची मॉल में लोग विभिन्न उत्सवी और पारंपरिक आचरणों में भाग लेने के लिए एकत्र होगें। यहां आये हुये लोगों के लिये पतंगबाजी प्रतियोगिता, जादू शो, पतंग रंगायी प्रतियोगिता के अलावा रांची-इ-महोत्सव में बाल बेडिंग, लूडो, चेस, और कैरम जैसे क्लासिक खेलों का भी आनंद भी लेंगे। इसके अलावा स्वादिष्ट व्यंजन का आनंद भी ले सकते है।

### महावीर मंडल ने घर-घर बांटा पूजित अक्षत



**रांची (आजाद सिपाही)।** श्री महावीर मंडल डोरंडा केंद्रीय समिति, बाजार मुहल्ला महावीर मंडल के संयुक्त तत्वावधान में बुधवार को डोरंडा बाजार मुहल्ला में अक्षत का वितरण घर-घर जाकर किया गया। मौके पर लोगों को निमंत्रण दिया गया। साथ ही 22 जनवरी को घरों में दीया जलाने और बजरंगबली का पताका लगाने की अपील की गयी। अक्षत के साथ पत्रक, राम मंदिर का प्रारूप भी वितरित किया गया। इस अवसर पर मुख्य संरक्षक बजरंग प्रसाद गुप्ता, अध्यक्ष संजय पोद्दार, मंत्री पप्पू वर्मा, अनिल गुप्ता, विनय गुप्ता, रमेश गुप्ता, उमेश बर्मन, आयुष गुप्ता, शुभम गुप्ता, आयुष गुप्ता, जीतू गुप्ता, आकाश गुप्ता, अमनदीप गुप्ता, मारुति रौनक, बजरंग वर्मा सहित अन्य रामभक्त उपस्थित थे।

# गलती सुधार ली गयी

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को बहुचर्चित बिलकिस बानो गैंगरेप मामले में गुजरात सरकार द्वारा 11 दोषियों को दी गयी माफी रद्द कर दी। इन सबको एक पखवाड़े के अंदर फिर से जेल जाने के लिए कहा गया है। फैसला इस तकनीकी आधार पर दिया गया है कि माफी का यह आदेश गुजरात सरकार के अधिकार क्षेत्र में नहीं आता। यह महाराष्ट्र सरकार के अधिकार क्षेत्र में है, क्योंकि मुकदमा गुजरात में नहीं, महाराष्ट्र में चला था। मगर इस फैसले से जो मुद्दे सामने आये हैं, उन पर गौर करने की जरूरत है। आखिर माफी के ऐसे फैसले अमूमन तत्कालीन राजनीतिक माहौल से जुड़े होते हैं। अगस्त 2022 में गुजरात सरकार द्वारा दिये गये माफी के इस आदेश पर विवाद इसलिए भी हुआ, क्योंकि इस मामले में अपराध का स्वरूप बेहद गंभीर था। इसी वजह से अपराधियों को उम्र कैद की सजा दी गयी। याचिकाकर्ता बिलकिस रसूल 2002 के गुजरात दंगों के दौरान गैंगरेप और हत्या के मामले में पीड़ित थीं। इस घटना में आठ नाबालिगों की हत्या की गयी थी। माफी के इस पूरे घटनाक्रम पर गौर करें, तो इसके राजनीतिक पहलू प्रमुखता से उभर आते हैं। सीबीआइ ने इस मामले की जांच की थी। इसलिए 2019 में माफी की अर्जी आने के बाद उससे भी राय मांगी गयी। एजेंसी का कहना था कि इस मामले में ढिलाई की कोई सूरत नहीं बनती। अगले साल गुजरात के दाहोद जिले के डीएम और एसपी ने भी सीबीआइ के इस रुख की पुष्टि कर दी। उनका भी कहना था कि माफी नहीं दी जानी चाहिए। माफी देने की शक्ति कार्यपालिका के पास है। 2022 में जब जांच एजेंसियों की आरंभिक आपत्तियों के बावजूद माफी का आदेश जारी हुआ, तब राज्य में विधानसभा चुनाव होने वाले थे। दरअसल, सुप्रीम कोर्ट ने गुजरात सरकार के इस फैसले को दो आधारों पर गैरकानूनी बताया है। चूंकि यह मुकदमा महाराष्ट्र में चला, इसलिए गुजरात सरकार को इस बारे में फैसला करने का अधिकार नहीं है, यह बात खुद गुजरात सरकार ने 2022 में मानी थी। इसलिए माफी का आदेश राज्य सरकार की हड़पी हुई ताकत पर आधारित है। यह सुप्रीम कोर्ट द्वारा माफी को रद्द किये जाने का एक कारण रहा। माफी बेशक न्यायिक प्रणाली का अभिन्न हिस्सा है, मगर यह सुनिश्चित करना भी जरूरी है कि इसे राजनीतिक सहूलियत का मामला न बना लिया जाये। जैसे ही सुप्रीम कोर्ट इस निष्कर्ष पर पहुंचा कि गुजरात सरकार ने माफी का आदेश निकालने का अधिकार हड़प लिया है, इससे न्यायिक व्यवस्था के अवमूल्यन का खतरा भी स्पष्ट हो गया। आखिर इंसाफ को नुकसान सिर्फ मनमानी गिरफ्तारी से नहीं होता। संदिग्ध माफी भी इसके लिए उतनी ही नुकसानदेह साबित होती है। इसलिए सुप्रीम कोर्ट का यह फैसला अंततः गलती को सुधारनेवाला ही माना जाना चाहिए।

**गुजरात के बहुचर्चित बिलकिस बानो गैंगरेप मामले में सुप्रीम कोर्ट ने बड़ा फैसला दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने दोषियों को सजा में दी गई छूट को खारिज कर दिया है। दो सप्ताह में दोषियों को फिर से जेल में जाना होगा।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**आज के भारत का मिजाज अयोध्या में स्पष्ट दिखता है। आज यहां प्रगति का उत्सव है, तो कुछ दिन बाद यहां परंपरा का उत्सव भी होगा। आज यहां विकास की भव्यता दिख रही है, तो कुछ दिनों बाद यहां विरासत की भव्यता और दिव्यता दिखने वाली है। दुनिया की सबसे प्राचीन परंपरा, यानी सनातन का जयघोष भी सुनाई देनेवाला है।**

# राष्ट्र के पुनर्निर्माण का आधार बनेगा राम मंदिर

**प्रो संजय द्विवेदी**



**आज** पूरी दुनिया उत्सुकता के साथ 22 जनवरी के ऐतिहासिक क्षण का इंतजार कर रही है। दुनिया में कोई भी देश हो, अगर उसे विकास की नयी ऊंचाई पर पहुंचना है, तो उसे अपनी विरासत को संभालना ही होगा। हमारी विरासत हमें प्रेरणा देती है, हमें सही मार्ग दिखाती है। इसलिए आज का भारत पुरातन और नूतन दोनों को आत्मसात करते हुए आगे बढ़ रहा है। एक समय था, जब अयोध्या में रामलला टेंट में विराजमान थे, लेकिन आज राम मंदिर का भव्य निर्माण हो रहा है। राम मंदिर का निर्माण एक अनथक संघर्ष का प्रतीक है। अयोध्या यानि वह भूमि, जहां कभी युद्ध न हुआ हो। ऐसी भूमि पर कलयुग में एक लंबी लड़ाई चली और त्रेतायुग में पैदा हुए रघुकुल गौरव भगवान श्रीराम को आखिरकार छत नसीब होने वाली है। राजनीति कैसे साधारण विषयों को भी उलझा कर मुद्दे में तब्दील कर देती है, राम जन्मभूमि का विवाद इसका उदाहरण है। आजादी मिलने के समय सोमनाथ मंदिर के साथ ही यह विषय हल हो जाता, तो कितना अच्छा होता। आक्रमणकारियों द्वारा भारत के मंदिरों के साथ क्या किया गया, यह छिपा हुआ तथ्य नहीं है। किंतु उन हजारों मंदिरों की जगह अयोध्या की जन्मभूमि को नहीं रखा जा सकता। एक ऐतिहासिक अन्याय की परिणति आखिरकार ऐतिहासिक न्याय ही होती है। यह बहुत संतोष की बात है कि भारत की न्याय प्रक्रिया के तहत आये फैसले से मंदिर का निर्माण संपन्न हुआ है। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस अर्थ में गौरवशाली हैं कि उनके कार्यकाल में इस विवाद का सौजन्यतापूर्ण हल निकल सका और मंदिर निर्माण हो सका।

**यह संभव नहीं है कि उसके आराध्य इतने लंबे समय तक मुकदमों का सामना करें।**

इस आंदोलन से जुड़े अनेक नायक आज दुनिया में नहीं हैं। उनकी स्मृति आती है। मुझे ध्यान है उत्तर प्रदेश में कांग्रेस के नेता और मंत्री रहे दाऊदयाल खन्ना ने मंदिर के मुद्दे को आठवें दशक में जोर-शोर से उठाया था। उसके साथ ही अशोक सिंघल जैसे नायक का आगमन हुआ और उन्होंने अपनी संगठन क्षमता से इस आंदोलन को जनांदोलन में बदल दिया। संत रामचंद्र परमहंस, महंत अवैद्यनाथ जैसे संत इस आंदोलन से जुड़े और समूचे देश में इसे लेकर एक भावभूमि बनी। तब से लेकर आज तक सरयू नदी ने अनेक जमावड़े और कारसेवा के प्रसंग देखे हैं। सुप्रीम कोर्ट के सुप्रीम फैसले के बाद जिस तरह का संयम हिंदू समाज ने दिखाया, वह भी बहुत महत्व का विषय है। क्या ही अच्छा होता कि इस कार्य को साझी समझ से हल कर लिया जाता। किंतु राजनीतिक आग्रहों ने ऐसा होने नहीं दिया। कई बार जिदें कुछ देकर नहीं जातीं, भरोसा, सद्भाव और भाइचारे पर ग्रहण जरूर लगा देती हैं।

दुनिया के किसी देश में यह संभव नहीं है कि उसके आराध्य इतने लंबे समय तक मुकदमों का सामना करें। किंतु यह हुआ और सारी दुनिया ने इसे देखा। यह भारत के लोकतंत्र, उसके न्यायिक-सामाजिक मूल्यों की स्थापना का समय भी है। यह सिर्फ मंदिर नहीं है, जन्मभूमि है, हमें इसे कभी नहीं भूलना चाहिए। विदेशी आक्रांताओं का मानस क्या रहा होगा, कहने की जरूरत नहीं है। किंतु हर भारतवासी का राम से रिश्ता है, इसमें भी कोई दो राय नहीं है। वे हमारे प्रेरणापुरुष हैं, इतिहास पुरुष हैं और उनकी लोकव्याप्ति विस्मयकारी है। ऐसा लोकनायक न सदियों में हुआ है और न होगा। लोकजीवन में, साहित्य में, इतिहास में, भूगोल में, हमारी प्रदर्शन कलाओं में उनकी उपस्थिति बताती है कि राम किस तरह इस देश का जीवन हैं।

राम शब्द संस्कृत की 'रम' क्रीड़ायाम धातु से बना है, अर्थात हरेक मनुष्य के अंदर रमण करने वाला जो चैतन्य-स्वरूप आत्मा का प्रकाश विद्यमान है, वही राम है। राम को शील-सदाचार, मंगल-मैत्री, करुणा, क्षमा, सौंदर्य और शक्ति का पर्याय माना गया है। कोई व्यक्ति सतत साधना के द्वारा अपने संस्कारों का परिशोधन कर राम के इन तमाम सद्गुणों को अंगीकार कर लेता है, तो उसका चित्त इतना निर्मल और पारदर्शी हो जाता है कि उसे अपने अंतःकरण में राम के अस्तित्व का अहसास होने लगता है। कदाचित यही वह अवस्था है जब संत कबीर के मुख से निकला होगा,

*मोको कहां ढूंढे रे बंदे, मैं तो तेरे पास में*
*ना मैं मंदिर ना मैं मस्जिद, ना काबे कैलास में।*

राम दशरथ और कौशल्या के पुत्र थे। संस्कृत में दशरथ का अर्थ है- दस रथों का मालिक। अर्थात पांच कर्मेंद्रियों और पांच ज्ञानेंद्रियों का स्वामी। कौशल्या का अर्थ है- कुशलता। जब कोई अपनी कर्मेंद्रियों पर संयम रखते हुए अपनी ज्ञानेंद्रियों को मर्यादापूर्वक सन्मार्ग की ओर प्रेरित करता है, तो उसका चित्त स्वाभाविक रूप से राम में रमने लगता है। पूजा-अर्चना की तमाम सामग्रियां उसके लिए गौण हो जाती हैं। ऐसे व्यक्ति का व्यक्तित्व इतना सहज और सरल हो जाता है कि वह जीवन में आने वाली तमाम मुश्किलों का स्थितप्रज्ञ होकर मुस्कुराते हुए सामना कर लेता है। भारतीय जनमानस में राम का महत्व इसलिए नहीं है कि उन्होंने जीवन में इतनी मुश्किलें झेलीं, बल्कि उनका महत्व इसलिए है, क्योंकि उन्होंने उन तमाम कठिनाइयों का सामना बहुत ही सहजता से किया। उन्हें मर्यादा पुरुषोत्तम भी इसलिए कहते हैं, क्योंकि अपने सबसे मुश्किल क्षणों में भी उन्होंने स्वयं को बेहद गरिमापूर्ण रखा।

राम ने जो आदर्श स्थापित किये, उस पर चलना कठिन है। किंतु लोकमन में व्याप्त इस नायक को सबने अपना आदर्श माना। राम सबके हैं। वे कबीर के भी हैं, रहीम के भी हैं, वे गांधी के भी हैं, लोहिया के भी हैं। राम का चरित्र सबको बांधता है। अनेक रामायण और रामचरित पर लिखे गये महाकाव्य इसके उदाहरण हैं। राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त स्वयं लिखते हैं-

*राम तुम्हारा चरित स्वयं ही काव्य है*
*कोई कवि बन जाए, सहज संभाव्य है।*

भगवान श्रीराम भारतीय संस्कृति के ऐसे वटवृक्ष हैं, जिनकी पावन छाया में मानव युग-युग तक जीवन की प्रेरणा और उपदेश लेता रहेगा। जब तक श्रीराम जन-जन के हृदय में जीवित हैं, तब तक भारतीय संस्कृति के मूल तत्व अजर-अमर रहेंगे। श्रीराम भारतीय जन-जीवन में धर्म भावना के प्रतीक हैं, उनमें मानवोचित और देवोचित गुण थे, इसीलिए वे ₹मर्यादा पुरुषोत्तम₹ कहलाए। भगवान श्रीराम का जीवन चरित्र भारत की सीमाओं को लांघकर विदेशियों के लिए भी शांति, प्रेरणा और नवजीवनदायक बनता जा रहा है। श्रीराम धर्म के साक्षात स्वरूप हैं, धर्म के किसी अंग को देखना है, तो राम का जीवन देखिये, आपको धर्म की असली पहचान हो जायेगी। धर्म की पूर्णता उनके जीवन में आद्यंत घटित हुई है।

आज के भारत का मिजाज अयोध्या में स्पष्ट दिखता है। आज यहां प्रगति का उत्सव है, तो कुछ दिन बाद यहां परंपरा का उत्सव भी होगा। आज यहां विकास की भव्यता दिख रही है, तो कुछ दिनों बाद यहां विरासत की भव्यता और दिव्यता दिखने वाली है। यही तो भारत है। विकास और विरासत की यही साझा ताकत, भारत को 21वीं सदी में सबसे आगे ले जायेगी।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

## नीलांबर पीतांबर की जयंती पर विशेष

# देश की आजादी में वीर शहीद नीलांबर-पीतांबर के योगदान को भुलाया नहीं जा सकता

**देश** की आजादी की लड़ाई की बात हो और वीर शहीद नीलांबर पीतांबर का नाम ना लिया जाये यह हो नहीं सकता है। आजादी की लड़ाई में इन दोनों भाइयों के योगदान को भुलाया नहीं जा सकता है। नीलांबर पीतांबर पलामू के दो महान स्वतंत्रता सेनानी थे। जिन्होंने 1857 ई की प्रथम स्वतंत्रता संग्राम में अंग्रेजों के खिलाफ विद्रोह करने में अहम भूमिका निभायी थी। नीलांबर एव पीतांबर शाही भोगता का जन्म 10 जनवरी 1823ई को गढ़वा जिला के भंडरिया स्थित चेमू सेनया गांव में हुआ था। नीलांबर पीतांबर दोनों सहदोर भाई थे। इनके पिता का नाम चेमू सिंह भोगता था।



### भोज के अवसर पर पकड़े गये दोनों भाई

समस्त अंग्रेजी सरकार दोनों भाइयों को पकड़ने के लिए कई बार कोशिश की लेकिन हमेशा दोनों भाइयों ने अंग्रेजों के मंसूबे को कामयाब नहीं होने दिया। लेकिन अंत में कर्नल डाल्टन ने दोनों भाइयों को एक भोज के अवसर पर पकड़ लिया। दोनों भाइयों के खिलाफ एक संक्षिप्त मुकदमा चलाकर 28 मार्च 1859 को उन्हें फांसी पर लटका दिया गया। बाद में दोनों भाइयों की संपत्ति को भी अंग्रेजी हुकूमत द्वारा जब्त कर लिया गया। महज 35 साल की उम्र में दोनों भाइयों ने स्वतंत्रता के आंदोलन में अंग्रेजों के खिलाफ विद्रोह का बिगुल फूंककर अपनी प्राणों की आहुति दे दी।

### भोगता-खरवार का शक्तिशाली संगठन बनाया

अंग्रेजों के खिलाफ लड़ाई के लिए दोनों भाइयों ने भोगता तथा खरवार समुदाय को मिलाकर एक शक्तिशाली संगठन बनाया। पलामू जिला में चेरो तथा खरवार जाति की प्रधानता है। नीलांबर पीतांबर ने अपनी शक्ति को मजबूत करने के लिए चेरो के जागीरदारों से दोस्ती की। उन्हें उनका अधिकार वापस दिलाने की शर्त पर उनका समर्थन प्राप्त किया।

### अंग्रेजों के कैंप पर किया हमला

21 अक्टूबर 1857 ई को दोनों भाइयों के नेतृत्व में चैनपुर, शाहपुर तथा लेस्लीगंज स्थित अंग्रेजों के कैंप पर आक्रमण किया गया। जिसमें वह काफी हद तक सफल रहे। इसी बीच अंग्रेजी सरकार को इन दोनों भाइयों के नेतृत्व की सूचना मिली। जिसके बाद उनका प्रतिरोध करने के लिए मेजर कोर्टर के नेतृत्व में इनको दबाने के लिए एक सैनिक टुकड़ी को भेजा गया। बाद में अंग्रेज सैन्य अधिकारी ग्राहम को भी सैनिक टुकड़ी के सहयोग के लिए भेजा गया। दोनों भइयों ने लोगों को अंग्रेजों के खिलाफ गोलबंद किया। नीलांबर-पीतांबर के विद्रोह को कुचलने के लिए डाल्टन ने एक बड़ी सेना लेकर 27 जनवरी, 1858 में पलामू किले पर आक्रमण कर दिया था। अंग्रेजी सेना ने पलामू किले को तीनों ओर से घेर कर तोपों से अंधाधुंध गोले दागे थे। इससे उसमें छिपे नीलांबर-पीतांबर और उनके साथी किसी तरह घने जंगल के रास्ते भागने में सफल रहे थे। यद्यपि उन्हें भारी मात्रा में अपने हथियार और रसद छोड़ कर भागना पड़ा था। इस दौरान अंग्रेजों को पलामू किले से बाबू कुंवर सिंह के भाई अमर सिंह का लिखा पत्र एक थैले से मिला। इसके दूसरे दिन 28 जनवरी, 1858 को डाल्टन के संदेह के आधार पर मनिका के निकट टिकैत उनारस सिंह और उनके दीवान शेख भिखारी को विद्रोह में शामिल रहने के अभियोग में पकड़ लिया गया था।

### डाल्टन ने चेमू सनेया को घेरा

13 फरवरी,1858 को पहली बार डाल्टन अपने सैनिकों के साथ नीलांबर-पीतांबर के गांव चेमू सनेया पहुंचा था। उस समय उसने चेमू और सनेया दोनों गांवों को तीनों ओर से घेर कर मजबूत मोर्चा बना लिया था, लेकिन इस दौरान भी अंग्रेज सैनिकों को कड़ा विरोध झेलना पड़ा। पलामू गजेटियर में इस बात का उल्लेख है कि नीलांबर-पीतांबर को पकड़ने के लिए डाल्टन को लगातार 23 फरवरी तक कोयल नदी के किनारे चेमू गांव में डेरा डालना पड़ा था, लेकिन इसके बाद भी वह दोनो भाइयों और उनके साथियों को पकड़ने में विफल रहा। इस बीच डाल्टन काफी थक चुका था। इसके कारण वह हाथ मलते हुए डालटनगंज लौटने को मजबूर हो गया। इस दौरान नीलांबर-पीतांबर और उनके साथियों को भी राशन-पानी खत्म हो जाने एवं लगातार लड़ाई में थक जाने की वजह से पहाड़ियों की ओर भाग कर शरण लेनी पड़ी थी। 10 दिनों से लगातार अभियान के दौरान विद्रोहियों के हमले में अंग्रेज सैनिकों को काफी नुकसान उठाना पड़ा था। डाल्टन के अनेक सैनिक मारे गये थे और दर्जनों सैनिक बुरी तरह से घायल हुए थे। रामगढ़ अश्वसेना का एक दफादार जैसे ही चेमू गांव को पूरी तरह से जलाने का आदेश दे दिया। 22 फरवरी को डाल्टन के लौटने के पूर्व चेमू गांव के घर में तोड़ फोड़ करते हुए उसे आग लगा कर पूरी तरह से नष्ट कर दिया गया। इसके दूसरे दिन 23 फरवरी को इसी तरह सनेया गांव को भी नष्ट कर दिया गया। यहां तक कि ग्रामीणों के अनाज और उनके मवेशियों पर भी अंग्रेज सैनिकों ने कब्जा कर लिया।

## जमशेदपुर की खबरें

# ऐतिहासिक सेरेंगसिया घाटी शहीद दिवस 2 फरवरी को

**शहीद स्मारक समिति ने किया मंथन, शहीद दिवस पर फुटबॉल प्रतियोगिता 30 से**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**चाइबासा।** कोल्हान का ऐतिहासिक सेरेंगसिया घाटी शहीद दिवस 2 फरवरी को आयोजित होगा। इसकी तैयारी की पहली बैठक सेरेंगसिया घाटी शहीद स्मारक समिति ने बुधवार को सेरेंगसिया फुटबॉल मैदान में की। इसमें मुख्य रूप से चाइबासा विधायक दीपक बिरुआ उपस्थित थे। विधायक ने ग्रामीणों संग शहीद दिवस तैयारी की समीक्षा की। विधायक दीपक बिरुआ ने कहा कि चाहे प्रशासनिक स्तर से हो या शहीद स्मारक समिति स्तर से, दोनों ही स्थिति में शहीद दिवस भव्य रूप से मनाया जायेगा। शहीद दिवस पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के आने की भी संभावना है। इस पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात करने के बाद ही अंतिम जानकारी मिल सकेगी। आयोजन समिति ने कहा कि यदि शहीद दिवस का आयोजन सरकारी स्तर पर किया जाता है, तो प्रशासन जल्द स्पष्ट करे, ताकि उस हिसाब से तैयारी की जा सके। वहीं आयोजन समिति ने शहीद स्थल की साफ-सफाई समेत रंग-रोगन आदि को लेकर चर्चा की। मौके पर फुटबॉल प्रतियोगिता समेत अन्य प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जायेगा। फुटबॉल प्रतियोगिता 30-31 जनवरी को होगी, जिसका फाइनल 2 फरवरी को होगा। बैठक को सेरेंगसिया शहीद स्मारक समिति के अध्यक्ष देवेंद्र नाथ लागुरी, सचिव किंगकोंग लागुरी, मुखिया लखन लागुरी, पूर्व मुखिया सुबेदार बिरुआ, बहादुर सिंह लागुरी, सिदम लागुरी, सनातन लागुरी, राजू लागुरी, सुनील लागुरी, आशीष लागुरी, विमल लागुरी, भूषण लागुरी, तरणी लागुरी समेत स्थानीय ग्रामीण उपस्थित थे।

# कंपनियों का विरोध कर रहे लोगों को लिया हिरासत में



**सभी मंत्री के ही मतदाता हैं उन्हें जेल भिजवाने की कीमत उन्हें चुकानी पड़ेगी : रमेश हांसदा**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**आदित्यपुर।** सरायकेला खरसावां जिला के आदित्यपुर थाना अंतर्गत हथियाडीह इंडस्ट्रियला पार्क में निमार्णाधीन कंपनियों और संस्थानों के विरोध में लगातार ग्रामीण हिंसक हो रहे हैं। इधर जमना ऑटो को लेकर बीते तीन दिनों से चल रहे गतिरोध के बीच बुधवार को प्रशासन ने करीब दो दर्जन से भी अधिक महिला व पुरुषों को हिरासत में ले लिया। वहीं इनका नेतृत्व कर रहे झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति के नेता प्रेम मार्डी व तरुण महतो सहित अन्य भूमिगत हो गये। जिनकी तलाश में पुलिस छापेमारी कर रही है। बताया जा रहा है लगातार ग्रामीणों के विरोध को देखते हुए प्रशासन ने कारवाई की। इधर भाजपा नेता रमेश हांसदा ने स्थानीय विधायक सह चंपाई सोरेन पर निशाना साधते हुए कहा गरीब आदिवासी-मूलवासी के साथ अन्याय हुआ है। मंत्री को मामले में हस्तक्षेप कर बीच का रास्ता निकालना चाहिए था। इन्हें जेल भिजवाना कहीं से भी उचित नहीं है। उन्होंने कहा सभी उनके ही मतदाता हैं उन्हें जेल भिजवाने की कीमत उन्हें चुकानी पड़ेगी।

# प्रभु श्री रामलला की भव्य शोभा यात्रा 13 को




**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** शहर में जय महाकाल सेवा संघ के द्वारा आगामी 13 जनवरी को प्रभु श्री राम लला की एक भव्य शोभा यात्रा और शाम को प्रभु श्री राम के नाम भजन संध्या का आयोजन किया जायेगा। शोभा यात्रा झांकी के साथ कदमा गणेश पूजा मैदान से शुरू होकर रंकिणी मंदिर चौक, कदमा बाजार, उलियान होते हुए रामनगर काली मंदिर में समाप्त होगी। जय महाकाल सेवा संघ के मुख्य संरक्षक नीरज सिंह ने बताया कि लगभग 550 वर्षों के बाद पुरे सनातन धर्म प्रेमियों के बीच बहुत ही सुखद छन्न आने वाला है। 22 जनवरी को श्री राम लला अयोध्या में निर्मित भव्य मंदिर में विराजेंगे। नीरज सिंह ने बताया कदमा से निकलने वाली शोभा यात्रा में 3 भव्य रथ होंगे। एक रथ पर पुरे राम दरबार की झांकी, दूसरे में प्रभु श्री राम के गुरुजन और तीसरे रथ में माता सीता के साथ लव कुश विराजमान होंगे। इसके साथ ही झांकी में जामबंध जी, सुग्रीव जी, नल-नील, सीता जी के हरण के समय रावण से लड़ने वाले विशाल पक्षी जटायु के साथ सिंदूरी हनुमान जी, 20 की संख्या में वानर सेना मौजूद रहेंगे। झांकी में 8 फुट के हनुमान जी मुख्य आकर्षण का केंद्र होंगे। 11 घोड़े भी झांकी के साथ चलेंगे। कई सामाजिक संस्थान के लोगों द्वारा इस शोभा यात्रा के स्वागत की तैयारी की जा रही है। शोभा यात्रा के साथ-साथ एक आपातकालीन स्थिति को देखते हुए एक एंबुलेंस की भी व्यवस्था की गयी है। साथ ही जिला प्रशाशन को भी इस यात्रा की सुचना दे दी गयी है। पुरे सहयोग की अपेक्षा हमारी संस्था रखती है। मौके पर मुन्ना सिंह, के पी सिंह, अनुज चौधरी, मनोज सिंह, दीपू सिंह, मनीष पाण्डेय, द्विपल बिस्वास, तारक मुखर्जी, बिस्वजीत सिंह, सपन दास, अभिषेक शर्मा समेत संस्था के लोग मौजूद रहे।

# उत्पाद विभाग डिजिटल योजना को दिखा रहा ठेंगा

**जल्द ही बैंक से जोड़कर खुदरा शराब दुकान पर ऑनलाइन पेमेंट की सुविधा दी जायेगी: उत्पाद अधीक्षक**

आजाद सिपाही संवाददाता




**भवनाथपुर।** खुदरा सरकारी शराब दुकान पर ऑनलाइन पेमेंट की सुविधा नहीं होने से ग्राहकों से तय मूल्य से अधिक राधि की वसूली की जा रही है, वहीं आये दिन शराब बिक्री की मूल राशि में भी हेराफेरी की खबरें आती है, बावजूद उत्पाद विभाग शराब की बिक्री डिजिटल के बजाय केवल कैश में कराकर डिजिटल योजना को ठेंगा दिखा रही है। ग्राहकों की माने तो शराब दुकान पर अवैध उगाही के लिए ही नगद लेनदेन होता है। ऑनलाइन पेमेंट होने पर तय मूल्य से अधिक की उगाही बिचौलिओं के पैकेट में नही जा पायेगी। उक्त राशि में सेल्समैन से लेकर उत्पाद विभाग के बड़े अधिकारी तक का हिस्सा होता है। फिलहाल केतार शराब दुकान के सेल्समैन से 9 लाख से भी अधिक राशि की हेराफेरी पर जांच पड़ताल चल रही है। पूरे राज्य से सेल्समैन द्वारा तय मूल्य से अधिक राशि वसूलने या मूल राधि को ही गबन करने की खबरे आती रहती है। वहीं झारखंड शराब घोटाला से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में इडी के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत में बीते शनिवार को सुनवाई हुई। इस दौरान कोर्ट ने जांच एजेंसी इडी की ओर से दाखिल चार्जशीट पर संज्ञान लिया है। इडी ने 16 दिसंबर को कोर्ट में चार्जशीट किया था। इस संबंध में उत्पाद अधीक्षक गढ़वा निरंजन कुमार ने बताया कि जल्द ही बैंक से जोड़कर खुदरा शराब दुकान पर ऑनलाइन पेमेंट की सुविधा दी जायेगी।

## अयोध्या से आये पूजित अक्षत का वितरण



विशुनपुरा (आजाद सिपाही)। विशुनपुरा प्रखंड के लिए गौरव की बात है कि पूरे पलामू प्रमंडल से एकमात्र विहीप के जिला धर्माचार्य प्रमुख राधेश्याम पांडे अयोध्या प्रभु श्री राम के प्राण प्रतिष्ठा में साक्षी बनेंगे। कार्यक्रम की शुरूआत ढोल नगाड़े के साथ संध्या गांव के देवी धाम से चल कर थाना चौक होते हुए ब्लौक मोड़, लाल चौक, अपर बाजार, गांधी चौक पर पहुंची। इस दौरान विधायक प्रतिनिधि कृष्ण विश्वकर्मा ने कहा कि 500 वर्षो के बाद अयोध्या में 22 जनवरी को भगवान श्री राम के मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा होने जा रहा है, इसलिए हम सभी उस दिन को उत्साह के साथ उत्सव के रूप में मनायेंगे। उन्होने कहा कि 22 जनवरी को सभी लोग अपने अपने घरों में शाम को पांच दीपक जला कर दीपावली मनायेंगे। इस कार्यक्रम में विश्व हिंदू परिषद के प्रखंड अध्यक्ष सुरेंद्र यादव, जिला धर्माचार्य प्रमुख राधेश्याम पांडेय, ज्योतिषाचार्य रविंद्र मिश्र, अशोक , शिवकुमार, सुरेंद्र, करिमन सहित सहित कई रामभक्त शामिल थे।

## गरीबों के बीच 151 कंबल का वितरण



विशुनपुरा (आजाद सिपाही)। विशुनपुरा युवा समाज सेवी विभूति सरण पांडेय ने गरीब असहायों के बीच 151 कंबल का किया वितरण। विभूति सारण पांडे ने अपनी पुत्री त्रिसा के जन्म दिन के अवसर पर अमहर खास पंचायत के 14 वार्ड के मधूरी, कोचेया, कमता, महुली खुर्द, महुली कला, अमहर, अमहर टाड़ी, सोनडीहा के सैकड़ों बृध असहायो के विच कंबल का वितरण किया गया। अमहर के छठ घाट इस्थित कंबल वितरण कार्यक्रम को संबोधित करते हुये कहा कि शीतलहरी और कंपकपाती ठंड को देखते हुये हमने कंबल का वितरण किया हूं। कंबल वितरण कार्यक्रम में शंकर मेहता, योगेंद्र पासवान, अमित पासवान, धर्मदेव गुप्ता, धनंनजय वियार, सोनू राम, छोटू सिंह, जोहर बीवी, रमजान मिया, सकीना बीवी, कांति देवी, रुपदेई सहित सैकड़ों महिला पुरुष मौजूद थे।

## कड़ाके की ठंड में भी रात्रि 10 बजे संस्था ने कराया रक्तदान




गढ़वा (आजाद सिपाही)। सोशल वर्कर संस्था के तत्वधान मे सदर अस्पताल गढ़वा के बल्ड मे किया गया। एक यूनिट रक्त दान मौके पर संस्था के संचालक आकाश केशरी ने बताया कि ब्लड बैंक के अधिकारी के द्वारा यह सूचना मिला कि रेखा देवी जो की सोनभद्र जिला के कोंन (उ.प्र.) की है। जो सदर अस्पताल में प्रसव पीड़ा से पीड़ित हैं। उन्हे ओ पॉजिटिव रक्त की आवशकता है। और उनके शरीर मे मात्र पांच ग्राम रक्त ही है। तभी संस्था के सदस्य शिवम जायसवाल को सारा बात बता कर रक्तदान करने को राजी किया, शिवम जायसवाल ने रात्रि में रक्तदान कर मानवता का परिचय दिया। पुरी टीम की ओर से उनका अभिनंदन किया गया। और पीड़िता को रक्त उपलब्ध कराया गया। संस्था के सदस्य बिकु राजदेव ने कहा कि संस्था हमेशा जरूरतमंदो के साथ खड़ा है। इस कार्यक्रम में मौके पर उपस्थित संस्था के संचालक आकाश केशरी सक्रिय सदस्य शुभम केशरी, वेद प्रकाश, उत्तम कश्यप, अंकुर अग्रवाल, बिकु, आनंद यादव, पप्पू केशरी, आशीष कश्यप संस्था के मिडिया प्रभारी अंशु कास्यकार आदि उपस्थित थे।

## आज भी गांव के लोग मूलभूत समस्याओं को लेकर जूझ रहे हैं : समाजसेवी विकास दुबे



कांडी (आजाद सिपाही)। चुनाव लड़कर मेरा उद्देश्य विधायक बनना नहीं है, विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र के लोगों की समस्याओं को दूर करना ही मेरा एक मात्र उद्देश्य है। उक्त बातें विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र के युवा समाजसेवी विकास दुबे ने बुधवार को प्रखंड मुख्यालय में एक प्रेस वार्ता में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि आज भी गांव के लोग मूलभूत समस्याओं को लेकर जूझ रहे हैं। शिक्षा, भ्रष्टाचार, रोजगार की समस्या सुरसा की मुंह की तरह यथावत है। प्रखंड के पदाधिकारी व क्षेत्र के जनप्रतिनिधि आज अपनी उत्तरदायित्व से दूर हो गए हैं। विधानसभा क्षेत्र के सभी सात प्रखंड व अंचल कार्यालय भ्रष्टाचार का अड्डा बना हुआ है। मनरेगा, अबुआ आवास, जनवितरण प्रणाली सहित सभी योजनाओं में बिना पैसा लिए गरीबों के काम नहीं हो रहा है। वर्तमान विधायक विश्रामपुर विधानसभा से चार बार प्रतिनिधित्व किये हैं। लेकिन वर्तमान राजनीतिक व्यवसायीकरण कर अपनी झोली भरने में लगे हुए हैं। 15 जनवरी को मैं अपनी पार्टी का गठन कर उसकी घोषणा करूंगा। मौके पर सूर्यदेव पाल, सुनेश्वर विश्वकर्मा,अरविंद पांडेय, उदय दुबे, अलीमुद्दीन खलीफा, प्रदीप राम, कृष्णा बारी, जेपी सोनी, गाजी खान, गुड्डू मेहता, राजेश पांडेय, देववंश दुबे सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

# अभियान की सफलता को लेकर हुई बैठक

**'सिटी बजाओं उपस्थिति बढ़ाओ' अभियान आज से**

आजाद सिपाही संवाददाता




**रंका।** संकुल संसाधन केन्द्र उत्क्रमित उर्दू+2 उच्च विद्यालय बांदू चुतरू रंका में संकुल स्तरीय 'सिटी बजाओं उपस्थिति बढ़ाओ' अभियान के तहत संकुल साधनसेवी देवेंद्र नाथ उपाध्याय की अध्यक्षता में एक बैठक आयोजित की गयी। इस बैठक में विद्यालय के प्रधानाध्यापक, प्रभारी प्रधानाध्यापक, प्रधान सहायक अध्यापकों ने भाग लिया। बैठक में उपस्थित सभी शिक्षकों को संबोधित करते हुए संकुल साधनसेवी के द्वारा सिटी बजाओ, उपस्थिति बढ़ाओ के तहत दिशा निर्देश दिये गये। जिसमें 11 जनवरी से प्रातः 8:30 से 9:30 बजे तक अपने-अपने विद्यालयों के सभी बच्चों के साथ कार्यक्रम संचालित करते हुए सिटी बजाकर विद्यालय आयेंगे। इसी क्रम में सभी शिक्षक, माता-पिता, जनप्रतिनिधियों और नागरिकों को सीटी बजाते हुए बच्चों के साथ तस्वीर लेते हुए सभी शोसल मिडिया प्लेटफार्म जैसे ट्विटर, फेसबुक, इंस्टाग्राम, व्हाट्सएप, यूट्यूब, स्नैपचैट और अन्य पर सीटी बजाओ कैप्शन के साथ अनिवार्य रूप से शेयर करने को कहा गया। सभी विद्यालयों में पर्याप्त मात्रा में सीटी उपलब्ध कराने को कहा गया। विद्यालय प्रबंधन समिति, सरस्वती वाहिनी संचालन समिति, माता समिति के सदस्य और अन्य लोगों को सम्मिलित होने को कहा गया। इस कार्यक्रम में मुखिया, पंचायत समिति सदस्य, जनप्रतिनिधियों को भाग लेकर प्रोत्साहित करने को कहा गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक अनिल कुमार पासवान, परवेज आलम खान, पूनम सुरीन, हारून रशीद, रामेश्वर बैठा, अरूण सिंह, नीरज राम सहित काफी संख्या में शिक्षक उपस्थित थे।

# जिला स्तरीय भाषण प्रतियोगिता का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** नेहरू युवा केंद्र गढ़वा के तत्वाधान में मेरा भारत विकसित भारत 2047 के विषय पर राष्ट्रीय युवा दिवस के शुभ अवसर पर जिला स्तरीय भाषण प्रतियोगिता का आयोजन सद्गुरू जगजीत सिंह नामधारी कॉलेज के सेमिनार भवन में किया गया। इसकी शुरूआत मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित कॉलेज के प्राचार्य डॉक्टर बिनोद पाठक के द्वारा दीप प्रज्वलित करते हुए स्वामी विवेकानंद के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया गया। साथ ही उन्होंने राष्ट्र निर्माण में युवाओं की सक्रिय भूमिका की विवेचना की इस दौरान उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में युवाओं को समुचित दिशा के साथ सृजनात्मक होना आवश्यक है। उन्होंने मोबाइल की जकड़न से युवाओं को बाहर निकाल कर सामाजिक और राष्ट्र नवनिर्माण अहम योगदान हेतु युवाओं का आवाहन किया। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित प्रोफेसर डॉक्टर एसबीपी गुप्ता ने और मनोज पाठक ने कहा कि आप जैसे भी हैं स्वयं को स्वीकारें और अपनी शक्तियों को आत्मसात सुदृढ़ भविष्य निर्माण के साथ राष्ट्र निर्माण करें। इसके साथ ही डॉक्टर परमेश्वर, एनएसएस से भास्कर कुमार, डॉक्टर बीपी पांडे ने भी युवाओं को संबोधित किया। प्रतियोगिता में खालिद राजा प्रथम स्थान, कमलकांत महतो द्वितीय और जीनत प्रवीण तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले खालिद राजा को रांची में आयोजित राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में अब प्रतिनिधित्व करने का अवसर मिलेगा। इस मौके पर एमटीएस रमेश कुमार, एनवाईवी सूफिया खातून, अंजली कुमारी, खुशबू कुमारी, नरेंद्र कुमार सिंह सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# साउथ को हराकर जवाहर विद्यालय फाइनल में

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** गढ़वा जिला अंतर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता के जूनियर वर्ग में जवाहर नवोदय विद्यालय ने साउथ प्वाइंट पब्लिक स्कूल को 19 रनों से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। जवाहर नवोदय विद्यालय की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए अभिषेक कुमार गुप्ता के 39 रनों की बदौलत पांच विकेट खोकर 97 रन बनाएं। साउथ प्वाइंट की ओर से शाहिद ने दो विकेट लिया। जवाबी पारी खेलने उतरी साउथ प्वाइंट ने शेखशाजी के 20 रन की बदौलत निर्धारित ओवर में आठ विकेट खोकर 78 रन ही बना सकी। जवाहर नवोदय विद्यालय की और से अभिषेक ने तीन विकेट हासिल किया। जवाहर नवोदय विद्यालय लगातार दूसरी बार फाइनल में प्रवेश किया।

वहीं सीनियर वर्ग में ज्ञान निकेतन बेलचंपा की टीम ने बीएनटी संत मैरी को 30 रनों से हराकर सेमी फाइनल में प्रवेश किया। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार जवाहर नवोदय विद्यालय के अभिषेक को और ज्ञान निकेतन के नंदन को डीडीएम नाबार्ड लक्ष्मण कुमार, सचिव आनंद सिन्हा, सह सचिव प्रिंस सोनी, अभिषेक द्विवेदी, नवनीत दुबे, शिक्षक सुधीर कुमार, दिव्य रंजन ने प्रदान किया। इस मौके पर डीडीएम नाबार्ड लक्ष्मण कुमार ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल को खेल की भावना से खेलना और खेल में हार-जीत दोनों का महत्व होता है। ऐसे में जीते को आगे बढ़ने के लिए मेहनत करना और हारे तो भविष्य की जीत के लिए मेहनत करना। खेल की भावना से खेलने से टीम और स्कूल दोनों का सम्मान बढ़ता है। इस मौके पर अभिषेक द्विवेदी अभय कुमार, नवनीत कुमार,दिव्य रंजन चौबे, मनीष उपाध्याय रणजीत तिवारी मनीष, अनिल कुमार, धीरज, प्रिंस खान, प्रिंस दुबे शामिल थे।

# कार्यकर्ता की बदौलत भाजपा विश्व की सबसे बड़ी पार्टी: किसलय

आजाद सिपाही संवाददाता




**गढ़वा।** भाजयुमो जिलाध्यक्ष रितेश चौबे की अध्यक्षता में भवनाथपुर विधानसभा स्तरीय बैठक श्री बंशीधर नगर कार्यालय में हुई। बैठक की शुरूआत पंडित दीनदयाल उपाध्याय और श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित कर और वंदे मातरम गीत के साथ किया गया।

बैठक को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष किसलय तिवारी ने कहा कि भाजयुमो कार्यकर्ता संगठन के रीढ़ है कार्यकर्ता के बदौलत भाजपा विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है। उन्होंने कहा संगठन ने तय किया है कि 12 जनवरी को स्वामी विवेकानंद जयंती के अवसर पर भाजयुमो द्वारा नव मतदाता भारत का भाग्य विधाता विषय पर भाषण और वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन विधानसभा स्तर पर श्री बंशीधर नगर के टीडीएम कालेज में आयोजित किया जायेगा। 22 जनवरी को हर मंदिर में दीपक जलाने का आयोजन गांव-गांव किया जायेगा। 23 जनवरी को शुभाषचंद्र बोस का जयंती मनाया जायेगा। 24 जनवरी को विधानसभा स्तरीय नव मतदाता सम्मेलन का भव्य आयोजन श्री बंशीधर नगर में किया जायेगा। जिसमें दो हजार युवा नव मतदाता कार्यक्रम में शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि आगामी लोकसभा और विधानसभा चुनाव में भाजपा प्रचंड बहुमत से सरकार बनायेगी। चुनाव में युवाओं की अहम भूमिका होगी। भाजयुमो जिलाध्यक्ष रितेश चौबे ने कहा कि भाजयुमो कार्यकर्ता युवाओं को जोड़ने का काम करें। नव मतदाता सम्मेलन में बुथ स्तर से युवाओं को शामिल होना है इसके लिए विधानसभा क्षेत्र के सभी मंडल में बुथ और शक्ति केंद्र स्तर पर युवाओं का सुची तैयार कर उनको शामिल कराना है। बैठक का संचालन जितेन्द्र दीक्षित और धन्यवाद ज्ञापन मुकेश चौबे ने किया। भाजपा जिला महामंत्री विकाश स्वदेशी, कुमार कनिष्क विकास पांडेय बिपिन तिवारी, एसी मोर्चा अध्यक्ष लक्ष्मण राम, विधायक प्रतिनिधि विभूति भूषण चौबे, ओमप्रकाश गुप्ता, लाल मोहन यादव, राजीव रंजन पासवान, जय प्रकाश गुप्ता, प्रशांत सिंह, आशुतोष पांडेय, सत्यवंत सिंह शैलेश चौबे ललीत सिंह निरंजन प्रसाद श्रवण चौरसिया,धनंजय यादव गौरव सिंह विपेश तिवारी धर्मदेव यादव निरंजन पाठक विपीन चंद्रवंशी चंदन कुमार विकाश चंद्रवंशी सहित अन्य कई लोग मौजूद थे।

भाकृअनुप-राष्ट्रीय चावल अनुसंधान संस्थान
कटक-753006 (ओडिशा), भारत
ICAR-NATIONAL RICE RESEARCH INSTITUTE
CUTTACK-753006 (ODISHA), INDIA

विज्ञापन संख्या / Advertisement No. 43/BM/RA/2023-24

भाकृअनुप-राष्ट्रीय चावल अनुसंधान संस्थान, कटक में "आरकेवीवाई-आरएएफटीएएआर कृषि-व्यवसाय इनक्यूबेटर सेंटर (आर-एबीआई)" (ईएपी-284) परियोजना के लिए एक (01) बिजनेस मैनेजर तथा "एनएआईएफ" के तहत "बौद्धिक संपदा एवं प्रौद्योगिकी प्रबंधन (आईपी और टीएम)" (ईएपी-140) परियोजना के लिए एक (01) रिसर्च एसोसिएट पदों के लिए आवेदन आमंत्रित करता है। आवश्यक योग्यता, आयु, परिलब्धियों की राशी आदि तथा अन्य शर्तों के बारे में जानकारी भाकृअनुप-एनआरआरआई की वेबसाइट https://icar-nrri.in/walk-in-interview पर उपलब्ध हैं।

ICAR-National Rice Research Institute, Cuttack invites applications for post of **Business Manager (01)** under the scheme **"RKVY-RAFTAAR Agri-Business Incubator Centre (R-ABI)" (EAP-284)** and for post of **Research Associate (01)** under the scheme **"Intellectual Property & Technology Management (IP & TM) under plan scheme NAIF" (EAP-140)**. The details regarding essential qualifications, age, amount of emoluments etc. and other terms and conditions are available in NRRI Website: https://icar-nrri.in/walk-in-interview.

प्रधान अन्वेषक / PRINCIPAL INVESTIGATOR

## झामुमो कार्यकर्ताओं ने वनभोज का उठाया आनंद



रंका (आजाद सिपाही)। रंका अनुमंडल प्रखंड क्षेत्र के चुतरू पंचायत की झामुमो कार्यकर्ताओं के द्वारा बुधवार को कनहर नदी तट पर वनभोज का आयोजन किया गया। जिसमें गढ़वा जिला बीस सूत्री उपाध्यक्ष नितेश सिंह, पंचायत के मुखिया खालिद अंसारी सहित रंका झामुमो अनुमंडल प्रखंड कमेटी के पदाधिकारी एवं कार्यकताओं ने स्वादिष्ट भोजन का आनंद उठाया। इस अवसर पर जिला युवा अध्यक्ष सह विधायक प्रतिनिधि वन एवं पर्यावरण विभाग के संजय सिंह छोटू, जिला अल्पसंख्यक उपाध्यक्ष आफताब आलम,अनुमंडल अध्यक्ष जैनुल्लाह अंसारी, युवा अनुमंडल अध्यक्ष सह खरडीहा पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि पप्पू यादव,बीस सूत्री अध्यक्ष अहमद अली अंसारी, बीस सूत्री उपाध्यक्ष कार्तिक पांडेय, रंका विधायक प्रतिनिधि अनिल चंद्रवंशी, रंका प्रखंड अध्यक्ष आशीष कुमार गुप्ता, युवा प्रखंड अध्यक्ष दीपक कुमार सोनी, भंडुल पाठक, मजहर अंसारी, मुमताज रंगसाज, नौशाद राय सहित काफी संख्या में झामुमो कार्यकर्ता मौजूद थे।

## वाहन के धक्के से लक्कड़बघा की मौत



रंका (आजाद सिपाही)। रंका अनुमंडल क्षेत्र के खुथुआ मोड़ राष्ट्रीय राजमार्ग 343 पर अज्ञात वाहन के द्वारा धक्का मार देने से एक लक्कड़बघा की मौत घटना स्थल पर ही हो गयी। इस घटना से स्पष्ट होता है कि रंका के जंगलों में लक्कड़बघा मौजूद हैं।

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम, गुमला।
E-Mail – nrepgumla@gmail.com

संशोधित प्रेष विज्ञप्ति (शुद्धि–पत्र)

इस कार्यालय के निर्गत NIT संख्या 18/2023-24 (PR No. 315225 (NREP) 23-24(D) द्वारा निर्गत निविदा प्राप्त करने की तिथि दिनांक 15.01.2024 को अपराह्न 03.00 बजे एवं निविदा खोलने की तिथि क्रमशः दिनांक 15.01.2024 को अपराह्न 03.30 बजे के स्थान पर निविदा प्राप्त करने की तिथि दिनांक 16.01.2024 को अपराह्न 03.00 बजे एवं निविदा खोलने की तिथि क्रमशः दिनांक 16.01.2024 को अपराह्न 03.30 बजे बजे पढ़ा जाय।

NIT में शेष कंडिका यथावत् रहेगी।

ह0/–
कार्यपालक अभियंता,
राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम, गुमला।

PR 315689 NREP (23-24)D

झारखण्ड सरकार, कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, हजारीबाग

अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–16 वर्ष 2023–24
दिनांक–08.01.2024

| | | |
|---|---|---|
| 1. | विभाग का नाम | पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, झारखण्ड, राँची। |
| 2. | विज्ञापनदाता का नाम | कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल हजारीबाग। |
| 3. | परिमाण विपत्र बिक्री की अंतिम तिथि एवं समय | दिनांक–15.01.2024अपराह्न 5:00 बजे तक। |
| 4. | नविदा प्राप्ति की तिथि | दिनांक–16.01.2024 अपराह्न 3:00 बजे तक। |
| 5. | निविदा खोलनेकी तिथि एवं समय | दिनांक–16.01.20243 अपराह्न 4.30 बजे। |
| 6. | परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान | कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, हजारीबाग। |
| 7. | निविदा प्राप्ति का स्थान | 1) कार्यपालक अभियन्ता काकार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल,हजारीबाग। 2) अधीक्षण अभियन्ता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता अंचल, हजारीबाग। |
| 8. | निविदा खोलने का स्थान | कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय, पेयजल एव स्वच्छता प्रमण्डल, हजारीबाग। |
| 9. | कार्य की विस्तृत विवरणी | |

| क्र. | कार्य का नाम | कार्य की संख्या | ग्रुप संख्या | प्रक्कलित राशि (लाख में) | अग्रधन की राशि (लाख में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू0 में) | कार्य समाप्ति की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | Supplying labour, vehicle with fuel & lubricants with all tools & plants for the repair & maintenance of drilled tube wells in the rural areas of District-Hazaribag, different block in Sub Division No.-01; 02 &Barhi from Dt.-**10.02.2024 to 31.05.2024** Under Drinking Water and Sanitation Division, Hazaribag for the year 2023-24 **RM to DT- 1.**(Major repair-60%):- **1008 Nos. @ Rs 752 Each 2.**(Minor Repair - 40%):- **672 Nos. @ Rs 376 Each Total(1+2–100%):-1680 Nos.** | 168 Nos (Major) 112 Nos (Minor) **280 Nos** | RM/DT/ 04-A | 2,09,315/- | 4,500/- | 500/- | Four Month |
| 2 | | 168 Nos (Major) 112 Nos (Minor) **280 Nos** | RM/DT/ 04-B | 2,09,315/- | 4,500/- | 500/- | Four Month |
| 3 | | 168 Nos (Major) 112 Nos (Minor) **280 Nos** | RM/DT/ 05-A | 2,09,315/- | 4,500/- | 500/- | Four Month |
| 4 | | 168 Nos (Major) 112 Nos (Minor) **280 Nos** | RM/DT/ 05-B | 2,09,315/- | 4,500/- | 500/- | Four Month |

निविदा की शर्ते विभागीय वेबसाईट www.daa.jharkhand.gov.inएवं इस कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है। इच्छुक एजेंसी परिमाण विपत्र वेबसाईट से डाउनलोड कर निविदा में भाग ले सकते हैं, परन्तु निविदा जमा करते समय परिमाण विपत्र का निर्धारित मूल्य का बैंक ड्राफ्ट तकनीकी बीड के साथ अनुलग्नित करेंगे, जो कार्यपालक अभियन्ता, पेयजल एवंस्वच्छता प्रमण्डल, हजारीबाग के पदनाम से भुगतेय होगा।

कार्यपालक अभियन्ता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल,
हजारीबाग।

PR.NO.315633 Drinking Water and Sanitation(23-24):D

आजाद सिपाही
रांची, गुरुवार, 11 जनवरी, 2024
www.azadsipahi.in



# आज मनाया जायेगा दिशोम गुरु शिबू सोरेन का 80वां जन्मदिन



**खलारी प्रखंड में विंग का गठन बहुत जल्द किया जायेगा। पार्टी में जो सक्रिय कार्यकर्ता है उन्हे पदाधिकारी बनाया जायेगा**

आजाद सिपाही संवाददाता

**खलारी।** झामुमो खलारी प्रखंड कमेटी की बुधवार को करकट्टा स्थित पार्टी के प्रखंड कार्यालय में हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष अनिल कुमार पासवान एवं संचालन प्रखंड उपाध्यक्ष कलाम रिजवी ने किया। बैठक में हर वर्श की भांति इस वर्ष भी दिशोम गुरु वीर शिबू सोरेन का 80वां जन्मदिन 11 जनवरी दिन गुरूवार को सुबह 10:30 बजे से पार्टी के प्रखंड कार्यालय करकट्टा में मनाने का निर्णय लिया गया। वहीं प्रखंड अध्यक्ष अनिल पासवान ने बताया कि गुरुजी के जन्मदिन के अवसर पर बुजुर्ग और असहाय लोगों के बीच कंबल वितरण करने के साथ सभी को खीर भोजन देकर विदाई किया जायेगा। इस दौरान जानकारी दी गयी कि पार्टी के जिला कमेटी के सभी विंग का गठन हो गया है। खलारी प्रखंड में भी सभी विंग का गठन बहुत जल्द किया जायेगा। कहा गया कि पार्टी में जो सक्रिय कार्यकर्ता है उन्हे पदाधिकारी बनाया जायेगा।

बैठक में मुख्य रूप से अनिल कुमार पासवान, मोहम्मद कलाम रिजवी, सुभाष चंद्र प्रसाद, महेंद्र चैहान, अजय मुंडा, मुकेश यादव, गौतम यादव, रोहित यादव, विक्की मुंडा, प्रेम केसरी, शंभू दास, मोहम्मद इस्लाम, हैदर खान, गौरव कुमार सिंह, चितरंजन सिंह सहित अन्य उपस्थित थे।

## पिपरवार में हिट एंड रन कानून के खिलाक ड्राईवरों ने खोला मोर्चा

# विरोध में सड़क पर उतरे



चालकों को समझाती पुलिस।



सड़क जाम करने के बाद विरोध-प्रदर्शन करते चालक।

**घंटो बंद रही कोयला ढुलाई**

आजाद सिपाही संवाददाता

**पिपरवार।** केंद्र सरकार द्वारा लाये गये हिट एंड रन कानून के खिलाफ देश भर के ड्राइवरों में आक्रोश देखा जा रहा है। इसी के विरोध मे बुधवार को सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र में स्थानीय ट्रक और हाईवा डंपर के चालकों ने स्वेच्छा से अपने-अपने वाहन को खड़ा कर केंद्र सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। वही कई जगहो पर ड्राइवर ने सड़क पर उतर कर सड़क जाम कर दिया और विरोध प्रदर्शन किया। मिली जानकारी के मुताबिक बुधवार की सुबह चालको ने बचरा पेट्रोल पंप और भेलवाटांड़ चौक पर सड़क जाम कर दिया। इस दौरान वाहन चालकों ने जमकर केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। सड़क जाम के बाद पिपरवार क्षेत्र के अशोक परियोजना से आरसीएम साईडिंग और सीएचपी सीपीपी कोल वाशरी से बचरा साईडिंग तक कोयला ढुलाई का काम पूरी तरह से बंद हो गया। इस दौरान हाइवा डंपरों की लंबी कतार सड़क पर देखी गयी। वहीं लोकल सेल से निकलने वाली ट्रक भी इस जाम में फंसी रही। इसके अलावा कई यात्री बस और प्राइवेट चार पहिया वाहन भी घंटे जाम में फंसी रही। ट्रांसपोर्टिंग का कार्य बंद होने के बाद साइडिंग में कोयले के अभाव के कारण डिस्पैच का कार्य भी बाधित रही। जिसके कारण सीसीएल प्रबंधन को करोड़ों रुपये का नुकसान होने की सूचना है। इस संबंध में ट्रक और हाईवा डंपर के चालकों ने बताया कि केंद्र सरकार का यह कानून देश भर के चालकों के लिए काला कानून साबित होगा। वर्तमान में काफी कम वेतन में वाहन चालक अपना ड्यूटी कर रहे हैं, ऐसे में दुर्घटना होने पर सात लाख रुपये का आर्थिक दंड और 10 साल की सजा चालकों के लिए उचित नहीं है। देश भर के चालकों के लिए यह काला कानून साबित होगा। चालको ने कहा कि जब तक सरकार के द्वारा इस काला कानून को वापस नहीं लिया जाता है तब तक आंदोलन जारी रहेगा। इधर चालकों के द्वारा सड़क जाम और विरोध प्रदर्शन की सूचना पाकर सीआइएसएफ और सीसीएल सिक्योरिटी विभाग सहित स्थानीय प्रशासन मौके पर पहुंचकर चालकों से बातचीत की और किसी तरह समझाकर सड़क जाम को हटाया, जिसके बाद पिपरवार क्षेत्र की कोयला ढुलाई सहित आवागमन चालू हो सका। कुछ जगह पर सुरक्षा बलों और विरोध प्रदर्शन कर रहे चालकों के बीच हल्की नोक झोंक होने की भी सूचना है।

## महत्वपूर्ण खबरें

### मोबाइल वैन को झंडी दिखा कर रवाना किया



**बुंडू (आजाद सिपाही)।** अनुमंडल पदाधिकारी संदीप अनुराग टोपनो द्वारा बुधवार को आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर बुंडू अनुमंडल क्षेत्र में इवीएम मशीन के प्रचार-प्रसार के लिए मोबाइल डेमोस्ट्रेशन वैन को बुंडू अनुमंडल कार्यालय परिसर से हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। गया। इस अवसर पर पवन कुमार अंचल अधिकारी बुंडू, रेणु कुमारी प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंजली मेहता कार्यपालक दंडाधिकारी, संजीव कुमार पुलिस निरीक्षक-सह-थाना प्रभारी, बुंडू, राजेश कुमार कार्यालय अधीक्षक एवं अन्य उपस्थित थे।

### राहे में मनी नीलांबर-पीतांबर की जयंती



**राहे (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के कोकरोडीह में स्थित नीलांबर-पीतांबर चौक में खारवार जनजाति के भोगता समाज के तत्वावधान में नीलांबर-पीतांबर जयंती मनायी गयी। समारोह में मुख्य अतिथि विधायक प्रतिनिधि संजय सिद्दार्थ शामिल हुए। सभी ने प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। सभी ने इनकी सोच को समाज में स्थापित करने का संकल्प लिया। मौके पर प्रखंड अध्यक्ष रंगबहादुर महतो, मनोरंजन भोगता, हलधर पांडेय, राजेश सिंह, प्रधान भोगता, बाबूलाल भोगता, गिरिधारी भोगता, हरेकृष्ण भोगता, पवन भोगता, गिरिधारी भोगता समेत भोगता समाज के लोग मौजूद थे।

### विहिप ने दिया भगवान बिरसा मुंडा के परपोते को अयोध्या चलने का निमंत्रण



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ताओं ने बुधवार को भगवान बिरसा मुंडा की जन्मस्थली उलिहातू जाकर बिरसा मुंडा के परपोते सुखराम मुंडा को अयोध्या चलने का निमंत्रण। मौके पर विहिप के जिलाध्यक्ष विनोद जायसवाल नें कहा कि हम सब सौभाग्यशाली हैं कि हम भगवान श्रीराम लल्ला को अपने भव्य मंदिर में विराजने के पल के साक्षी बन रहे हैं। उन्होंने कहा कि लाखों लोगों के बलिदान और साढ़े पासं सौ साल कें संघर्ष के बाद यह ऐतिहासिक पल आया है। उन्होंने कहा कि भगवान राम का सही वनवास अब खत्म हो रहा है। इस पल को देखने के इंतजार में न जाने हमारी कितनी पीढियां गुजर गयी। जिलाध्यक्ष ने कहा कि 22 जनवरी को हर सनातनी अपने गांव में दीपोत्सव का आयोजन करे। मौके पर प्रांत सह मंत्री और प्रांत अभियान प्रमुख मनोज पोद्दार, प्रांत संयोजक दीपक ठाकुर, खूंटी जिला सह मंत्री संजय साहू, जिला संयोजक रोहित साहू, खूंटी जिला सुरक्षा प्रमुख अभिषेक कुमार, मिलन प्रमुख ओमप्रकाश कश्यप जिला सह संयोजक प्रकाश अधिकारी आदि मौजूद थे।

### सेंबो में बनेगा सीआरपीएफ का केंद्र

**रांची।** सेंबो मौजा रांची में सीआरपीएफ का ग्रुप केंद्र स्थापित किये जाने की तैयारी पूरी कर ली गयी है। इसके लिए जिला प्रशासन के स्तर से जमीन का अधिग्रहण भी पिछले दिनों किया गया है। अब जिला प्रशासन जमीन मालिकों, रैयतों को इसके लिए मुआवजा भुगतान भी करेगा। इसके लिए जिला भू-अर्जन पदाधिकारी के स्तर से सूचना भी जारी की गयी है। इसमें कहा गया है कि 16 और 17 जनवरी को मुआवजा भुगतान के लिए शिविर का आयोजन होगा। पंचायत भवन बालालोंग में 11.30 बजे से चार बजे तक आयोजित होनेवाले इस शिविर में सेंबो मौजा के वैसे जमीन मालिकों को मुआवजा दिया जायेगा, जिनकी जमीन ग्रुप केंद्र की स्थापना के लिए अधिगृहित की गयी है। शिविर में तीन अमीन और एक लिपिक भी उपस्थित रहेंगे।

# दिनेश गोप की संपत्ति का राज उगलेगा निवेश

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन पीएलएफआइ के सुप्रीमो दिनेश गोप के सहयोगी निवेश कुमार से इंफोर्समेंट डायरेक्टोरेट की टीम पूछताछ करेगी। इडी ने निवेश से पूछताछ करने के लिए प्रिवेंशन ऑफ मनी लांड्रिंग एक्ट की स्पेशल कोर्ट से अनुमति मांगी है। इडी ने जो रिमांड पिटीशन दाखिल की है, उसमें निवेश को पांच दिनों की रिमांड पर लेकर पूछताछ करने को अनुमति मांगी गयी है। बुधवार को इडी की रिमांड पिटीशन पर आंशिक सुनवाई हुई। इस दौरान निवेश की ओर से उपस्थित अधिवक्ता वीरेंद्र प्रताप ने पांच दिनों की रिमांड मांगे जाने का विरोध किया। वहीं इडी की ओर से उपस्थित विशेष लोक अभियोजक आतिश कुमार ने कहा कि निवेश से पूछताछ जरूरी है, इसलिए पांच दिनों की रिमांड की मंजूरी दी जानी चाहिए।

**हथियार दिलाने के नाम पर की थी लाखों की ठगी**

रांची के धुर्वा के रहनेवाले निवेश कुमार ने दिनेश गोप को खिलौने वाले हथियार दिखा कर उससे ठगी की थी। जांच में यह बात सामने आयी थी कि धुर्वा के निवेश कुमार ने विदेशी हथियार दिलाने के नाम पर लाखों रुपये ठगे। उसने वीडियो कॉल के माध्यम से दिनेश गोप को नकली विदेशी हथियारों की तस्वीर दिखायी थी। उसने यह कह पैसे ठगे थे कि उसके पास अत्याधुनिक हथियार है। फिलहाल निवेश न्यायिक हिरासत में है।

# विकसित भारत के संकल्प को पूरा करना हम सभी की जिम्मेवारी : कोचे



आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** तोरपा के भाजपा विधायक कोचे मुंडा ने कहा कि नरेंद्र मोदी नें 2047 तक विकसित भारत का संकल्प लिया है और इसी को लेकर पूरे देश में विकसित भात संकल्प यात्रा निकाली जा रही है। हमारा भी दायित्व है कि प्रधानमंत्री के संकल्प को पूरा करने में हम भी भागीदार बनें। विधायक बुधवार को तोरपा प्रखंड के सुदांरी गांव में विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत आयोजित कार्यक्रम को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। मौके पर विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत एलईडी वाहन से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के संबोधन कों विधायक ने ग्रामीणों के साथ सुना। विधायक ने कहा कि प्रधानमंत्री का संकल्प है कि हमें हर हाल में 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र की श्रेणी में लाना है। उन्होंने कहा कि इसके लिए सबसे जरूरी है गांव और गरीबों का विकास। जब गांवों का विकास होगा तभी विकसित भारत का संकल्प भी पूरा होगा। कोंचे मुंडा ने लोगों का आह्वान किया कि वे केंद्र सरकार की विकास योजनाओं की जानकारी गांव वालों को दें और उन्हें योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रेरित करें। मौके पर भाजपा के जिला अध्यक्ष चंद्रशेखर गुप्ता, महामंत्री शशांक शेखर राय, किसान मोर्चा अध्यक्ष रामानंद साहू, किसान मोर्चा महामंत्री संतोष त्रिपाठी, मंडल अध्यक्ष पुरेंद्र मांझी, गौंझू प्रधान, लोकनाथ सिंह, वार्ड सदस्य सिंह काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

### विश्व हिंदी दिवस: बहुत जल्द हिंदी बनेगी यूएनओ की भाषा: प्रो जे किड़ो



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** विश्व हिंदी दिवस के अवसर पर बिरसा कॉलेज खूंटी में बुधवार को सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ करते हुए कॉलेज की प्रभारी प्राचार्या जे किड़ो ने विश्व पटल पर हिंदी की स्थिति की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सभी के सहयोग से जल्द ही हिंदी भी यूएन की भाषा बनेगी। सीके भगत ने हिंदी को बोलियों का समुच्चय बताया और कहा कि हिंदी कैसे विविधताओं से भरी है। राजकुमार गुप्ता ने हिंदी को संवेदना से जोड़कर इसके महत्व को बताया। डॉ अभिषेक ने हिंदी को महत्व दिलाने में पत्रिकाओं की भूमिका की चर्चा की। डॉ परेशांति सांगा ने रोजमर्रा में हिंदी के प्रयोग का उदाहरण देते हुए इसका महत्व बताया। डॉ प्रियंका ने विश्व हिंदी दिवस के इतिहास की जानकारी दी। इस अवसर पर सुजाता, प्रतिमा जितेंद्र, जेम्स ने भी अपने विचार रखे। सेमिनार में प्रो जया भारती कुजूर, पूनम माई तिऊ, अल्पना कुमारी सहित कई विद्यार्थी मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ सुधांशु शर्मा ने किया।

### हिंदी की रोचकता और महत्ता को जानने पहचानने की जरूरत: सकलदीप भगत



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** मुरहू स्थित श्योर सक्सेस कोचिंग सेंटर में बुधवार को विश्व हिंदी दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में हिंदी भाषा का महत्व और संस्कृति में योगदान विषय पर शिक्षकों तथा छात्रों ने अपने विचार प्रकट किए। निदेशक सकलदीप भगत ने कहा कि हिंदी देश को जोड़ने वाली भाषा है। 10 जनवरी को विश्व भर में हिंदी दिवस मनाया जाता है। हिंदी एक ऐसी भाषा है जो दुनिया भर के भारतीयों को आपस में जोड़ने का काम करती है। हिंदी को बढ़ावा देने के लिए पहला विश्वा हिंदी सम्मेलन 10 जनवरी 1975 को नागपुर में आयोजित हुआ था। इसके बाद पहला विश्व हिंदी दिवस 10 जनवरी 2006 को पूर्व प्रधान मंत्री डॉ मनमोहन सिंह के आदेश पर मनाया गया था। हिंदी से ही हिंदुस्तान है। विश्व की सबसे बड़ी भाषा हिंदी है। विद्यार्थियों को आधुनिकता एवं अंग्रेजीयत से अलग होकर हिन्दी की रोचकता और महत्ता को जानने पहचानने की जरूरत है। हर साल देशभर के लोगों को अपनी राष्ट्रभाषा के प्रति जागरूक करने के लिए हिंदी दिवस मनाया जाता है। मौके पर सभी विद्यार्थी एवं शिक्षक शिक्षिकाएं मौजूद थे।

### विवेकानंद की जयंती पर कल शोभायात्रा निकाली जायेगी

**खूंटी (आजाद सिपाही)।** स्वामी विवेकानंद की जयंती के अवसर पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद खूंटी नगर द्वारा 12 जनवरी को शोभायात्रा निकाली जायेगी। शोभायात्रा में अनुमंडल पदाधिकारी अनिकेत सचान बतौर मुख्य अतिथि और जिला सांसद प्रतिनिधि मनोज कुमार और ज्योतिष भगत विशिष्ट अतिथि के रूप में भाग लेंगे। इस आशय की जानकारी देते हुए जिला संयोजक कमलेश महतो ने बताया कि शोभा यात्रा बिरसा कॉलेज से होते हुए नेताजी चौक तक जायेगी। मौके पर कॉलेज में छात्र संवाद का आयोजिन किया जायेगा।

# सीटी बजाओ उपस्थिति बढ़ाओ अभियान आज से

आजाद सिपाही संवाददाता



**खूंटी।** सचिव, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखंड सरकार से प्राप्त निर्देश के आलोक में सीटी बजाओ उपस्थिति बढ़ाओ अभियान के तहत विद्यालयों में छात्रों की उपस्थिति बढ़ाने को लेकर बुधवार को जिला शिक्षा पदाधिकारी डॉ अतुल कुमार चौबे की अध्यक्षता में जिला स्तरीय बैठक आयोजित की गयी। बैठक में जिला शिक्षा अधीक्षक प्रवीण कुमार सहित सभी प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी और प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी उपस्थित थे। सीटी बजाओ उपस्थिति बढ़ाओ अभियान के सफल संचालन कों लेकर बुधवार को सभी प्रखंडों में भी प्रखंड स्तरीय विशेष बैठक का आयोजन किया गया।

अड़की प्रखंड में जिला शिक्षा अधीक्षक द्वारा 11 जनवरी को आहूत कार्यक्रम की तैयारी की समीक्षा की गयी और इसे सफल बनाने का निर्देश दिया गया। कर्रा प्रखंड में अतिरिक्त जिला कार्यक्रम पदाधिकारी ने गुरुवार के कार्यक्रम की तैयारी की समीक्षा करते हुए सभी विद्यालय के प्रभारी शिक्षकों, संकुल-प्रखंड साधनसेवी को सीटी बजाओ उपस्थिति बढ़ाओ अभियान के हरेक बिंदु से अवगत कराया गया। 11 जनवरी को सुबह 8.30 से 9.30 बजे तक बच्चों को स्कूल लाने के लिए सुबह-सुबह सीटी बजाते हुए बच्चों की फोटो-वीडियो सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर पोस्ट करने का निर्देश दिया गया।

### नाई समाज के सम्मेलन में सामाजिक एकता पर बल



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** जागृति युवा नाई समाज के तत्वावधान में बुधवार को खूंटी जिले के गोविंदपुर डोम बगीचा मे नाई सम्मेलन का आयोजन किया गया। नाई सामज के जिलाध्यक्ष धनेश्वर हजाम, उपाध्यक्ष संजय हजाम, सचिव चंद्रशेखर हजाम, कोषाध्यक्ष महेश हजाम, खूंटी जिला मीडिया प्रभारी अमर हजाम, जिला सचिव मदन कुमार प्रमाणिक, जिला संयोजक पुरेंद्र हजाम सहित अन्य वक्ताओं ने नाई समाज की एकता पर बल दिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर झारखंड के संयुक्त परिवहन सचिव ब्रजेंद्र हेमरोम उपस्थित थे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में नामकुम नाई विकास समिति के रामबालक ठाकुर, अरविंद ठाकुर, शमिल थे। समेलन का मुख्य उद्देश्य नाई समाज को जागरूक करना, समाज से दहेज प्रथा को मिटाना और एकजुटता थे। कार्यक्रम में काफी संख्या में महिलाओं ने भी भाग लिया।

### बिरसा कॉलेज में सरस्वती पूजा समिति का हुआ गठन, सौरभ साहू बने अध्यक्ष



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** बिरसा कॉलेज में वर्ष 2024 में सरस्वती पूजा के भव्य आयोजन को लेकर नयी पूजा समिति का गठन किया गया। बुधवार को कॉलेज परिसर में आयोजित बैठक में छात्रों ने धूमधाम से सरस्वती पूजा करने के साथ ही भजन संध्या, विशाल भंडारा सहित कई प्रतियोगिताओं के आयोजन का निर्णय लिया गया। समिति में अध्यक्ष सौरभ कुमार साहू, उपाध्यक्ष कल्याणी कुमारी उपाध्याय, प्रवीण नाग और पवन कुमार, सचिव अनुज कुमार, सह सचिव अनामिका कुमारी, अजय जायसवाल और अमित कुमार महतो, कोषाध्यक्ष बिनोद कुमार प्रजापति, सह कोषाध्यक्ष धर्मेंद्र साहू, संरक्षक डॉ चंद्रकिशोर भगत, राजकुमार गुप्ता, डॉ अभिषेक कुमार, डॉ सुधांशु शर्मा, प्रकाश प्रामाणिक और कमलेश महतो बनाये गये हैं। इनके अलावा कार्यकारिणी सदस्य के तौर पर रवि शंकर साहू, नंदिनी कुमारी, विक्रम कुमार, आकाश रुंडा, निखिल कुमार, अमन सिंह, महेश साहू, कुमार ब्रजकिशोर, आकाश कुमार, राहुल कुमार को शामिल किया गया।

## खलारी बड़कीटांड में नीलांबर-पीतांबर की जयंती समारोह पूर्वक मनायी गयी

# देश की आजादी की लड़ाई में नीलांबर पीतांबर का रहा अहम योगदान : सुजीत

आजाद सिपाही संवाददाता



**खलारी।** नीलांबर पीतांबर जन कल्याण समिति के तत्वावधान में बुधवार को वीर शहीद नीलांबर पीतांबर शाही भोगता की जयंती खलारी के बड़कीटांड में समारोहपूर्वक मनायी गयी। कार्यक्रम में सुजीत कुमार तथा विशिष्ट अतिथि केडीएच पीओ अनिल कुमार सिंह, खरवार भोगता समाज विकास संघ के केंद्रीय अध्यक्ष दर्शन गंझू, जिला परिषद सदस्य सरस्वती देवी, केंद्रीय सलाहकार झलकु गंझू, मुखिया दीपमाला कुमारी, मुखिया पुतुल देवी, केंद्रीय उपाध्यक्ष इकबाल हुसैन, बुढ़मू जिला परिषद सदस्य रामजीत गंझू, सुनील कुमार सिंह, रामचंद्र उरांव उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता बिगन सिंह भोगता तथा संचालन अमृत भोगता एवं रामलखन गंझू ने किया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम मुख्य अतिथि के द्वारा नीलांबर पीतांबर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। उसके बाद मुख्य अतिथि का बुके देकर एवं पगड़ी पहनाकर स्वागत किया गया। महाप्रबंधक ने कहा कि देश की आजादी की लड़ाई में नीलांबर पीतांबर का अहम योगदान रहा है। इस मौके पर मुखिया पुष्पा खलखो, तेजी किस्पोट्टा, मो जुल्फान अंसारी, अनिता गंझू, सुनीता देवी, रंथू उरांव, विष्वनाथ गंझू, जालिम सिंह, विनय खलखो, नरेश गंझू, जगरनाथ महतो, प्रेम गंझू, अनिल पासवान, देवपाल मुंडा, कन्हाई पासी, अशोक राम, सरबजीत गंझू, मधु गंझू, बुल्ला गंझू, प्रभाकर गंझू, शिवदयाल गंझू, सत्यनारायण गंझू, प्रकाश गंझू, मनोज गंझू, शिवनारायण लोहरा, रामधारी गंझू, दामोदर गंझू, भोला गंझू, गुड्डू, भरत गंझू, सोहराई गंझू, राजेंद्र उरांव, जगदीश गंझू, राहुल गंझू, बालेष्वर गंझू, बिगना गंझू, अर्जुन गंझू, अनिल गंझू, बंधन गंझू, धर्मराज गंझू, गोविंद भोगता, अनिकेत गंझू, सिद्धार्थ भोगता, जीतन गंझू, शभुनाथ गंझू, प्रेम गंझू सहित विभिन्न गांव से आये सैकड़ों ग्रामीण मौजूद थे।

### 14 से मैकलुस्कीगंज में रुकने लगेगी पलामू एक्सप्रेस

**खलारी (आजाद सिपाही)।** 13347/48 बरकाकाना-पटना पलामू एक्सप्रेस 14 जनवरी से मैकलुस्कीगंज स्टेशन पर रूकने लगेगा। पूर्व मध्य रेलवे, हाजीपुर द्वारा जारी नोटिफिकेशन के अनुसार 13347 बरकाकाना-पटना पलामू एक्सप्रेस का 14 जनवरी को रात 22.38 बजे मैकलुस्कीगंज में आगमन तथा 22.40 बजे प्रस्थान होगा। वहीं 13348 पटना-बरकाकाना पलामू एक्सप्रेस 14 जनवरी की सुबह 05.45 बजे आगमन तथा 05.47 बजे प्रस्थान समय होगा। मालूम हो कि कोरोना काल के बाद जब ट्रेनों का परिचालन शुरू हुआ तब पलामू एक्सप्रेस का मैकलुस्कीगंज में ठहराव हटा लिया गया था। लोगों के लगातार मांग व स्थानीय सांसद के प्रयास के बाद फिर से ठहराव दिया गया।

## एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** वाइबीएन विश्वविद्यालय के आइक्यूएसी और स्कूल ऑफ फामेर्सी के सहयोग से बुधवार को कॉन्फ्रेंस हॉल में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला दूरदर्शी विषय के अंतर्गत जड़ से उपचार तक कैंसर पर युद्ध में पारंपरिक औषधीय पौधे पर था। जिसकी शुरूआत सृष्टि डोरा और गीता दास के स्वागत भाषण से किया गया। इसके बाद दीप प्रज्वलन एवं अतिथियों को पुष्प गुच्छ भेंट कर सम्मानित किया गया। डॉ आशीष सरकार, डीन स्कूल ऑफ फॉमेर्सी व निदेशक आईक्यूएसी के साथ ही स्कूल ऑफ फॉमेर्सी के संकाय सदस्यों द्वारा सभी अतिथियों का स्वागत किया गया। मुख्य वक्ता लुमामी, जुनहेहोटो के नागालैंड विश्वविद्यालय के प्राणीशास्त्र विभाग के प्रो (डॉ) रंजीत कुमार और डॉ अरुण कुमार, वैज्ञानिक - क, अनुसंधान विभाग, महावीर कैंसर संस्थान एवं अनुसंधान केंद्र पटना थे। मौके पर प्रो (डॉ.) रंजीत कुमार ने कहा कि साहित्य सर्वेक्षण से पता चलता है कि विभिन्न अरुम प्रजातियां, विभिन्न आर्टेमिसिया प्रजातियां, कैलोट्रोपिस प्रोसेरा, सिट्रुलस कोलोसिन्थिस, निगेला सैटिवा, पुलिकेरिया क्रिस्पा, विभिन्न यूर्टिका प्रजातियां, विथानिया सोम्निफेरा और अन्य निकट पूर्व देशों में कैंसर रोगियों के बीच सबसे अधिक उपयोग किये जाने वाले पौधों में से है। वहीं, डॉ अरुण कुमार ने बताया कि सेब में पॉलीफेनोल्स होते है। जिनमें आशाजनक कैंसर विरोधी गुण होते हैं। गहरे हरे पत्ते वाली सब्जियां जैसे सरसों का साग, सलाद, केल, कासनी, पालक और चार्ड में फाइबर, फोलेट और कैरोटीनॉयड की प्रचुर मात्रा होती है। ये पोषक तत्व मुंह, स्वरयंत्र, अग्न्याशय, फेफड़े, त्वचा और पेट के कैंसर से बचाने में मदद कर सकते है। धन्यवाद ज्ञापन डॉ अर्पणा शर्मा डीन एकेडेमिक्स द्वारा किया गया। मौके पर वाईबीएन विश्वविद्यालय प्रशासन समिति की उपस्थिति के साथ-साथ विश्वविद्यालय के सभी अधिकारी, स्कूल ऑफ फामेर्सी के सभी सदस्य, शिक्षक आदि थे।

## हमारा संकल्प विकसित भारत कार्यक्रम आज

**नामकुम (आजाद सिपाही)।** हमारा संकल्प विकसित भारत कार्यक्रम का शुभारंभ गुरुवार को नामकुम प्रखंड में आरा एवं बड़ाम पंचायत से किया जायेगा। गौरतलब है कि जनजाति गौरव दिवस के अवसर पर संभावित लाभार्थियों को अच्छादन के लिये सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से हमारा संकल्प विकसित भारत कार्यक्रम का शुभारंभ किया जा रहा है। इसके तहत नामकुम प्रखंड के प्रत्येक पंचायत में मोबाइल आइइसी वैन भेजा जायेगा। जिसके माध्यम से आम लोगों को सरकार की योजनाओं एवं उसके लाभ की जानकारी दी जायेगी। साथ ही आइइसी वैन से प्रधानमंत्री का रिकॉर्ड मैसेज भी सुनाया जायेंगा एवं संकल्प विकसित भारत का शपथ दिलाई जायेगी। इस अभियान में पंचायत स्तर पर मुखिया, पंसस, वार्ड सदस्य, पंचायत सचिव, विद्यालय के प्रधानाध्यापक, रोजगार सेवक, आंगनबाड़ी सेविका, सहिया जेएसएलपीएस की महिला, स्वयं सहायता समूह के सदस्य, ग्रामीण और प्रखंड स्तर के सभी विभाग के अधिकारी कर्मचारी भाग लेंगे। इस संबंध में नामकुम बीडीओ डॉ प्रवीण कुमार ने आमजनों से इस कार्यक्रम में भाग लेने और इसका लाभ उठाने की अपील की है।

## जरेया में फुटबॉल टूर्नामेंट सह टुसू मेला 16 को

**नामकुम (आजाद सिपाही)।** रामपुर पंचायत के जरेया स्कूल मैदान में 16 जनवरी को एक दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता सह टुसू मेला का आयोजन किया जायेगा। इसे लेकर ग्रामवासीयों ने पूरी तैयारीयां कर ली है। मेला में मुख्य अतिथि के रुप में खिजरी विधायक राजेश कच्छप उपस्थित रहेंगे। फुटबॉल प्रतियोगिता में विजेता टीम को डेढ़ लाख, उपविजेता को एक लाख, तृतीय एवं चतुर्थ आने वाली टीम को क्रमशः 50 हजार रुपए, टुसू चौड़ल में प्रथम पुरस्कार 7 हजार, द्वितीय पुरस्कार 5 हजार, तृतीय पुरस्कार 4 हजार दिये जायेंगे। इस बाबत रामपुर पूर्व मुखिया महोदव मुंडा ने बताया कि सभी चौड़ल नृत्य पार्टी को सांत्वना पुरस्कार दो हजार, सबसे दूर से आने वाली चौड़ल नृत्य पार्टी एवं सबसे पहले आने वाली पार्टी को क्रमशः 2000 रुपए से पुरस्कृत किया जायेगा। शाम को मस्ताना म्युजिकल ग्रुप रांची द्वारा ऑरकेस्ट्रा आयोजन किया गया है।

## पुरुलिया रोड के आरा और टाटीसिलवे ओवर ब्रीज पर लाइट नहीं, लोग परेशान

**नामकुम (आजाद सिपाही)।** आजसू के केंद्रीय सचिव जितेंद्र सिंह ने बुधवार को **आजाद सिपाही** से बात करते हुए कहा कि रांची-पुरूलिया रोड के आरा और टाटीसिलवे में लगभग तीन साल पहले ओवर ब्रीज की शुरूआत हो चुकी है। ओवर ब्रीज पर लाखों रुपये की लागत लगी है। पर सैकड़ों बिजली के खंभे और लाईट के बिना बेकार पड़े है। उन्होंने बताया कि यह खंभा केवल ओवर ब्रीज की शोभा बढा रहे हैं। रेलवे बोर्ड प्रबंधक एवं झारखण्ड सरकार के लापरवाही के कारण आज तक लाईट नहीं जली है। जिसके अभाव में आए दिन पैदल चलने वाले, साइकिल, बाइक सवार दुर्घटना के शिकार होते रहते है। कितने लोग आज तक अपने हाथ पैर गंवा चुके है। कितनों की जान भी जा चुकी है। पर आज तक किसी नेता, मंत्री या रेलवे प्रबंधक का ध्यान इस ओर नहीं गया। इस विषम परिस्थिति से प्रतिदिन यहां के ग्रामीणों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने रेलवे प्रबंधक से मांग की कि वे अपने संज्ञान में लेते हुऐ तत्काल निष्पादन करें, नहीं तो आजसू आंदोलन करने को बाध्य होगी। जिसकी जवाबदेही रेलवे व झारखंड सरकार की होंगी।

## बीडीओ संग्राम मुर्मू ने मसाला फैक्ट्री व विद्यालय का किया औचक निरीक्षण

**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** बीडीओ संग्राम मुर्मू ने बुधवार को जरिया पंचायत स्थित कटरमाली में जेएसएलपीएस द्वारा संचालित मसाला फैक्ट्री और जामटोली पंचायत स्थित में हरहंजी उच्च विद्यालय का औचक निरीक्षण किया। मसाला फैक्ट्री के औचक निरीक्षक के क्रम में उन्होंने कहा कि यह मसाला फैक्ट्री केवल एक जीविका का साधन ही नहीं बल्कि इसके माध्यम से आप लोगों को क्षेत्र की जनता का सेवा करने का एक शानदार अवसर प्राप्त हुआ है। इसीलिए यह जरूरी है कि आप अपने प्रोडक्ट की गुणवत्ता को हमेशा बेहतर बनाए रखें और एक जिम्मेदार नागरिक होने का फर्ज अदा करें। क्योंकि आपके प्रोडक्ट का सीधा संबंध लोगों की सेहत से है। इधर, बीडीओ ने जामटोली पंचायत के हरहंजी उच्च विद्यालय के निरीक्षण के क्रम में विद्यालय से संबंधित कई चीजों का जायजा लेते हुए कहा कि क्षेत्र के बच्चों का भविष्य आप शिक्षकों की जिम्मे हैं। आपकी दी हुई शिक्षा और आदर्शों पर ही इन बच्चों का भविष्य निर्भर करता है। प्रतिस्पर्धा के इस दौर में यह जरूरी है कि हम अपने बच्चों को ऐसी शिक्षा प्रदान करें, ताकि आगे चलकर यह क्षेत्र और देश का नाम रोशन कर सकें। इस मौके पर सहायक अभियंता पुरुषोत्तम भाई पटेल समेत अन्य लोग मौजूद थे।

**सौगात : रांची सांसद ने अनगड़ा प्रखंड में विभिन्न विकास योजनाओं की रखी आधारशिला**

# नये भारत की परिकल्पना को साकार कर रहे पीएम नरेंद्र मोदी : संजय सेठ

**आजाद सिपाही संवाददाता**



विभिन्न योजनाओं की आधारशिला रखते सांसद संजय सेठ।

**अनगड़ा।** रांची सांसद संजय सेठ ने बुधवार को प्रखंड के विभिन्न पंचायत क्षेत्रों में कई विकास योजनाओं की आधारशिला रखी। इस दौरान साल्हन पंचायत के गोंदलीपोखर तालाब में छठ घाट सीढ़ी निर्माण व सौंदर्यीकरण, बोंगईबेड़ा पंचायत के सिरपा में पीसीसी सड़क निर्माण, चिलदाग पंचायत के सिमलिया गांव में श्मशान शेड एवं बीसा पंचायत के कड़रूटोला में श्मशान शेड निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। सांसद ने कहा कि अयोध्या में भव्य श्रीराम मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा देश ही नहीं विदेशों में भी रहने वाले भारतीयों के लिए एक ऐतिहासिक पल है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में नए भारत की परिकल्पना साकार हो रही है। 500 वर्षों के बाद अयोध्या में रामलला विराजमान हो रहे हैं। इसे एक राष्ट्रीय उत्सव व पर्व के रूप में मनाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि 22 जनवरी से पहले वे रथ यात्रा निकालकर रांची लोकसभा क्षेत्र के तमाम छोटे-बड़े मंदिरों में पहुंचेंगे और दर्शन पूजन कर पुष्प अर्पित करेंगे। उन्होंने लोगों से वादा किया कि 2024 के अक्टूबर-नवंबर तक गोंदलीपोखर तालाब के चारो ओर छठ घाट सीढ़ी का निर्माण कराने के साथ पूर्ण सौंदर्यीकरण का कार्य कराएंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष रामनाथ महतो, संचालन रामनाथ महतो व ज्योतिष महतो और धन्यवाद ज्ञापन नीलकंठ चौधरी ने किया। मौके पर पूर्व विधायक रामकुमार पाहन, भाजपा जिलाध्यक्ष सुरेंद्र महतो, जिप सदस्य अनुराधा मुंडा, मनोज कुमार चौधरी, राजेंद्र महतो, ज्योतिष महतो, देवनाथ महतो, अजय महतो, प्रमोद सिंह, कामेश्वर महतो, जगेश्वर महतो, राजू प्रमाणिक, सुनील महतो, शिवशंकर केशरी, अमर केशरी, सागर साहू, दीपक सोनी, सूरज गुप्ता, शुकर साहू, नरेश साहू, रामसाय मुण्डा, हिमांशु शेखर चैधरी, दुर्गा महतो, सुप्रेश महतो, रंजीत केशरी सोनू, घनेनाथ महतो, गौरीशंकर मुण्डा, हेमंत महतो, दीनू केशरी, सचिन केशरी, लक्ष्मण बाबा, अगमलाल महतो, शिकारी महतो, चामु महतो, दुर्गा पहान, सिकंदर अंसारी, त्रिलोकी गोस्वामी आदि उपस्थित थे।

## रांची सांसद ने किया सड़क का शिलान्यास

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**नामकुम।** रांची के सांसद संजय सेठ ने बुधवार को सांसद मद से नामकुम प्रखंड अंगर्गत टाटीसिलवे के टाटी पंचायत में भागलपुर से शमशान घाट जाने वाली सड़क का शिलान्यास किया। इस अवसर पर खिजरी के पूर्व विधायक रामकुमार पाहन, सांसद प्रतिनिधि खिजरी विधानसभा प्रमोद कुमार सिंह, टाटीपूर्वी मुखिया कृष्णा पहान, पूर्व मंडल अध्यक्ष गाजू महतो, मंडल अध्यक्ष राजेंद्र महतो, पूर्व महामंत्री सरयुग प्रसाद, महिला मोर्चा ग्रामीण जिला अध्यक्ष माधुरी देवी, महामंत्री अमित कुमार मिश्रा, जिला अध्यक्ष सुरेंद्र महतो, नरेश साहू, आशा राम महतो, धनंजय कुमार पांडे, सिद्वाम सिंह मुंडा, उमाकांत राय, महीराम महतो, गिरिधर मिश्रा, हलधर मिश्रा, सबिता देवी, वीणा देवी के साथ स्थानीय ग्रामीण भी उपस्थित थे।

## वन हमें हवा, पानी, जलावन की लकड़ी के साथ रोजगार का भी देता है अवसर : रामटहल चौधरी



**ओरमांझी (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के सरना टोली बसुआ पतरा में वन पर्यावरण मेला सह मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व सांसद रामटहल चौधरी भी शामिल हुए। उन्होंने महिला और पुरुष फुटबॉल प्रतियोगिता में विजय खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया। जिसमें पुरुष वर्ग सीएफसी चकला ने सीएफसी दरदाद को एक गोल से पराजित किया। वहीं, महिला फुटबॉल में सीएफसी बारीडीह ने सीएफसी फुटबॉल क्लब दरदाग को 2-1 गोल से पराजित किया। मैराथन दौड़ पुरुष प्रतियोगिता 1000 मीटर में रविंद्र महतो प्रथम, द्वितीय पुरस्कार रंजीत महतो एवं महिला दौड़ प्रतियोगिता 900 मीटर में स्नेहा कुमारीप्रथम, द्वितीय पुरस्कार रिया कुमारी एवं तृतीय पुरस्कार प्रिया कुमारी ने जीता। इस मौके पर रामटहल चौधरी ने कहा कि वन पर्यावरण हम सभी को शुद्ध हवा पानी प्रदान करता है। जीव जंतु वन पर्यावरण पर निर्भर है। वन हमें हवा-पानी लकड़ी के साथ-साथ रोजगार का भी अवसर प्रदान करता है। हम सभी को फल फूल कीमती लकड़ी चाहिए लेकिन बचाने और लगाने के विषय में नहीं सोचते हैं। वन रक्षाबंधन कार्यक्रम से हम सभी को संकल्प करना चाहिए कि हम पेड़ पौधे को अन्य आवश्यक नुकसान नहीं पहुंचाएंगे। इस मौके पर जिला परिषद सदस्य सरिता देवी, उप प्रमुख रिजवान अंसारी, नागरिक परिषद के केंद्रीय अध्यक्ष रणधीर चौधरी, संरक्षक मोतीलाल महतो, अलखनाथ महतो, सुरेंद्र कुमार महतो, अंबिका महतो, अध्यक्ष अशोक महतो, मुकेश महतो, ग्राम प्रधान बालक पाहन, नरेश महतो, बालेश्वर मुंडा, कुलदीप महतो, मुखिया शिवनाथ मुंडा, उप मुखिया उमेश महतो, उप मुखिया बनवारी लाल साहू, मुखिया प्रतिनिधि चांद बाबू, सरवन महतो, आफताब आलम, राम लखन महतो, सुंदरी देवी, संध्या देवी, लक्ष्मण महतो आदि मौजूद थीं।

## कार्यकर्ताओं के सहयोग से 2024 में केंद्र में फिर से बनेगी मोदी की सरकार: जैलेंद्र



**सिल्ली (आजाद सिपाही)।** किता ग्राम में विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत भाजपा के नए व पुराने सदस्यों के साथ मिलन सह वनभोज का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य जैलेंद्र कुमार के अलावा बनमाली महतो भी उपस्थि थे। एस मौके पर जैलेंद्र कुमार ने कहा कि कार्यकर्ताओं के सहयोग व जनता की मदद से 2024 में केंद्र में फिर से मोदी सरकार लानी है। आजादी के 100वें वर्ष में विकसित भारत बना कर पूरे विश्व में परचम लहराना है। उन्होंने कार्यकर्ताओं को जनता के बीच जाकर केंद्र सरकार की योजनाओं जैसे स्वच्छ भारत मिशन, आयुष्मान कार्ड, प्रधानमंत्री आवास, घर-घर नल जल, किसान सम्मान निधि, मुफ्त राशन, मुद्रा ऋण, विश्वकर्मा योजना आदि के बारे में जानकारी देने और लाभ लेने के लिए प्रेरित करने को कहा। साथ ही 22 जनवरी को अयोध्या में राममंदिर के भव्य उद्घाटन का आनंद घर में टेलीविजन पर लेने और शाम को हर घर में श्री राम ज्योति अवश्य जलाने की अपील की। वहीं, वनमाली महतो ने शिक्षा के क्षेत्र में मोदी जी द्वारा किए गए कार्यों के बारे में विस्तार से बताया। मौके पर पूर्व मंत्री रघुवीर महतो, पूर्व मंडल अध्यक्ष सिल्ली विश्वनाथ महतो, राहे जवाहर महतो, पतराहातु सृष्टिधर महतो, ठाकुर दास महतो, साधु चरण महतो, वासुदेव महतो, सुबोध महतो, हरिहर महतो, परसू राम महतो, वीरेंद्र महतो, सुरेंद्र नाथ महतो, रामकिशोर महतो, श्याम महतो, प्रकाश चंद्र महतो, दीनू चौधरी, सुबाशचंद्र महतो, नीतीश कुमार महतो आदि मौजूद थे।

## भालू के हमले में महिला घायल

**लापुंग (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के बीरमकेल निवासी नौरी उराईन (25) पर जंगली भालू ने हमला कर बुरी तरह घायल कर दिया। जानकारी के अनुसार नौरी उराईन गांव के समीप बिसाही गढहा लकड़ी लाने गई थी। तभी जंगल से निकल कर आए एक भालू ने हमला कर दिया। महिला ने किसी तरह अपनी जान बचाई। इस दौरान उसका सिर व हाथ बुरी तरह से घायल हो गया। इसकी सचूना पाकर सहायक अध्यापक बुधनाथ मुंडा ने 108 ऐम्बुलेंस बुलाकर उसे लापुंग सीएचसी भेजा जहां महिला का इलाज चल रहा है। वहीं, घटना की सूचना पाकर वनरक्षी सुभाष प्रमाणिक, वन कर्मी राम किशोर सिंह व संजय भगत ने महिला के घर पहुंचकर उसे तत्काल तीन हजार रुपये मुआवजा दिया।

## केंद्र सरकार की योजनाओं का लाभ लें: सन्नी टोप्पो

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**चान्हो।** प्रखंड अंतर्गत टांगर और तरंगा पंचायत में बुधवार को हमारा संकल्प विकसित भारत कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिसमें भाजपा के युवा नेता सन्नी टोप्पो, बीडीओ अशोक कुमार, पूर्व विधायक गंगोत्री कुजूर शामिल हुए। सन्नी टोप्पो ने कहा कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही सभी योजना की जानकारी लोगों को देना है। कहा कि केंद्र सरकार हर वर्ग का ध्यान रखते हुए योजनाओं को बनाती है। उन्होंने जनप्रतिनिधियों से अपील की कि जो योग्य व्यक्ति है उनको योजनाओं का लाभ जरूर दिलाए। कार्यक्रम में एलइडी वाहन के माध्यम से केंद्र सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के बारे में ग्रामीणों को विस्तार से बताया। कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में कई ऐतिहासिक निर्णय लिये गये जिससे देश विकसित होने की राह पर है। इस मौके पर बीपीओ गुंजन कुमार, मुखिया पूनम उराईन, टांगर मुखिया देवांती उराइन, बीजू पाड़ा मंडल अध्यक्ष सतानंद सिंह, सतीश शाह, शफीक अंसारी, सोनी तबस्सुम, विजय महतो, विशेषर महतो, सुखनंदन नायक, मुकेश उरांव, चरवा उरांव, विवेक कुमार, हफीजुर रहमान आजि मौजूद थे।

## नगड़ी मेला के सफल आयोजन को लेकर बैठक

**पिस्कानगड़ी (आजाद सिपाही)।** मकर संक्रांति के अवसर पर नगड़ी में 14 जनवरी को लगने वाले ऐतिहासिक नगड़ी मेला के सफल आयोजन को लेकर बुधवार को मेला टिकरा में बैठक हुई। जिसमें नगड़ी प्रशासन, नगड़ी मेला संचालन समिति एवं स्वर्णरेखा महोत्सव और ग्रामीण शामिल हुए। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि इस वर्ष भी मेला का सफल संचालन शांति पूर्ण रूप से होगा। नगड़ी अंचलाधिकारी राकेश श्रीवास्तव ने कहा कि जल्द ही अंचल अमीन की ओर से नगड़ी मेला टिकरा का सीमांकन और अतिक्रमण मुक्त किया जाएगा। बैठक की अध्यक्षता अरविंद भगत, संचालन शहीद अहमद और धन्यवाद ज्ञापन बजरंग महतो ने किया। बैठक में इंस्पेक्टर राजकुमार यादव, नगड़ी प्रखंड के जिला परिषद पूनम देवी, बीडीओ दीपाली भगत, लाल, प्रेम प्रकाश नाथ शाहदेव, केदार महतो, शीला देवी, अजय महतो, कृजिवन महतो, नवल महतो, त्रिलोकी महतो, दिलीप महतो और उमेश महतो आदि थे

**इवीएम और वीवीपैट की प्रक्रिया से जागरूक करेगी 'मोबाइल डेमोस्ट्रेशन वैन**

# मतदाताओं के पास अवश्य होनी चाहिए मतदान की प्रक्रिया से संबंधित जानकारियां: प्रदीप भगत

**मतदान के लिए जागरूक करने मोबाइल वैन किया गया रवाना**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



इवीएम की जानकारी देते हुए निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी प्रदीप भगत।

**बेड़ो।** लोकसभा चुनाव को देखते हुए ईवीएम, वीवीपैट एवं मतदान के महत्व के संबंध में लोगों को जागरूक करने के लिए बुधवार को प्रखंड कार्यालय परिसर से प्रचार-प्रसार के लिए एलडीयुक्त मोबाइल वैन को निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी प्रदीप भगत, नोडल पदाधिकारी संजीव कुमार, सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह सीओ प्रताप मिंज, बीडीओ संग्राम मुर्मू, सांसद प्रतिनिधि धनंजय कुमार राय और मुखिया सुशांति भगत ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस असर पर प्रदीप भगत ने कहा कि मतदाता को मतदान करने का अधिकार है। मतदान की प्रक्रिया के संबंध में सभी जानकारियां मतदाताओं के पास अवश्य होनी चाहिए। इसी उद्देश्य से एलडीयुक्त मोबाइल वैन के माध्यम से मतदाताओं को जानकारी देने व ईवीएम और वीवीपैट आदि के संबंध में जागरूकता के लिए रवाना किाय गया है। एलडीयुक्त मोबाइल वैन को मांडर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत मतदान केंद्रों पर जाकर नागरिकों को ईवीएम वीवीपैट के बारे जागरूक कर अधिक से अधिक मतदान करने के लिए जागरूक करेगा। वैन के साथ मास्टर ट्रेनर भी रहेंगे, जो ईवीएम और वीवीपैट की जानकारी देने के साथ-साथ मतदान की प्रक्रिया में भागीदारी बढ़ाने के लिए मतदाताओं को प्रोत्साहित करेंगे। दूसरी ओर, प्रखंड प्रशासन ने प्रखंड कार्यालय परिसर में मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों व पदाधिकारियों का विशेष मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम को लेकर बैठक किया। निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी प्रदीप भगत ने कहा कि ईवीएम किस प्रकार काम करता है सफल मतदान हुआ है या नहीं इसकी जानकारी वीवीपैट द्वारा कैसे प्राप्त होती है इसकी जानकारी दी। मौके पर सत्येंद्र महतो आलोक मिश्रा,करमा उरांव, सत्येंद्र साहू,मुखिया लक्ष्मी कोया,सुनील कच्छप मो शमशाद सहित कई लोग मौजूद थे।

## सरसों फसल पर किसान गोष्ठी सह प्रक्षेत्र दिवस का आयोजन

**सिकिदिरी (आजाद सिपाही)।** रांची के मोराबादी दिव्यायन कृषि विज्ञान केंद्र रामकृष्ण मिशन आश्रम की ओर से रातू प्रखंड के तिगरानया टोली गांव में बुधवार को किसान गोष्ठी सह प्रक्षेत्र दिवस का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम मुख्य रूप से सरसों फसल पर आधारित था। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के सरसों अनुसंधान निदेशालय भरतपुर राजस्थान द्वारा आदिवासी उप योजना अंतर्गत रांची जिले में 100 एकड़ भूमि पर सरसों की खेती के लिए खाद, बीज, कीटनाशी एवं छोटे यंत्र जैसे बैट्री स्प्रेयर व सिंचाई मशीन का वितरण 100 किसानों के बीच किया गया है। यह योजना मुख्य रूप से धान कटाई के बाद खाली पड़े खेतों में सरसों की खेती कर क्षेत्र विस्तार करने एवं सरसों की प्रसंस्करण के लिए 2018 से प्रारंभ की गई है। तिगरा नया टोली ग्राम में 40 एकड़ में सरसों की किस्म बिरसा भाभा की खेती इस योजना के माध्यम से की गई है। केवीके के कृषि वैज्ञानिक डॉक्टर नेहा राजन ने सरसों के प्रभेद की विशेष जानकारी दी। बताया कि इसी माह सरसों के इस योजना के माध्यम से गांव के कुछ किसानों को सरसों अनुसंधान निदेशालय भरतपुर भी विशेष प्रशिक्षण व भ्रमण के लिए भेजा जा रहा है। कार्यक्रम में ग्राम के प्रगतिशील किसान पंकज गोप, रामधन गोप, चरका उरॉव,दसरथ महली, विमल तिग्गा जैसे 40 कृषकों ने भाग लिया।

## मुलाकात



देश के पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद से बुधवार को मुलाकात कर पुष्प देते झारखंड पलामू के धरतीपुत्र शिवधारी राम।

गणतंत्र दिवस का मुख्य समारोह और झंडोत्तोलन पुलिस लाइन स्टेडियम में सुबह 9.05 बजे से

# गणतंत्र दिवस पर पूरे पलामू जिले में रहेगा मांस-मदिरा पर पूर्ण प्रतिबंध

**गणतंत्र दिवस समारोह को लेकर प्रशासनिक एवं पुलिस पदाधिकारियों की संयुक्त बैठक**

आजाद सिपाही संवाददाता

## नगर निगम की ओर से शहर और महापुरुषों की प्रतिमाओं की होगी विशेष सफाई



प्रशासनिक पदाधिकारियों के साथ बैठक करते डीडीसी रवि आनंद।

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले में गणतंत्र दिवस समारोह के सफल आयोजन को लेकर बुधवार को प्रशासनिक एवं पुलिस पदाधिकारियों की संयुक्त बैठक हुई। जिसमें डीडीसी रवि आनंद ने कहा कि पलामू जिला मुख्यालय में इस वर्ष भी गणतंत्र दिवस का मुख्य समारोह मेदिनीनगर स्थानीय पुलिस स्टेडियम में आयोजित किया जाएगा। जहां मुख्य अतिथि सुबह 9.05 बजे झंडोतोलन करेंगे। परेड और झांकियों के प्रदर्शन को लेकर उन्होंने सभी आवश्यक तैयारियों को समय पर पूरा करने का निर्देश दिया। साथ ही झांकियों को आकर्षण रूप देने की बात कही। बैठक में निर्णय लिया गया कि मुख्य समारोह के बाद प्रमंडलीय आयुक्त कार्यालय एवं पुलिस उप महानिरीक्षक कार्यालय में सुबह 10 बजे, पलामू समाहरणालय में 10.20 बजे, पलामू क्लब मेदिनीनगर में सुबह 10.45 बजे और मेदिनीनगर रेड क्रॉस भवन में 11 बजे झंडोत्तोलन होगा। इसके बाद सभी संबंधित कार्यालय प्रधान अपने-अपने कार्यालयों में झंडोत्तोलन करेंगे। विभिन्न क्षेत्रों जैसे खेल, सामाजिक, विकास सहित अन्य क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले व्यक्तियों को सम्मानित किया जायेगा। गणतंत्र दिवस परेड में आईआरबी, जिला बल,गृह रक्षा वाहिनी और एनसीसी आदि की टुकड़ी भाग लेंगे। दूसरी ओर, गणतंत्र दिवस पर नगर निगम की ओर से शहर की विशेष साफ-सफाई की जायेगी। महापुरुषों की प्रतिमा की विशेष सफाई होगी। गणतंत्र दिवस के दिन पूरे जिले में मांस-मदिरा की बिक्री पूर्ण रूप से प्रतिबंधित रहेगी। इस बैठक में डीडीसी रवि आनंद, पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेशन, सदर अनुमंडल पदाधिकारी, सदर पुलिस अनुमंडल पदाधिकारी, नजारत उप समाहर्ता, समान्य शाखा प्रभारी, उप निदेशक सह सूचना जनसंपर्क पदाधिकारी, विभिन्न विभागों के कार्यपालक अभियंता समेत अन्य उपस्थित थे।

# सुंदरलाल बहुगुणा देश के महान पर्यावरण-चिंतक एवं चिपको आंदोलन के प्रमुख नेता थे : कौशल

**सुंदरलाल बहुगुणा की 97 वीं जयंती पर पर्यावरणविद ने पौधरोपण कर उन्हें किया याद**

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेदिनीनगर।** विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरु व वन राखी मूवमेंट के प्रणेता पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल ने मंगलवार को अपने मेदिनीनगर स्थित आवासीय परिसर के आकाश बाग में भारत के महान पर्यावरण चिंतक व चिपको आंदोलन के प्रमुख नेता रहे प्रख्यात पर्यावरणविद पद्मविभूषण स्व सुंदरलाल बहुगुणा की 97वीं जयंती मनाई। उन्होंने पर्यावरण धर्म व उसके प्रार्थना के साथ थाईलैंड प्रजाति का आम का पौधा लगाकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनकी संघर्षपूर्ण जीवनयात्रा को याद किया। कौशल किशोर ने कहा कि सुंदरलाल बहुगुणा भारत के एक महान पर्यावरण-चिंतक एवं चिपको आंदोलन के प्रमुख नेता थे। उन्होंने हिमालय के पर्वतीय क्षेत्रों में वनों के संरक्षण के लिए संघर्ष किया। उनकी पत्नी व कर्नाटक के पांडुरंग हेगड़े, रामकृष्ण हेगड़े, चंद्रशेखर,धूम सिंह नेगी, अमेरिका के जॉर्ज ए जेम्स, नेपाल के सरोज शर्मा भी उनके आंदोलन से जुड़ी थीं। 1970 के दशक में पहले वे चिपको आंदोलन से जुड़े रहे और 1980 के दशक से 2004 तक के दशक में टिहरी बांध के निर्माण के विरुद्ध आंदोलन से। वे भारत के आरंभिक पर्यावरण प्रेमियों में से एक थे। उन्होंने कहा कि पलामू प्रवास के दौरान बहुगुणा ने उनके निःशुल्क पौधा वितरण सह रोपण कार्यक्रम का न सिर्फ हिस्सा बने थे, बल्कि उन्होंने लावारिस सेवा केंद्र व पानी पंचायत के केंद्रीय कार्यालय का भी शुभारंभ किया था। बहुगुणा जी के साथ 1977 में टिहरी के चामा, चमोली के चिपको मूवमेंट से कर्नाटक के अप्पिको आंदोलन समेत देश-विदेश के दर्जनों प्रमुख कार्यक्रमों में शामिल होने का अवसर मिला था। वहीं, संस्था की प्रधान सचिव सह ग्राम पंचायत डाली बाजार की मुखिया पूनम जायसवाल ने कहा कि बहुगुणा जी अपने आंदोलन के दौरान अपनी पत्नी विमला बहुगुणा के साथ दो बार उनके पर्यावरण भवन आवास पर आए थे। छतरपुर पूर्वी से जिला पार्षद अमित कुमार जायसवाल ने कहा कि पलामू प्रवास के दौरान जो लोग बहुगुणा जी से मिलने आते थे उनसे वे कहते थे कि वन और पर्यावरण जीने का आधार है। कार्यक्रम में संस्था के सचिव अरविंद कुमार जायसवाल, प्रोपराइटर अरुण कुमार जायसवाल, कोमल जायसवाल, शिल्पा जायसवाल, पिंकी सिंह, हेम सिंह, नथुनी सिंह, परमानंद मंडल, गुड़िया कुमारी, आराध्या, आशिका व रामू ने उनकी तस्वीर पर श्रद्धासुमन अर्पित कर उन्हें याद किया।

# 29 फरवरी तक आमजनों को इवीएम-वीवीपैट को लेकर किया जायेगा जागरूक

**ईवीएम-वीवीपैट के प्रदर्शन केंद्र का डीडीसी ने किया उद्घाटन, पांच मोबाइल डेमोस्ट्रेशन वैन समाहरणालय परिसर से रवाना**

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेदिनीनगर।** लोकसभा चुनाव को लेकर मतदाताओं को इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन और वीवीपैट के उपयोग के बारे में जागरूक करने सहित अधिकाधिक मतदाताओं को मतदान के लिए प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से कलेक्टोरेट परिसर में बुधवार को डीडीसी रवि आनंद, अपर समाहर्ता सुरजीत कुमार सिंह, उप निर्वाचन पदाधिकारी प्रीति किस्कु ने ईवीएम-वीवीपैट प्रदर्शन सह डेमोस्ट्रेशन केंद्र का उद्घाटन किया। इसके बाद सभी पदाधिकारियों व अपने कार्य को लेकर आये कई लोगों ने मौके पर वोट किया व किसे वोट दिया गया इसकी जानकारी वीवीपैट में देखा। समाहरणालय परिसर के अलावे पांकी विधानसभा क्षेत्र के लिये जिला आपूर्ति कार्यालय के समीप,डालटनगंज विधानसभा क्षेत्र के लिये सदर अनुमंडल कार्यालय परिसर, विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र के मतदाताओं के लिए पलामू अपर समाहर्ता कार्यालय, छत्तरपुर विधानसभा क्षेत्र के लिये छतरपुर अनुमंडल कार्यालय परिसर व हुसैनाबाद के लिए हुसैनाबाद अनुमंडल कार्यालय परिसर में ईवीएम-वीवीपैट डेमोस्ट्रेशन केंद्र का अधिष्ठापन किया गया है। दूसरी ओर, जिले के मतदाताओं को अधिकाधिक ईवीएम-वीवीपैट के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से जिले के पांचों विधानसभा अंतर्गत सभी 1596 मतदान केंद्र के क्षेत्रों में पांच मोबाइल वैन के माध्यम से मतदाताओं ईवीएम-वीवीपैट के प्रति जागरूक किया जायेगा।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### हुसैनाबाद में खुला धान अधिप्राप्ति केंद्र



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** व्यापार मंडल में बुधवार को धान अधिप्राप्ति केंद्र खोला गया। जिसका उद्घाटन विधायक प्रतिनिधि अजीत कुमार सिंह, जिला परिषद उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह, व्यापार मंडल अध्यक्ष कृष्णा बैठा, प्रखंड प्रमुख राजकुमारी देवी, बीससूत्री अध्यक्ष गुड्डू सिंह, सासंद प्रतिनिधि अखिलेश मेहता और क्रय पदाधिकारी अखिलेश शर्मा ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर अजित सिंह ने कहा कि हुसैनाबाद में धान क्रय केंद्र खुलने से किसानों को अब औने-पौने दामों में धान नहीं बेचना पड़ेगा। किसानों को उचित मूल्य पर धान क्रय केंद्र पर लिया जायेगा। वहीं, जिला उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह ने कहा कि धान अधिप्राप्ति केंद्र खुलने से किसानों को अब बिचौलियों की समस्याओं से निजात मिलेगी और धान की उचित कीमत का लाभ मिलेगा। इस मौके पर पैक्स अध्यक्ष सुरेश प्रसाद यादव, बिमलेश पासवान, मुखिया अमरेंद्र ठाकुर, ओम प्रकाश राजवंशी, विजय यादव, विनय पासवान, संतोष सिंह, रामराज मेहता, बिगन प्रजापति, बलराम मेहता और सुरेंद्र प्रसाद सिंह आदि मौजूद थे।

### सिटी बजाओ, स्कूल बुलाओ कार्यक्रम के तहत मध्य विद्यालय ने निकाली जागरूकता रैली

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग झारखंड के निर्देशानुसार सरकारी विद्यालयों में उपस्थिति बढ़ाने के लिए सिटी बजाओ, स्कूल बुलाओ कार्यक्रम के तहत हुसैनाबाद राजकीयकृत मध्य विद्यालय की ओर से बुधवार को जागरूकता रैली निकाली गई। जिसमें शामिल बच्चों ने गगनभेदी नारें लगाये। पंक्तिबद्ध बच्चों का जुलुस शहर के पटेल चौक, कुर्मी टोला, मधुशाला रोड, गांधी चौक, अंबेडकर चौक, जेपी चौक से गुजरते हुए विद्यालय परिसर में आकर संपन्न हुआ। उल्लेख्य है कि प्रत्येक पोषक क्षेत्रों में 1-2 छात्रों को विद्यालय द्वारा सिटी उपलब्ध कराना है एवं विद्यालय आने से पहले सीटी बजाते हुए छात्र विद्यालय आएंगे और सीटी बजाने का वीडियो एवं फोटो सोशल मीडिया (व्हाट्सएप, फेसबुक, ट्विटर) पर ट्रेंड करना है। इस दायित्व को सभी कर्मियों की भागीदारी सुनिश्चित करनी है और पारस्परिक सहयोग से अपेक्षित लक्ष्य हासिल करना है। मौके पर प्रधानाध्यापक कन्हैया प्रसाद, शिक्षक राजेश गुप्ता, जुबैर अंसारी, राजेश श्रीवास्तव आदि मौजूद थे।

### मधुमक्खी के हमले से घायल दिव्यांग की मौत

**उंटारी रोड/पलामू (आजाद सिपाही)।** जिले के विश्रामपुर प्रखंड क्षेत्र के सिगसिगी बिचला टोला गांव निवासी दिव्यांग वृद्ध पारसनाथ चौधरी (68) को मधुमक्खियों ने काट लिया था। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गये थे। मंगलवार की देर शाम उन्होंने दम तोड़ दिया। सिगसिगी निवासी सामाजिक कार्यकर्त्ता अनुज चौधरी ने बताया कि पारसनाथ चौधरी गांव में ही पीपल के पेड़ के नीचे बैठे थे। जहां हजारों मधुमक्खियों ने हमला कर दिया था।

# बलवंत सिंह नामधारी इंटर कालेज में शैक्षणिक हड़ताल, पठन-पाठन ठप

आजाद सिपाही संवाददाता



**सतबरवा/पलामू।** वित्त रहित शिक्षा संयुक्त संघर्ष मोर्चा झारखंड प्रदेश के आह्वान पर बुधवार को पूरे प्रदेश में शैक्षणिक हड़ताल की घोषणा की गई थी। जिसे लेकर बुधवार को बलवंत सिंह नामधारी मेमोरियल इंटर कॉलेज सतबरवा में सभी शिक्षक-शिक्षकेत्तर कर्मचारियों ने छात्र एवं छात्राओं की उपस्थिति में शैक्षणिक हड़ताल किया। जिसका नेतृत्व महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो अजय प्रसाद ने किया। मौके पर उपस्थित परीक्षा विभाग प्रो उपेंद्र कुमार सिंह, प्रो प्रतिमा कुमारी, प्रो निकिता कुमारी, प्रो मनु देव, प्रो किरण कुमारी, प्रो अंजना कुमारी, रिशाल सिंह प्रधान सहायक,भोला महतो, सुदामा प्रसाद, मनु महतो, मिथिलेश सिंह आदि उपस्थित थे।

## छतरपुर एसडीएम ने किया प्रखंड सह अंचल कार्यालय का औचक निरीक्षण, दिये निर्देश



**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** छतरपुर के एसडीएम हीरा कुमार ने बुधवार को हरिहरगंज प्रखंड सह अंचल कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। इसके बाद बीडीओ कार्यालय में अधिकारियों और कर्मियों के साथ समीक्षा बैठक की। इस दौरान उन्होंने सरकार के जनकल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर उतारने के साथ कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए। वहीं एसडीओ ने जेएसएलपीएस के बीपीएम मुकेश कुमार को ग्रामीण क्षेत्र में कुछ अलग परियोजना के साथ कार्य करने का निर्देश दिया। बैठक में बीडीओ राजेश एक्का, एलआरडीसी विजय केरकेट्टा, अकांक्षी प्रखण्ड कॉ-र्डिनेटर प्रणव कुमार सिंह, जेएसएलपीएस बीपीएम मुकेश कुमार, बड़ा बाबू सरयू बैगा, प्रभाकर कुमार,नाजीर ब्रजेश कुमार, महिला एवं बाल विकास परियोजना प्रवेक्षिका सुमित्रा कुमारी आदि उपस्थित थे।

## सत्यानंद भोक्ता होंगे फुटबॉल फाइनल टूर्नामेंट के मुख्य अतिथि



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के पथरा-शिवपुर भाईचारा एकता कमेटी की ओर से आयोजित नॉक आउट फुटबॉल टूर्नामेंट के फाइनल मुकाबला में मुख्य अतिथि के रूप में राज्य के श्रम नियोजन एवं कौशल विकास मंत्री सत्यानंद भोक्ता शामिल होंगे। इसकी जानकारी भाईचारा एकता कमेटी के संयोजक जाकिर अली उर्फ राज अली ने दी। बताया कि फाइनल मुकाबला 12 जनवरी को खेला जाएगा।


## स्पोर्ट्स



अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली अफगानिस्तान के खिलाफ शुरु हो रहे टी-20 सीरीज का पहला मुकाबला नहीं खेलेंगें। वे दूसरे और तीसरे टी-20 मैच के लिए उपलब्ध रहेंगें। इसकी जानकारी भारतीय टीम के हेट कोच राहुल द्रविण ने दी।

कोच राहुल द्रविड़ ने कहा- रोहित शर्मा के साथ ओपन करेंगे जायसवाल

# अफगानिस्तान के खिलाफ पहला टी-20 नहीं खेलेंगे कोहली



**मोहाली (एजेंसी)।** अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली अफगानिस्तान के खिलाफ टी-20 सीरीज का पहला मुकाबला नहीं खेलेंगे। वे दूसरे और तीसरे टी-20 के लिए उपलब्ध रहेंगे। कप्तान रोहित शर्मा के साथ यशस्वी जायसवाल पारी की शुरूआत करेंगे, जबकि शुभमन गिल कोहली की गैरमौजूदगी में नंबर-3 पर बैटिंग करेंगे। बुधवार को भारतीय टीम के हेड कोच राहुल द्रविड़ ने मोहाली में टी-20 से पहले यह जानकारी दी। द्रविड़ ने कहा कि 'विराट निजी कारणों की वजह से पहले मुकाबले के लिए उपलब्ध नहीं हैं।' भारत और अफगानिस्तान के बीच टी-20 सीरीज का पहला मुकाबला गुरुवार को खेला जाएगा। यह मुकाबला मोहाली के बिंद्रा स्टेडियम में शाम सात बजे से खेला जाएगा।

### टीम और रोहित मोहाली पहुंचे

विराट कोहली अब तक मोहाली नहीं पहुंचे हैं। जबकि कप्तान रोहित शर्मा और बाकी खिलाड़ी अलग-अलग ग्रुप में मोहाली पहुंच गए हैं।

## भारत के खिलाफ नहीं खेलेंगे राशिद खान:पीठ की चोट दोबारा उभरी



अफगानिस्तान के स्टार ऑलराउंडर राशिद खान भारत के खिलाफ टी-20 सीरीज नहीं खेल पाएंगे। उनकी पीठ की चोट दोबारा उबर गई है। राशिद ने दो महीने पहले पीठ की सर्जरी कराई थी। अफगानिस्तानी टीम के कप्तान इब्राहिम जादरान ने पहले टी-20 से पहले बताया कि राशिद मैच खेलने के लिए फिट नहीं हैं। उनकी कमी महसूस होगी, लेकिन मुजीब, नूर और नबी जैसे टॉप क्लास स्पिनर्स उपलब्ध रहेंगे।भारत-अफगानिस्तान के बीच टी-20 सीरीज गुरुवार से शुरू हो रही है। पहला मुकाबला मोहाली के क्र बिंद्रा स्टेडियम में खेला जाएगा।

**राशिद पूरी तरह फिट नहीं :** 25 साल के स्टार ऑलराउंडर ने 2 महीने पहले पीठ की सर्जरी कराई थी। वह टीम के साथ चंडीगढ़ पहुंचे और कुछ देर बॉलिंग भी की, लेकिन मैच से पहले कप्तान इब्राहिम जादारान ने कहा, 'राशिद पूरी तरह फिट नहीं है, उन्हें मैच फिट होने में अभी कुछ और समय लगेगा।'

# खुद से अतिक्रमण नहीं हटाया तो जुर्माने के साथ होगी कानूनी कार्रवाई: एसडीएम

आजाद सिपाही संवाददाता



**हुसैनाबाद।** शहर से अतिक्रमण हटाने को लेकर प्रशिक्षु आइएएस सह एसडीओ आशीष गंगवार ने बुधवार को नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी बिपुल सन्नी व थाना प्रभारी समीर तिर्की के साथ अभियान चलाया। इस दौरान पदाधिकारियों ने शहर के दिनेश चौक, जेपी चौक व मुख्य बाजार में सड़क पर अतिक्रमण करने वाले कई दुकानदारों के सामान को जब्त कर लिया। वहीं, सड़क पर यत्र-तत्र वाहन लगाने वालों दर्जनों लोगों से 34 हजार रुपये का जुर्माना भी वसूला गया। एसडीओ आशिष गंगवार ने कहा कि शहर के मुख्य बाजार व जेपी चौक समेत कई अन्य चौक पर जिन दुकानदारों व सब्जी विक्रेताओं ने अतिक्रमण किया है वह यथाशीघ्र अतिक्रमण हटा लें अन्यथा जुर्माने के साथ कानूनी कार्रवाई भी की जाएगी। कार्यपालक पदाधिकारी ने बताया कि गुरुवार से ध्वनि विस्तारक यंत्र से चेतावनी दी गई। इसके उपरांत शहर में क्रमबद्ध रूप से अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया जाएगा। मौके पर नगर प्रबंधक राकेश सिंह, अनुमंडल के प्रधान सहायक भीम रमन ,नगर पंचायत के नाजिर रविकांत पटेल समेत पुलिस बल के कई जवान मौजूद थे।

**कार्यक्रम : 21 जनवरी को रामगढ़ में नीतीश कुमार की सभा को सफल बनाने का आह्वान**

# नीतीश कुमार में प्रधानमंत्री बनने के सभी गुण : खीरू

**जदयू के राज्यसभा सांसद की अगुवाई में पार्टी के पदाधिकारियों की हुई बैठक**

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** झारखण्ड के प्रदेश अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद खीरू महतो ने परिसदन में जिले के प्रमुख पदाधिकारियों एवं नेताओं के साथ बुधवार को बैठक कर विचार-विमर्श किया। इस दौरान आगामी 21 जनवरी को पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार रामगढ़ में एक विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे। खीरू महतो ने कहा कि आने वालों दिनों में नीतीश कुमार देश के प्रधानमंत्री बनेंगे। उन्होंने गठबंधन के सभी दलों से मांग की कि आपलोग नीतीश कुमार को गठबंधन का संयोजक बनाये। क्योंकि उनके पास प्रधानमंत्री बनने से सारे गुण उपलब्ध है। इस कार्यक्रम से पूरे झारखंड के कार्यकर्ताओं में एक नये उर्जा शक्ति का संचार होगा। आने वालों दिनों में नीतीश कुमार कि सभा झारखण्ड के हर प्रमंडल में की जाएगा। इस दौरान जिला पदाधिकारी, आने वाले प्रदेश पदाधिकारी, नगर अध्यक्ष, प्रखण्ड अध्यक्ष एवं प्रमुख नेताओं ने बैठक में भाग लिया। जिसकी अध्यक्षता पार्टी के जिलाध्यक्ष पिंटू कुमार सिंह ने किया। बैठक में सर्वसम्मति से 21 जनवरी को रामगढ़ में होने वाले नीतीश जोहार कार्यक्रम में सभी कार्यकर्ताओं ने शिरकत करने का निर्णय लिया। वहीं, मधुकर सिंह ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के रामगढ़ में होने वाली कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए हजारों की संख्या में पहुंचने की अपील की। मौके पर प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष रामस्वरूप यादव, प्रदेश महासचिव सुशील कुमार सिंह, दीप नारायण सिंह, हाजी हसीब खान, पार्टी के मुख्यालय प्रभारी श्रवण कुमार, प्रदेश महासचिव संजय कुमार सिंह, वीरेंद्र पासवान, सकल देव राय, प्रदेश सचिव राजु कुमार सिंह, सुभाष राय, मुन्ना सिन्हा, उचित महतो, धनबाद नगर अध्यक्ष धनलाल दूबे, केबी सहाय, रूपेश पासवान, विजय सिंह कुशवाहा, महिला जिलाध्यक्ष पुष्पा पाण्डेय, कामेश्वर यादव, सुमित वर्मा, बबलू मोदक, गोपाल चंद्र गोप, पूर्वी टुंडी के अध्यक्ष शिशिर दा, अशोक दास, गुलाब महतो, गौतम मंडल, निरसा प्रखण्ड अध्यक्ष राज कुमार सिंह, झप्पु सिंह, बैजु सिन्हा, स्मृति कांत सिंह, अशोक सिंह, रीता रानी मण्डल, साधु शरण पासवान, दिलीप सिन्हा, जितेंद्र पाण्डेय, प्रमोद पाण्डेय, महिला प्रदेश सचिव बिंदु देवी, जिला सचिव संजय डे, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष इम्तियाज अंसारी, निर्मल रवानी, मनोज कुमार, दीपक महतो, अनिला सिन्हा, दलित प्रकोष्ठ के अध्यक्ष अनोज पासवान, आदित्य पासवान आदि उपस्थित थे।



जदयू की बैठक में शामिल पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद खीरू महतो व अन्य।

## डीसी ट्रेन परिचालन शुरू, सांसद और विधायक ने दिखायी हरी झंडी

### अन्य बंद ट्रेनों का भी शुरू होगा परिचालन : चंद्रप्रकाश चौधरी



आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** डीसी रेल सेवा विगत पांच साल से बंद थी, जिसका परिचालन बुधवार से शुरू हो गया। इसे लेकर लोगों में भारी उत्साह है। कतरासगढ़ स्टेशन में डीसी ट्रेन का ठहराव पूर्व की भांति ही रहेगा। जिसकी शुरुआत बुधवार से ही हुई। ट्रेन के पहुंचते ही कतरास कोयलांचलवासियों के साथ गिरिडीह सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी एवं बाघमारा विधायक ढुल्लू महतो ने ट्रेन के चालक-गार्ड का स्वागत किया। सांसद व विधायक ने कहा कि डीसी रेल लाइन में 26 जोड़ी ट्रेन बंद होने के पूर्व चलती थी। धीरे-धीरे सभी ट्रेन शुरू होगी। इस दिन हम सभी को डीसी ट्रेन मिल गई है। रेल मंत्री और प्रधानमंत्री जी जन हित भावना को देखते हुए कार्य कर रहे है। वहीं, विधायक ने कहा कि जो लोग डीसी रेल लाइन में खतरा बताया, बंद होने की आशंका जाहिर की। जो लोग षड्यंत्र रच रहे है उनलोगों को यह याद होना चाहिये कि केंद्र सरकार कतरासगढ़ स्टेशन के सौंद्रीयकरण के लिये 50 करोड़ रुपए खर्च कर रही है। इसे लेकर कार्य भी शुरू है। इसलिय कोई बयानबाजी कर जनता को भ्रमित करने का प्रयास ना करें। राज्य सरकार ने डीसी लाइन में बंद ट्रेनों के शुरूआत के लिये कभी भी कोई प्रयास नहीं किया। रेल मंत्रालय को कभी इसे लेकर कोई अनुशंषा तक नहीं की। सरकार को राज्य की खनिज संपदा लूटने से समय नहीं मिल रहा है। क्षेत्र की जनता की समस्या का समाधान करने का प्रयास हमलोगों का हमेसा जारी रहेगा। उधर, सांसद सीपी चौधरी ने कहा कि डीसी ट्रेन को शुरू करने को लेकर कई बार रेल मंत्री से मिला। जिसका परिणाम है कि डीसी ट्रेन आज से शुरू हो गई है। बतातें चलें कि कभी कतरासगढ़ स्टेशन से होकर 26 ट्रेन गुजरती थी। ठहराव भी करती थी। इसी बीच, डीसी रेल लाइन को अग्निप्रभावित बताकर ट्रेनों के परिचालन को बंद कर दिया गया था। पर सांसद और विधायक के प्रयास से पुनः डीसी रेल का परिचालन शुरू किया गया।

## धनबाद रेलवे स्टेशन पर सांसद पीएन सिंह और राज सिन्हा ने दिखायी झंडी



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** धनबाद के सांसद पशुपति नाथ सिंह, विधायक राज सिन्हा एवं मंडल रेल प्रबंधक कमल किशोर सिन्हा ने बुधवार को धनबाद स्टेशन पर ट्रेन संख्या 03332, धनबाद-चंद्रपुरा पैसेंजर स्पेशल को हरी झंडी दिखाकर इसके पुनः परिचालन का शुभारंभ किया। इस अवसर पर वरीय मंडल वाणिज्य प्रबंधक एवं कर्मचारी आदि उपस्थित थे। ट्रेन संख्या 03332, धनबाद-चंद्रपुरा पैसेंजर स्पेशल 17.05 बजे धनबाद से प्रस्थान करेगी और 19.45 बजे चंद्रपुरा पहुंचेगी। यह ट्रेन रविवार को छोड़कर सप्ताह में छह दिन चलेगी। मौके पर वरीय मंडल वाणिज्य प्रबंधक अमरेश कुमार एवं वरीय जनसंपर्क अधिकारी मौजूद थे।

## सांसद पीएन सिंह ने किया सौर और बिजली ऊर्जा से संचालित सामुदायिक पेयजल मीनार का उद्घाटन

आजाद सिपाही संवाददाता




**बोकारो।** इस्पात संयंत्र के सीएसआर विभाग की ओर से परिक्षेत्रीय गांव बोधनाडीह में सौर और बिजली ऊर्जा से संचालित सामुदायिक पेय-जल मीनार का उद्घाटन धनबाद के भाजपा सांसद पशुपति नाथ सिंह ने किया। इस कार्यक्रम में मुख्य महाप्रबंधक (कार्मिक) हरी मोहन झा, सीएसआर विभाग के महा प्रबंधक चौधरी रत्नेश कुमार सुधांशु भी उपस्थित थे। गौरतलब हो कि यह गांव अनुसूचित जाति और जनजाति बाहुल्य गांव हैं। जल मीनार सुविधा के पहले ग्रामीण कुएं और नदी के अशुद्ध जल का उपयोग करते थे। इस सुविधा के बाद सभी ग्रामीणजनों को शुद्ध पेय जल की आपूर्ति होगी। कार्यक्रम के दौरान सांसद ने जरूरतमंद ग्रामीणों के बीच लगभग 100 कंबल का भी वितरण किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में सांसद प्रतिनिधि एके वर्मा, मृगांक शेखर, कमलेश राय, उप प्रबंधक अशोक कुमार, सूरज चंद्र तिवारी, गौरव मिश्रा, संतोष कुमार, बहादुर सिंह और राकेश कुमार दत्ता की सराहनीय भागीदारी रही।

## जिला शिक्षा पदाधिकारी ने किया पोषक क्षेत्र का भ्रमण

आजाद सिपाही संवाददाता



**धनबाद।** जिले के सभी सरकारी विद्यालयों में बच्चों की उपस्थिति बढ़ाने व ड्रॉप आउट पर पूर्णता अंकुश लगाने को लेकर चलाए जा रहे सीटी बजाओ, स्कूल बुलाओ कार्यक्रम के तहत बुधवार को जिला शिक्षा पदाधिकारी भूतनाथ रजवार ने धनबाद मध्य विद्यालय दुर्गा मंदिर एवं लोवाडीह उत्क्रमित उच्च विद्यालय के पोषक क्षेत्र में शिक्षकों एवं छात्राओं के साथ भ्रमण किया। विद्यालय में टोलावार चार-चार बच्चों की टोली बनाई गई और हर टोली के लिए एक शिक्षक को नोडल बनाया गया। भ्रमण के दौरान सीटी बजाने पर बच्चों को विद्यालय आने के लिए उत्साह के साथ घर से निकलते देखा गया। इसके अलावा गुरुवार को जिले के सभी सरकारी विद्यालयों में बच्चों की उपस्थिति बढ़ाने व ड्रॉप आउट पर पूर्णता अंकुश लगाने के लिए सुबह 8.30 बजे से 9.30 बजे तक सीटी बजाओं हैशटैग के साथ एक घंटे का सोशल मीडिया महाअभियान को सफल बनाने की अपील की गई। भ्रमण के दौरान क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारी एवं अतिरिक्त जिला कार्यक्रम पदाधिकारी भी उपस्थित रहे।

### डीएवी सेक्टर-6 में विश्व हिंदी दिवस पर गोष्ठी का आयोजन

## हिंदी की उपेक्षा का प्रमुख कारण है बदलती मानसिकता: बीएमएल दास

आजाद सिपाही संवाददाता



गोष्ठि में उपस्थित विद्यार्थी व गणमान्य लोग।

**बोकारो।** सेक्टर 6 स्थित डीएवी पब्लिक स्कूल में बुधवार को हिंदी दिवस पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा सातवीं से 9वीं तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का उद्घाटन प्राचार्य बृजमोहन लाल दास ने किया। उन्होंने कहा कि जब तक हम दैनिक उपयोग में हिंदी का अधिक से अधिक प्रयोग नहीं करेंगे, तब तक हमारी हिंदी उपेक्षित ही रहेगी। हमें हिन्दी की पहचान बनाने के विकास के लिए आगे आना होगा। हिंदी की उपेक्षा का प्रमुख कारण हमारी बदलती मानिसकता है। जरूरत के अनुसार अंग्रेजी भाषा का उपयोग करने की जरूरत है। लेकिन स्थिति बदल गई है। हम अंग्रेजी भाषा के गुलाम हो गये हैं। बिना अंग्रेजी के एक कदम चलना नहीं चाहते हैं। हिंदी में वह ताकत है, जो हमें सबसे अलग खड़ी करती है। साथ ही अपनी भावना व जज्बात को एक-दूसरे तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। अन्य शिक्षकों ने भी अपने विचार व्यक्त किए। बाल शेखर झा, नीलम झा, अखिलेश कुमार ने कहा कि मुझे गर्व है कि मैं शिक्षक हूं और हमारी मातृभाषा हिंदी है। हिंदी से ही हमारी पहचान है। पर दुःख है कि आज के समय में अंग्रेजी को प्राथमिकता मिल रही है। किसी भी कार्यालय में जाने पर अधिकांश लोग अंग्रेजी में ही अभिवादन करते हैं। मौके पर सरोज कुमारी, तनु कुमारी, पुतुल मंडल श्याम भूषण श्रीवास्तव, साहित्य शिक्षक, शिक्षिका व शिक्षकेत्तर कर्मचारी मौजूद थे।



# झारखण्ड सरकार
## गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग

### झारखण्ड आन्दोलनकारी चिन्हितीकरण आयोग।

61वीं औपबंधिक सूची
जिला–हजारीबाग (पार्ट–02)

| क्र0 | आवेदनकर्त्ता की विवरणी | गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, झारखण्ड, राँची के संकल्प संख्या–1938, दिनांक–20.04.2021 के आलोक में प्रदत्त कंडिका |
|---|---|---|
| | विवरण :– चिन्हित स्थानीय झारखण्ड आन्दोलनकारी रामप्रवेश सिंह एवं सुखदेव प्रजापति द्वारा आयोग के माननीय सदस्य के समक्ष लिखित बयान एवं पहचान के आधार पर। | |
| 45. | 1. आवेदन क्र०–664/23<br>2. आवेदक–पार्वती देवी , पिता–रामकुमार राम<br>3. ग्राम–कालाद्वार , पोस्ट–रतनपुर , थाना–ईचाक , प्रखण्ड–ईचाक<br>4. लिंग–पुरुष, आयु–43 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 46. | 1. आवेदन क्र०–665/23<br>2. आवेदक–बसंती देवी , पति–सुरेश प्रसाद<br>3. ग्राम–जोगिडीह , पोस्ट–रतनपुर , थाना–ईचाक , प्रखण्ड–ईचाक<br>4. लिंग–महिला, आयु–51 वर्ष, पहचान चिन्ह–ओंठ में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 47. | 1. आवेदन क्र०–666/23<br>2. आवेदक–अनिल कुमार मेहता , पिता–नारायण प्रसाद मेहता<br>3. ग्राम–दरिया , पोस्ट–रतनपुर , थाना–ईचाक , प्रखण्ड–ईचाक<br>4. लिंग–पुरुष, आयु–43 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 48. | 1. आवेदन क्र०–667/23<br>2. आवेदक–छत्रधारी महतो , पिता–जगदीश महतो<br>3. ग्राम–फुफंदी , पोस्ट–रतनपुर , थाना–ईचाक , प्रखण्ड–ईचाक<br>4. लिंग–पुरुष, आयु–65 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 49. | 1. आवेदन क्र०–668/23<br>2. आवेदक–संतोष कुमार , पिता–जगरनाथ महतो<br>3. ग्राम–जगड़ा , पोस्ट–रतनपुर , थाना–ईचाक , प्रखण्ड–ईचाक<br>4. लिंग–पुरुष, आयु–42 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 50. | 1. आवेदन क्र०–669/23<br>2. आवेदक–सुनील कुमार मेहता , पिता–नारायण प्रसाद मेहता<br>3. ग्राम–दरिया , पोस्ट–रतनपुर , थाना–ईचाक , प्रखण्ड–ईचाक<br>4. लिंग–पुरुष, आयु–49 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 51. | 1. आवेदन क्र०–670/23<br>2. आवेदक–हरिहद महतो , पिता–रूदो महतो<br>3. ग्राम–दरिया , पोस्ट–रतनपुर , थाना–ईचाक , प्रखण्ड–ईचाक<br>4. लिंग–पुरुष, आयु–69 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 52. | 1. आवेदन क्र०–671/23<br>2. आवेदक–अनिता देवी , पति–ईश्वर प्रसाद मेहता<br>3. ग्राम–बरवा , पोस्ट–रतनपुर , थाना–ईचाक , प्रखण्ड–ईचाक<br>4. लिंग–महिला, आयु–45 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| | विवरण :– चिन्हित स्थानीय झारखण्ड आन्दोलनकारी श्री नरसिंह मुर्मू एवं महादेव मांझी द्वारा आयोग के सदस्य के समक्ष लिखित बयान एवं पहचान के आधार पर। | |
| 53. | 1. आवेदन क्र0–1074/22<br>2. आवेदक–महादेव मांझी , पिता–स्व0 तलवा मांझी<br>3. ग्राम–गरसुल्ला , पोस्ट–गोसाईबलिया , थाना–उरीमारी , प्रखण्ड–बड़कागांव<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–71 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 54. | 1. आवेदन क्र0–1075/22<br>2. आवेदक–बिन्ध्याचल , पिता–स्व0 मैथा<br>3. ग्राम–गरसुल्ला , पोस्ट–गोसाईबलिया , थाना–उरीमारी , प्रखण्ड–बड़कागांव<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–70 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायाँ बांह में मासा का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 55. | 1. आवेदन क्र0–1076/22<br>2. आवेदक–बिरसा मांझी , पिता–स्व0 रथो मांझी<br>3. ग्राम–गरसुल्ला , पोस्ट–गोसाईबलिया , थाना–उरीमारी , प्रखण्ड–बड़कागांव<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–64 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिना गाल में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 56. | 1. आवेदन क्र0–1053/22<br>2. आवेदक–कुन्दु मांझी , पिता–स्व0 तालो मांझी<br>3. ग्राम–गरसुल्ला , पोस्ट–गोसाईबलिया , थाना–उरीमारी , प्रखण्ड–बड़कागांव<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–52 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 57. | 1. आवेदन क्र0–1057/22<br>2. आवेदक–सुरेश कुमार , पिता–स्व0 तापेश्वर मांझी<br>3. ग्राम–गरसुल्ला , पोस्ट–गोसाईबलिया , थाना–उरीमारी , प्रखण्ड–बड़कागांव<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–45 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिना पैर में घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 58. | 1. आवेदन क्र0–1059/22<br>2. आवेदक–राजकुमार सिंह , पिता–स्व0 बन्सीधर सिंह<br>3. ग्राम–गरसुल्ला , पोस्ट–गोसाईबलिया , थाना–उरीमारी , प्रखण्ड–बड़कागांव<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–60 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें पैर में कटे का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 59. | 1. आवेदन क्र0–1052/22<br>2. आवेदक–खगेश्वर मांझी , पिता–स्व0 संजुल मांझी<br>3. ग्राम–गरसुल्ला , पोस्ट–गोसाईबलिया , थाना–उरीमारी , प्रखण्ड–बड़कागांव<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–43 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें हाथ में कटे का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 60. | 1. आवेदन क्र0–1068/22<br>2. आवेदक–जतरू मांझी , पिता–स्व0 लाथो मांझी<br>3. ग्राम–गरसुल्ला , पोस्ट–गोसाईबलिया , थाना–उरीमारी , प्रखण्ड–बड़कागांव<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–52 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिना कान में छेद। | कंडिका–2(ix) |
| 61. | 1. आवेदन क्र0–1058/22<br>2. आवेदक–फुलचन्द बेदिया , पिता–स्व0 शिवनाथ बेदिया<br>3. ग्राम–गरसुल्ला , पोस्ट–गोसाईबलिया , थाना–उरीमारी , प्रखण्ड–बड़कागांव<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–49 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें हाथ में गोटी का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 62. | 1. आवेदन क्र0–908/23<br>2. आवेदक–कमला देवी , पति–मोतीलाल मंझू<br>3. ग्राम–चानो , पोस्ट–गोसाईबलिया , थाना–उरीमारी , प्रखण्ड–बड़कागांव<br>4. लिंग–महिला , आयु–50 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 63. | 1. आवेदन क्र0–1055/22<br>2. आवेदक–प्रभु महतो , पिता–स्व0 चैता महतो<br>3. ग्राम–चानो , पोस्ट–गोसाईबलिया , थाना–उरीमारी , प्रखण्ड–बड़कागांव<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–65 वर्ष, पहचान चिन्ह–गर्दन में तिल। | कंडिका–2(ix) |
| 64. | 1. आवेदन क्र0–1062/22<br>2. आवेदक–बासुदेव महतो , पिता–स्व0 झरी महतो<br>3. ग्राम–चानो , पोस्ट–गोसाईबलिया , थाना–उरीमारी , प्रखण्ड–बड़कागांव<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–57 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिने आँख के नीचे कटा का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 65. | 1. आवेदन क्र0–1064/22<br>2. आवेदक–हरिनाथ महतो , पिता–स्व0 भिखन महतो<br>3. ग्राम–चानो , पोस्ट–गोसाईबलिया , थाना–उरीमारी , प्रखण्ड–बड़कागांव<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–65 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिना आँख के नीचे का तिल। | कंडिका–2(ix) |
| 66. | 1. आवेदन क्र0–1060/22<br>2. आवेदक–उदयनाथ महतो , पिता–हरी महतो<br>3. ग्राम–चानो , पोस्ट–गोसाईबलिया , थाना–उरीमारी , प्रखण्ड–बड़कागांव<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–50 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिना पैर में जला दाग। | कंडिका–2(ix) |
| 67. | 1. आवेदन क्र0–1061/22<br>2. आवेदक–नागो महतो , पिता–स्व0 लालधारी महतो<br>3. ग्राम–चानो , पोस्ट–गोसाईबलिया , थाना–उरीमारी , प्रखण्ड–बड़कागांव<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–57 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायां हाथ में जला का दाग। | कंडिका–2(ix) |
| 68. | 1. आवेदन क्र0–1065/22<br>2. आवेदक–पारसनाथ महतो , पिता–स्व0 अघनु महतो<br>3. ग्राम–चानो , पोस्ट–गोसाईबलिया , थाना–उरीमारी , प्रखण्ड–बड़कागांव<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–48 वर्ष, पहचान चिन्ह–दायें पैर में कटा का दाग। | कंडिका–2(ix) |
| 69. | 1. आवेदन क्र0–1063/22<br>2. आवेदक–नागेश्वर महतो , पिता–मेघनाथ महतो<br>3. ग्राम–चानो , पोस्ट–गोसाईबलिया , थाना–उरीमारी , प्रखण्ड–बड़कागांव<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–42 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिने गाल में कट का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 70. | 1. आवेदन क्र0–1067/22<br>2. आवेदक–प्रेमनाथ महतो , पिता–झरी महतो<br>3. ग्राम–चानो , पोस्ट–गोसाईबलिया , थाना–उरीमारी , प्रखण्ड–बड़कागांव<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–55 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 71. | 1. आवेदन क्र0–909/23<br>2. आवेदक–प्रेमचन्द महतो , पिता–झरी महतो<br>3. ग्राम–चानो , पोस्ट–गोसाईबलिया , थाना–उरीमारी , प्रखण्ड–बड़कागांव<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–41 वर्ष, पहचान चिन्ह–चेहरा में दाग। | कंडिका–2(ix) |
| 72. | 1. आवेदन क्र0–1073/22<br>2. आवेदक–गणेश मुर्मू , पिता–स्व0 बरयात मांझी<br>3. ग्राम–जरजरा , पोस्ट–गोसाईबलिया , थाना–उरीमारी , प्रखण्ड–बड़कागांव<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–49 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिने जांघ में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 73. | 1. आवेदन क्र0–1066/22<br>2. आवेदक–धुजा बेदिया , पिता–स्व0 भुखल बेदिया<br>3. ग्राम–जरजरा , पोस्ट–गोसाईबलिया , थाना–उरीमारी , प्रखण्ड–बड़कागांव<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–61 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिना गर्दन में कटा का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 74. | 1. आवेदन क्र0–1051/22<br>2. आवेदक–ओम प्रकाश नायक , पिता–भुनेश्वर नायक<br>3. ग्राम–गोसाईबलिया , पोस्ट–गोसाईबलिया , थाना–उरीमारी , प्रखण्ड–बड़कागांव<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–53 वर्ष, पहचान चिन्ह–भौंह मे कटा का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 75. | 1. आवेदन क्र0–1079/22<br>2. आवेदक–फिरोज अंसारी , पिता–स्व0 ताजमुल हुसैन<br>3. ग्राम–उरीमारी , पोस्ट–गोसाईबलिया , थाना–उरीमारी , प्रखण्ड–बड़कागांव<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–46 वर्ष, पहचान चिन्ह–नाक के उपर तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 76. | 1. आवेदन क्र0–1054/22<br>2. आवेदक–चोहन करमाली , पिता–स्व0 रामलाल करमाली<br>3. ग्राम–गोनदलपुरा , पोस्ट–बादम , थाना–उरीमारी , प्रखण्ड–बड़कागांव<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–59 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 77. | 1. आवेदन क्र0–1071/22<br>2. आवेदक–बिमल गंझू , पिता–स्व0 मथुरा गंझू<br>3. ग्राम–दोनो रेशाम , पोस्ट–बनहा नवादा , थाना–मुफफसिल , प्रखण्ड–सदर<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–52 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें बांह में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 78. | 1. आवेदन क्र0–891/23<br>2. आवेदक–गोविन्द मांझी , पिता–जिलान मांझी<br>3. ग्राम–पलानी , पोस्ट–पतरातू , थाना–पतरातू , प्रखण्ड–पतरातू<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–48 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिना पैर मे कटा निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 79. | 1. आवेदन क्र0–892/23<br>2. आवेदक–सोनवा मांझी , पिता–लालो मांझी<br>3. ग्राम–हुरूमगढ़ा , पोस्ट–देवरिया , थाना–भुरकुण्डा , प्रखण्ड–पतरातू<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–48 वर्ष, पहचान चिन्ह–गला में कटा निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 80. | 1. आवेदन क्र0–893/23<br>2. आवेदक–छक्कन लाल सिंह , पिता–स्व0 तीरथनाथ सिंह<br>3. ग्राम–किरीगढ़ा , पोस्ट–टेरपा पतरातू , थाना–पतरातू , प्रखण्ड–पतरातू<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–78 वर्ष, पहचान चिन्ह–गाल में दाहिना तरफ तिल का दाग। | कंडिका–2(ix) |
| 81. | 1. आवेदन क्र0–894/23<br>2. आवेदक–बसंत सिंह , पिता–स्व0 बुधु सिंह<br>3. ग्राम–किरीगढ़ा , पोस्ट–टेरपा पतरातू , थाना–पतरातू , प्रखण्ड–पतरातू<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–76 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिना हाथ के अंगुली में कटा का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 82. | 1. आवेदन क्र0–895/23<br>2. आवेदक–गणेश मांझी , पिता–बोधन मांझी<br>3. ग्राम–नावाडीह , पोस्ट–बरगाँव चैनपुर , थाना–माण्डू , प्रखण्ड–माण्डू<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–60 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायां हाथ में तिल। | कंडिका–2(ix) |
| 83. | 1. आवेदन क्र0–896/23<br>2. आवेदक–जयप्रकाश बास्के , पिता–स्व0 लटू मांझी<br>3. ग्राम–दुदमटिया , पोस्ट–तोपा , थाना–माण्डू , प्रखण्ड–माण्डू<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–43 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 84. | 1. आवेदन क्र0–910/23<br>2. आवेदक–लखन बेदिया , पिता–स्व0 बासुदेव बेदिया<br>3. ग्राम–गरसुल्ला , पोस्ट–गोसाईबलिया , थाना–उरीमारी , प्रखण्ड–बड़कागांव<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–53 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 85. | 1. आवेदन क्र0–911/23<br>2. आवेदक–नन्दु मांझी , पिता–स्व0 तालेश्वर मांझी<br>3. ग्राम–बघरैया, गरसुल्ला , पोस्ट–गोसाईबलिया , थाना–उरीमारी , प्रखण्ड–बड़कागांव<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–44 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |

नोट :–
1. यह सूची पूर्णरूपेण औपबंधिक है।
2. इस सूची में किसी प्रकार की त्रुटि पाये जाने पर दस (10) दिनों के अन्दरआयुोग को आपत्ति कर सकते हैं। आश्रित होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र तथा आश्रित संबंधी प्रतिवेदन संलग्न करना आवश्यक है।

(भुवनेश्वर महतो) सदस्य — (नरसिंह मुर्मू) सदस्य — (दुर्गा उरॉव) अध्यक्ष

PR 315658 (Home) 23-24 (D)

न्यूज रील्स

## संबलपुर में फ्लावर शो और शरद उत्सव का आयोजन



**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** पूर्व तट रेलवे, संबलपुर मंडल 13 और 14 जनवरी-2024 को रेलवे स्टेडियम, रेल नगर, संबलपुर में एक फ्लावर शो और शरद उत्सव का आयोजन करने जा रहा है। उद्घाटन समारोह शनिवार को सुबह 11 बजे आयोजित किया जायेगा। फ्लावर शो आम जनता के लिए रात 10.00 बजे तक खुला रहेगा। दोनों दिन शाम 6 बजे से रात 9 बजे के बीच सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जायेंगे। फ्लावर शो के दौरान फूड स्टॉल और गेमिंग जोन उपलब्ध रहेंगे। फ्लावर शो में विभिन्न प्रकार के फूलों और पौधों का प्रदर्शन किया जायेगा। प्रदर्शनी के दौरान, विभिन्न रेलवे विभागों, नर्सरियों और अन्य संगठनों के प्रतिभागी अपने फूलों के संग्रह का प्रदर्शन करेंगे। फूल प्रेमियों और आम जनता से अनुरोध है कि वे प्रदर्शनी को देखें और आनंद लें।

# आइआइटी भुवनेश्वर में कर्मचारियों के लिए कार्यस्थल पर संचार व्यवहार का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** प्रभावी और कुशल संचार के माध्यम से स्टाफ सदस्यों के बीच स्पष्टता, पारदर्शिता और दक्षता लाने के उद्देश्य से, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आइआइटी) भुवनेश्वर ने कार्यस्थल पर संचार व्यवहार विषय पर दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया। यह संवेदीकरण और व्यावहारिक प्रशिक्षण के माध्यम से कर्मचारियों के बीच संचार के स्तर को बढ़ाने के लिए संस्थान द्वारा डिजाइन की गयी पहली कार्यशाला थी। कार्यशाला का पहला चरण 8 और 10 जनवरी 2024 को संस्थान के सहायक कर्मचारियों को प्रत्येक दिन दो समूहों में विभाजित कर आयोजित किया गया। दोनों समूहों के उद्घाटन सत्रों में प्रो श्रीपद कर्मलकर, निदेशक, आइआइटी भुवनेश्वर ने भाग लिया। अपने संबोधन में, उन्होंने समझाया कि संचार में प्रभावशीलता और दक्षता कैसे गलतफहमी को रोकती है और कार्यस्थल में सुखद वातावरण सुनिश्चित करती है।






उन्होंने उदाहरणों के साथ खुलापन, समयबद्धता, सटीकता, शरीर की भाषा के महत्व और संचार में प्रभावशीलता प्राप्त करने में हम कैसे बोलते हैं। उन्होंने प्रतिभागियों से अपने कार्यस्थल के वातावरण को बढ़ाने के लिए कार्यशाला से सक्रिय इनपुट लेने का आग्रह किया। इस अवसर पर कुलसचिव, आइआइटी भुवनेश्वर, बामादेव आचार्य ने भी कर्मचारियों को संबोधित किया और कार्यस्थल पर संचार में सुधार के महत्व को रेखांकित किया। डॉ पुण्य पांडा, प्रभारी प्रोफेसर (संचार) ने कार्यशाला की संपूर्ण समन्वयन किया। कार्यशाला के पहले दिन आयोजित सत्रों में प्रो राजेश रोशन दाश, संकायाध्यक्ष (छात्र मामले) द्वारा कार्य के दौरान सकारात्मक दृष्टिकोण, प्रो चंद्रशेखर नारायण भेंडे, संकायाध्यक्ष (पोस्ट ग्रेजुएट एंड रिसर्च प्रोग्रांस) द्वारा छात्रों और अन्य हितधारकों के साथ संव्यवहार, डॉ पुण्यश्री पांडा, प्रभारी प्रोफेसर (संचार) द्वारा श्रवण-वाणी- पठन-लेखन (एलएसआरडब्ल्यू) डॉ अक्षय कुमार रथ, एसोसिएट प्रोफेसर, मानविकी, सामाजिक विज्ञान और प्रबंधन विद्यापीठ द्वारा कार्यालय उद्देश्यों के लिए लेखन जैसे सत्र शामिल थे। इस कार्यशाला में 120 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया।

# अयोध्या से प्राण प्रतिष्ठा को लेकर आया पूजित अक्षत को घर-घर पहुंचाया गया

आजाद सिपाही संवाददाता

**राजधनवार।** धनवार प्रखंड के बोदगो पंचायत में बुधवार को आगामी में 22 जनवरी को आयोजित श्री राम भगवान का प्राण प्रतिष्ठा को लेकर अयोध्या से आया पूजित अक्षत को घर-घर पहुंचाया गया। कार्यक्रम के पूर्व पंचायत क्षेत्र के बोदगो, बेको, बेनुशारण, जेहनाडीह, घोसकेडीह, अकागोरी आदि विभिन गांवो से दर्जनों कि संख्या में लोग जयश्री राम घोष का जयकारा लगाते हुए जेहनाडीह बजरंग बली मंदिर पहुंचे, जहा अयोध्या से आयी पूजित अक्षत को पंडितों से पूरे विधि विधान से पूजा अर्चना की गयी। जिसके बाद सेकड़ो की संख्या में महिलाओं ने माथे पर कलश ओर पूजित अक्षत को गाजे बाजे के साथ झूमते, नाचते व जय श्री राम का नारा लगाते हुए सोभा यात्रा निकाली गयी। उक्त पूजित अक्षत को पंचायत के प्रत्येक गांवो के सभी घरों में पहुंचाया गया। इस कार्यक्रम में भाजपा के वरिष्ट नेता सह पूर्व आइजी लक्ष्मण सिंह ने भाग लिया।



कार्यक्रम का संचालन बोदगो के पूर्व मुखिया पंकज सिंह ने किया। आये हुए अथितियों को भगवा गमछा व माला पहनाकर स्वागत किया गया। सोभा यात्रा के दौरान अयोध्या में भव्य निर्मित राम मंदिर का फोटो महिलाओं के बीच वितरण किया गया। इस बाबत श्री सिंह ने कहा कि श्री राम भगवान का प्राण प्रतिष्ठा आगामी 22 जनवरी को अयोध्या में होनी है इसी के तहत बोदगो पंचायत के विभिन गांवो में सभी सनातनी हिंदू घरों में भव्य शोभा यात्रा के साथ पूजित अक्षत का वितरण किया जा रहा है तथा प्राण प्रतिष्ठा के दिन अपने-अपने घरों में दीपक जलाकर भगवान श्री राम का आराधना करते हुए खुशियां मानानी है। शोभा यात्रा को सफल बनाने में उदय सिंह राजेन्द्र यादव, छत्रधारी वर्मा अरुण स्वर्णकार, संतु साव, महेश साव, प्रवीण यादव, सोनू राणा, दुखी राणा, अर्जुन सिंह, दिलीप राणा, विजय यादव, त्रिवेणी साव, अजय मोदी, त्रिवेणी यादव, विनोद राणा,अमर यादव, कैलाश राणा, राजेंद्र राय, राजेंद्र साव, दिनेश पासवान, ललन साव, अजीत शर्मा आदि लोगो का सराहनीय योगदान रहा। वही चट्टी स्थित विद्या विस्तार गायत्री चेतना केंद्र में निकाली गयी सोभा यात्रा में भाग लिये।

# बालिका सशक्तिकरण मिशन कार्यशाला

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** तालचेर थर्मल बालिका सशक्तिकरण मिशन शीतकालीन कार्यशाला 2023-24 के माध्यम से लड़कियों को सशक्त बनाता है। तालचेर थर्मल ने 4 से 6 जनवरी, 2024 तक तीन दिवसीय बालिका सशक्तिकरण मिशन-शीतकालीन कार्यशाला का सफलतापूर्वक आयोजन किया। इस पहल में 4 पंचायतों, संथपड़ा, गुरुजागांली, जगन्नाथपुर और बंतुल के 8 गांवों की 40 लड़कियों की उत्साही भागीदारी देखी गयी। शीतकालीन कार्यशाला का उद्देश्य विभिन्न प्रकार की कक्षाओं के माध्यम से समग्र विकास और सशक्तिकरण के लिए एक मंच प्रदान करना है। कार्यक्रम के दौरान शामिल किए गये विषयों में शिक्षा और व्यक्तिगत विकास के विभिन्न पहलू शामिल थे, जो तालचेर थर्मल की सर्वांगीण व्यक्तियों के पोषण की प्रतिबद्धता को मजबूत करते हैं। तालचेर थर्मल के



कार्यकारी निदेशक गौतम देब की गरिमामयी उपस्थिति में आयोजित उद्घाटन समारोह में लड़कियों को सशक्त बनाने और उनके विकास को बढ़ावा देने में शिक्षा और विविध पहलों की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया गया। गौतम देब ने टिप्पणी की, बालिका सशक्तिकरण मिशन-शीतकालीन कार्यशाला उन समुदायों में युवा लड़कियों के समर्थन और उत्थान के प्रति हमारे समर्पण को रेखांकित करती है जिनकी हम सेवा करते हैं। शिक्षा सशक्तिकरण के लिए एक शक्तिशाली उपकरण है, और इस तरह की पहल के माध्यम से, हमारा लक्ष्य इन युवा व्यक्तियों के जीवन पर सकारात्मक प्रभाव पैदा करना है।

इस कार्यक्रम ने न केवल एक शैक्षिक मंच प्रदान किया बल्कि प्रतिभागियों के बीच समुदाय की भावना को बढ़ावा देते हुए सामाजिक संपर्क के लिए एक मंच के रूप में भी काम किया। जैसे ही शीतकालीन कार्यशाला समाप्त होती है, तालचेर थर्मल सतत विकास और सामुदायिक कल्याण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि करते हुए युवाओं को सशक्त बनाने और शिक्षित करने के अपने प्रयासों को जारी रखने के लिए तत्पर है।

# महिला माओवादी ने किया आत्मसमर्पण

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** हार्डकोर महिला माओवादी ने मालकानगिरी एसपी के सामने आत्मसमर्पण किया। छतिशगड़ के सुकुमा जिले की उंगी माड़वी उर्फ रोसनी माओवादियों की कांगेरघाटी एरिया कमेटी की सदस्य थी। कटेकल्याण थाने के पिताड़ावा गांव की रहने वाली रोसनी 2016 में माओवादी संगठन में शामिल हुई थी। हाल ही में उनका तबादला दरभा डिवीजन में किया गया था। मालकानगिरी जिले के



महूपदर इलाके में घूमते समय मालकानगिरी पुलिस के संपर्क में आये। पहले छत्तीसगड़ सरकार ने रोसनी के ऊपर 8 लाख रुपये का इनाम घोषित किया था और अब ओड़िशा सरकार ने 1 लाख रुपये का इनाम घोषित किया है। मालकानगिरी एसपी ने कहा कि मालकानगिरी एसपी के समक्ष आत्मसमर्पण करने के बाद उन्हें सरकारी नियमों के अनुसार थइथान किया जायेगा।

## दिल्ली पुलिस की परेड में सिर्फ महिलाएं दिखेंगी

**नयी दिल्ली।** दिल्ली में गणतंत्र दिवस पर होने वाले कार्यक्रम में दिल्ली पुलिस की ओर से परेड में सिर्फ महिला पुलिसकर्मी शामिल होंगी। मार्चिंग दस्ते में कुल 194 महिला हेड कांस्टेबल और महिला कांस्टेबल हिस्सा लेंगी। इनका नेतृत्व आपीएस अधिकारी श्वेता के सुगथन करेंगी।

# कोरापुट-सिंगापुर रोड: दोहरीकरण परियोजना चालू

- कोरापुट-रायगड़ा दोहरीकरण रेल लाइन परियोजना के लिए योजनाबद्ध कुल 164.5 किमी से कोरापुट और बैगुडा के बीच 33.5 किमी लंबाई दोहरीकरण कार्य पूरा हो चुका है।
- रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कोरापुट-रायगड़ा रेल लाइन दोहरीकरण परियोजना को जल्द पूरा करना सुनिश्चित करने को प्राथमिकता दी है।




आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** कोरापुट-सिंगापुर रोड (रायगड़ा) दोहरीकरण रेल लाइन परियोजना के दामनजोड़ी और बैगुड़ा दोहरीकरण कार्य के बीच 14.60 किलोमीटर की नयी बिछाई गयी दोहरीकरण ब्रॉड गेज रेल लाइन पूरी हो गयी है और चालू हो गयी है। रेलवे सुरक्षा आयुक्त (सीआरएस) ने 7 जनवरी 2024 को इस नयी बिछाई गयी रेल लाइन का निरीक्षण किया और खंड को चालू करने के लिए अपनी मंजूरी दे दी। परियोजना का पूरा रेल खंड अब ट्रेन यातायात के लिए उपयोग किया जाता है। रेलवे सुरक्षा आयुक्त (सीआरएस) ने 7 जनवरी, 2024 को नयी बिछाई गयी दोहरीकरण रेल लाइन का निरीक्षण किया और चल रहे 164 किमी लंबे कोरापुट-सिंगापुर रोड (रायगड़ा) दोहरीकरण परियोजना के 14.60 किमी खंड को चालू करने की मंजूरी दी। रेलवे ट्रैक, सिग्नलिंग सिस्टम और पुलों की सुरक्षा का आकलन किया गया है और प्रत्येक सुरक्षा क्षेत्र में संचालन के लिए उपयुक्त घोषित किया गया है। निरीक्षण के दौरान पूर्व तट रेलवे के वरिष्ठ रेलवे अधिकारियों की एक टीम ने सीआरएस की सहायता की। कुल मिलाकर, 164.5 किलोमीटर में से 33.50 किलोमीटर रेल लाइन का काम शुरू हो चुका है। पिछले वित्तीय वर्ष में कोरापुट से दामनजोड़ी तक 18.9 किलोमीटर दोहरीकरण का काम शुरू किया गया था। आगे की योजनाओं में चालू वर्ष में लक्ष्मीपुर से टिकिरी तक 21.75 किलोमीटर के दोहरीकरण को चालू करना शामिल है। भालूमुस्का से टिकिरी के बीच 45.86 किलोमीटर के दोहरीकरण कार्य के लिए कदम उठाए जा रहे हैं, जो पहाड़ी और जंगली इलाकों में स्थित है। परियोजना के विभिन्न हिस्सों में अन्य दोहरीकरण कार्य भी प्रगति पर हैं। सुदूर और पहाड़ी इलाकों में चुनौतियों का सामना करने के बावजूद, रेलवे परियोजना को शीघ्र पूरा करने के लिए युद्ध स्तर पर लाइन का निर्माण करने के लिए प्रतिबद्ध है। पूर्व तट रेलवे क्षेत्र में रेलवे बुनियादी ढांचे के विकास के लिए प्रतिबद्ध है और कोरापुट-सिंगापुर रोड (रायगड़ा) रेल लाइन दोहरीकरण परियोजना को समय पर पूरा करने के लिए चुनौतियों को दूर करने के प्रयास किए जा रहे हैं। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ओड़िशा में परियोजना की प्रगति की सक्रिय रूप से निगरानी कर रहे हैं। मंत्रालय ने कोरापुट-रायगड़ा रेल लाइन दोहरीकरण परियोजना को जल्द पूरा करना सुनिश्चित करने को प्राथमिकता दी है। चल रही परियोजनाओं की स्थिति की समीक्षा करते हुए, पूर्व तट रेलवे के महाप्रबंधक मनोज शर्मा ने संबंधित अधिकारियों को काम में तेजी लाने और रेलवे बोर्ड द्वारा निर्धारित समय सीमा के भीतर शेष हिस्से को पूरा करने का निर्देश दिया।


FREE FRANCHISE
Just call us : 9835502908
Alpha Institute of Computer Education
Franchise Benefit
- All Computer courses
- Vocational courses
- Authorization Letter
- Authorization Certificate
- Web Login ID & Password
- Study Material Support
- Branded Name
- PDF Certificate in 24 Hrs
- Hard Copy Certificate & Mark sheet
- Students Placement Support
- Marketing Support
- Online & Offline Certificate Verification
- Yearly Career Guidance - Seminar in your city
- Paper and Media Support

Registered Office : 262, Delta Bhawan,Adarsh Nagar, Khorha Toli,Kokar, Ranchi (Jharkhand) Mob : 9835502908
Cooperate Office : Kokar Chowk, Kokar, Ranchi (Jharkhand). Mob : 9631103045
Cooperate Office : Noorsarai, Near Police Station Nalanda, Bihar Mob : 7488289546
E-mail : alphaeducational.center@gmail.com, Web site : www.alphaec08.com

VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची
Verma's® Today®
श्रृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar– II | ₹ 120 | English Grammar– II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान!

आरोग्यं आयुर्वेद
वैद्य वी के पांडेय
आयुर्वेदाचार्य
क्या आप भी लंबे समय से परेशान हैं
गठिया, माइग्रेन, गुप्त और यौन रोग, एलर्जी, दमा, थाइराइड, बी.पी., शुगर अन्य सभी बिमारी का आयुर्वेद से सफल इलाज
समय : सुबहः 07.00–10.00 से दोपहरः 03.00–8.00
फोन नं. 898660318/7352520011
कृप्या फोन से अपना अपावइंटमेंट ले लें।
पताः- टाइगर हिल, मोराबादी, रांची, झारखंड।

बोरिंग के लिए संपर्क करे
जल ही जीवन
993106883
9113754813
रांची के अंदर कहीं भी अच्छे रेट में
Contact for : Deep Boring, 405" 6" 8" Dia All Motor & Pump Fitting, Building Material

Mob : 9973853279, 9031249105
कृष्णा ज्वेलर्स
समस्या है तो ! समाधान भी है !
आचार्य प्रणव मिश्रा
प्रसिद्ध ज्योतिष रत्न गोल्डमेडलिस्ट, M.M (ज्योर्तिविज्ञान) टॉपर 2012 एवं (P.h.D) रांची, वि. वि. रांची
गांधी चौक, सोनार गली, बीण वस्त्रालय के सामने अपर बाजार, रांची

रत्न विक्रेता
जय माता दी
रत्न विक्रेता
ज्योतिष ग्रहरत्न केन्द्र
ज्योतिष शास्त्र • वास्तु शास्त्र • हस्त शास्त्र • अंक शास्त्र
पंडित शशि कांत मिश्रा
पता - लाईन टैंक रोड, गोपाल गंज गली, ऑपोजिट-भुतपूर्व वारगेन बाजार, रांची
फोन :- 9334718296, 9835195382, 9431792761

PERFECT AQUA
सेल सर्विस एंड स्पेयर पार्ट्स
रिटेल एंड होलसेल
COMMERCIAL RO
IRON REMOVER
RO PLANT
CALL NOW
9431701163, 8340320390
PERFECT SERVICE
H.B Road, Kokar, Ranchi, Jh.
perfectaqua345@gmail.com
पानी चेक की सुविधा उपलब्ध फ्री



आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**